राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार , 26 मार्च 2025

वर्ष 06, अंक 176, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

कुख्यात ऑटो-लिफ्टिंग गिरोह का भंडाफोड़ किया...12

पीड़ित परिवार से मिले बीकेटी विधायक की आर्थिक सहायता ...03

# जस्टिस वर्मा के इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए वकील



जेपी सिंह।

**ब्यूरो प्रयागराज।** सरकारी आवास से बेहिसाब नकदी मिलने के बाद जांच का सामना कर रहे दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को लेकर विवाद बढ़ गया है. यशवंत वर्मा से न्यायिक कार्य वापस लेने के साथ ही साथ उनको इलाहाबाद हाईकोर्ट (मूल न्यायालय) फिर से वापस भेजने का आदेश दिया गया है.इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम के इस फैसले के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर दी है. इसके तहत मंगलवार से हाईकोर्ट के वकील अनिश्चिकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। बार एसोसिएशन ने सोमवार को बुलाई गई आपातकालीन आम सभा में यह 11 बिंदुओं पर प्रस्ताव पास किया था. इसमें जस्टिस यशवंत वर्मा पर महाभियोग चलाए जाने, सीबीआई व ईडी जैसी जांच एजेंसियों से एफआईआर दर्ज कर जांच कराने जैसी मांगें शामिल हैं। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने सोमवार को जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट वापस भेजने के अपने निर्णय की पोस्ट की। शाम को सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किए गए प्रस्ताव में जस्टिस वर्मा को वापस भेजने को लेकर के केंद्र सरकार से की गई सिफारिश सार्वजनिक कर दी गई.प्रस्ताव में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने 20 मार्च 2024 को आयोजित बैठक में दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट में वापस भेजने की सिफारिश की है। इसमें सबसे जस्टिस यशवंत वर्मा पर महाभियोग चलाए जाने, उनके खिलाफ लगे आरोपों की ईडी-सीबीआई द्वारा एफआई आर दर्ज कर जांच कराने की मांग शामिल थी। शाम को जैसे ही सुप्रीम कोर्ट कोजेजियम ने फिर से दिल्ली उच्च न्यायालय के जज यशवंत वर्मा का तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट करने की सिफारिश की बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने अपने आवास पर ही मीटिंग बुला ली.इस मीटिंग के बाद जस्टिस यशवंत वर्मा के इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजे जाने के खिलाफ अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर दी. इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के आह्वान पर अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत हैं। हाईकोर्ट बार के पदाधिकारियों का कहना है कि जस्टिस वर्मा को वह यहां कतई कार्यभार नहीं ग्रहण करने देंगे. अध्यक्ष अनिल तिवारी का कहना है कि इस मुद्दे को लेकर आर-पार की लड़ाई का ऐलान करेंगे. पूर्ण रूप से हड़ताल पर रहने के अलावा सड़कों पर भी आंदोलन करेंगे.

**हाईकोर्ट बार ने आम सभा में पास किए 11 प्रस्ताव**

बार एसोसिएशन जस्टिस यशवंत वर्मा के इलाहाबाद हाईकोर्ट या इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच या किसी अन्य हाईकोर्ट में ट्रांसफर का विरोध करता है। मुख्य न्यायाधीश को सीबीआई, ईडी व अन्य जांच एजेंसियों द्वारा एफआईआर दर्ज करने और केस की निष्पक्ष जांच की तुरंत अनुमति देनी चाहिए। जांच एजेंसियों को न्यायाधीश यशवंत वर्मा को यदि आवश्यक हो तो मुख्य न्यायाधीश की पूर्व अनुमति से उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया जाना चाहिए. मुख्य न्यायाधीश को तुरंत सरकार से न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने की सिफारिश करनी चाहिए. भारत के राष्ट्रपति और सरकार को महाभियोग की कार्यवाही में नागरिक समाज के सदस्यों को शामिल करके प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए तुरंत उपयुक्त कदम उठाने चाहिए. कॉलेजियम के माध्यम से न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए. न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय और दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान दिए गए सभी निर्णयों की समीक्षा की जानी चाहिए, ताकि न्यायिक प्रणाली में ÷सार्वजनिक विश्वास÷ को पुनः प्राप्त करने के लिए बड़े पैमाने पर लोगों का विश्वास जगाया जा सके. इलाहाबाद उच्च न्यायालय में रिक्त पदों को यथाशीघ्र भरा जाए, क्योंकि हम न्यायाधीशों की कमी से जूझ रहे हैं और इस कारण से न्याय में देरी हो रही है तथा जनता का विश्वास प्रभावित हो रहा है. बार एसोसिएशन ने कहा कि अंकल जज सिंड्रोम के खिलाफ एक प्रस्ताव होना चाहिए और सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम से अनुरोध है कि वह इस संबंध में तत्काल सुधार करे. महासभा में यह भी संकल्प लिया गया कि इस प्रस्ताव की एक प्रति सरकार के साथ-साथ देश के सभी बार एसोसिएशनों को भेजी जाए, ताकि पूरे देश को भारत के लोगों की दुर्दशा के बारे में पता चले. बार एसोसिएशन ने सभी विधिक समुदाय से अनुरोध किया है कि न्यायिक प्रणाली में पारदर्शिता के लिए आवाज उठाएं, ताकि संविधान के मूल ढांचे अर्थात न्यायपालिका की शक्ति मानव जीवन के सभी पहलुओं पर लागू हो तथा न्यायिक प्रणाली में भ्रष्टाचार समाप्त हो. बार एसोसिएशन को हमारे उद्देश्य के समर्थन में बड़ी संख्या में ईमेल और व्हाट्सएप संदेश प्राप्त हुए हैं. यहां यह उल्लेख करना भी महत्वपूर्ण है कि ये ईमेल और संदेश केवल वकीलों से ही नहीं, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गो से हैं, जिससे एसोसिएशन में यह विश्वास और भी बढ़ गया है कि हम सही उद्देश्य के लिए काम कर रहे हैं. इस प्रस्ताव को उन सभी तक पहुंचाया जाना चाहिए, ताकि वे हमारे आंदोलन में शामिल हो सकें।

**वाराणसी के वकील भी विरोध में उतरे**

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर अकूत संपत्ति मिलने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है. आग बुझाने के बाद फायर फाइटिंग टीम को भारी मात्रा में जले हुए नकदी रुपए मिले थे. इसके बाद उनका ट्रांसफर यूपी के इलाहाबाद हाईकोर्ट में कर दिया गया. जिसको लेकर अधिवक्ताओं में काफी रोष देखने को मिल रहा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं के विरोध के बाद मंगलवार को वाराणसी के अधिवक्ताओं ने झाडू लगाकर न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के विरोध सफाई अभियान चलाकर प्रदर्शन किया. वाराणसी के अधिवक्ताओं का कहना है कि न्यायपालिका में गरीब एवं पीड़ित लोग इंसाफ पाने के लिए गुहार लगाते हैं. जबकि, यहां पर्याप्त भ्रष्टाचार व्याप्त है। जस्टिस वर्मा के खिलाफ झाडू लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया है।

# महाकुंभ भगदड़ पर अजय राय बोले- अब तक मृतकों और लापता लोगों की सूची क्यों नहीं दे पायी सरकार

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने महाकुंभ के दौरान हुई भगदड़ में मारे गए लोगों की सूची नहीं जारी करने को लेकर योगी सरकार पर राजनीतिक हमला बोला है. उन्होंने कहा कि महाकुंभ में हुए भगदड़ को करीब 2 महीने का समय बीत चुका है, पर सरकार अभी तक उस घटना में मारे गए मृतकों की सूची तक नहीं बन पाई है. यहां तक की महाकुंभ में लापता हुए लोगों की भी सूची अभी तक सरकार नहीं जारी कर पाई है. उन्होंने भगदड़ में मारे गए लोगों को मुआवजा देने में हो रही देरी को लेकर भी सरकार को घेरा है. उन्होंने कहा कि क्या सरकार किसी ने घोटाले का इंतजार कर रही है. इसके बाद मृतकों को मुआवजा दिया जाए. वह मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर महाकुंभ से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे पर प्रेस से बातचीत कर रहे थे। मृतकों का आंकड़ा छिपाने के लिए सरकार उन्हें जबरदस्ती चुप कर रही है ॰ अजय राय ने कहा कि बदहाली और अव्यवस्था का शिकार हुए कुंभ में मौनी अमावस्या के दिन हुई भगदड़ से सैकड़ों लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. एवं हजारों लोग लापता हो गये. सरकार ने यह स्वीकार करने में पूरे 24 घंटे लगा दिये कि वहां पर कोई मौत भी हुई थी. सोशल मीडिया पर सामने आयी तस्वीरों और वीडियो के कारण एवं कांग्रेस पार्टी द्वारा इस मुद्दे को गंभीरता से उठाये जाने के कारण सरकार को मजबूरन 30 लोगों की मृत्यु स्वीकार करनी पड़ी। अजय राय ने कहा कि जबकि सच यह था कि मृतकों की संख्या उससे कहीं ज्यादा थी। अपने झूठ को छिपाने के लिए सरकार नियम विरुद्ध रास्ते अपनाकर मृतकों के आश्रितों को चुप कराने की कोशिश कर रही है. मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये बगैर पुलिस द्वारा नकद पैसा भिजवा कर अपनी करतूत पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है.

अजय राय ने कहा कि झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के मुसाबनी के सुंदर नगर के रहने वाले शिवराज गुप्ता की भी मृत्यु प्रयागराज कुंभ में मौनी अमावस्या के दिन हुई थी. उनका नाम मृतकों की सूची में नहीं था और ना ही प्रदेश सरकार ने उनका मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया है. उत्तर प्रदेश पुलिस उनके आश्रितों को 5 लाख रुपये का नकद मुआवजा देने उनके आवास पर पहुंची.इसके अलावा जब इनके पुत्र शिवम ने 5 लाख रुपये लेने से इन्कार कर दिया और कहा कि मुआवजा तो 25 लाख रुपये घोषित था और नकदी में बिना कागजी प्रक्रिया पूरी किये यह मुआवजा क्यों दिया जा रहा है? जबकि झारखण्ड के स्थानीय अधिकारियों द्वारा ऐसी किसी भी कार्यवाही से अनभिज्ञता जताई है। अजय राय ने बताया कि ऐसा जानकारी में आया है कि बंगाल के दो परिवारों को 5- 5 लाख रुपये नकद दिये गये हैं. वहां भी स्थानीय अधिकारियों द्वारा इस संबंध में अनभिज्ञता जताई गई है. उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अपनाई गई इस प्रक्रिया से संदेह पैदा होता है और कई गंभीर सवाल उठते हैं. उन्होंने कहा कि यह कार्यवाही छिपा कर क्यों की जा रही है? घटना को लगभग 2 महीने के करीब बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक न मृतकों की सही सूची और न ही लापता लोगों की सूची प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई है। बिना दूसरे राज्य की सरकार को विश्वास में लिए पुलिस द्वारा नकद पैसा भेज कर क्या छिपाने की कोशिश कर रही है योगी सरकार? नकद में कम मुआवजा देकर क्या कोई नया घोटाला कर रही प्रदेश सरकार? और सभी नियम कानून ताक पर रखकर एक गैंग बनाकर काम कर रही है योगी सरकार. अजय राय ने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार अब कम से कम अब उन मृतकों की सूची ही जारी कर दे, जिनके परिजनों को वह नकद पैसा भिजवा रही है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### हण्डिया पुलिस द्वारा 05 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

**प्रयागराज** अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना हण्डिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0-155/2025 धारा-191(2)115(2)352/119/308(6)3



33/324(4)भा0न्या0सं0 से संबंधित 05 वांछित अभियुक्त/अभियुक्ता 1. सुकूरु पुत्र स्वजगाराम उर्फ टिरु 2. रामचन्द्र पुत्र स्व0 जगाराम टिरु 3. राकेश कुमार पुत्र स्व0 बुदुल प्रसाद 4. उर्मिला देवी पत्नी सुकुरू 5. नेहा पुत्री सुकुरु निवासीगण ग्राम पूरेमथुरादास थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-25.03.2025 को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पूरेमथुरादास के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी

### खरगूपुर थाना क्षेत्र का युवक हुआ भारतीय सेना में चयनित क्षेत्र में खुशी का माहौल लोगों ने दी बधाई

**गोंडा।** गरीब परिवार से निकलकर देश के सुरक्षा के लिए पहली बार में चयनित होने से क्षेत्र में खुशी। विकासखंड रुपईडीह के ग्राम पंचायत तेंदुआ चौखड़िया के निवासी राहुल पुत्र रामसखर के भारतीय सेना में चयनित होने पर क्षेत्र में खुशी की माहौल है राहुल बचपन से ही बहुत होनहार कुशल वक्त एवं क्षेत्र में होने वाले आयोजनों में अग्रणी भूमिका निभाने के साथ बहुत ही होनहार थे राहुल ने कहा कि भारतीय सेवा में चयनित होने से गर्भ महसूस कर रहा हूं। जिसका पूरा श्रेय माता-पिता बड़े भैय्या राधेश्याम एवं गुरुजनों का रहा प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर तथा उच्च शिक्षा कस्बा के श्री गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कालेज खरगूपुर से ग्रहन किया। भारतीय सेवा में चयन होने से क्षेत्र के पूर्व प्रधान श्रीकांत तिवारी अमरनाथ तिवारी, प्रधान दिनेश कुमार , पूर्व जिला पंचायत गुदगुद मिश्रा,विक्कू मिश्रा आदि लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।



# खुल्दाबाद लूकरगंज हिम्मतगज आदर्श व्यापार मंडल द्वारा लूकरगंज में होली मिलन समारोह एवं शपथग्रहण समारोह का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



ब्यूरो प्रयागराज। खुल्दाबाद लूकरगंज हिम्मतगज आदर्श व्यापार मंडल सम्बन्ध उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार के तत्वावधान में आज अंबर गेस्ट हाउस लूकरगंज में आयोजित होली मिलन समारोह एवं शपथग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी,एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता का व्यापारियों ने स्वागत एवं अभिनन्दन किया । उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी ने व्यापारियों को होली की शुभकामनाएं एवं बधाई दिया और व्यापारियों को बताया की उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंह ने व्यापारियों के लिए मुद्रा लोन की योजना की शुरुवात किया है इसके पर्यटन विभाग में भी व्यापारियों की कई योजनाएं की घोषणा किया गया है व्यापारी इसका सीधा लाभ लेकर अपने व्यापार और आगे बड़ा सकते जिसकी जानकारी व्यापारी आनलाइन आवेदन कर सकते हैं कोई दिकत होने पर मुझे भी बता सकते हैं मैं उसका पूरा सहयोग करूंगा। कार्यक्रम में 31 व्यापारियों ने अपने पद की शपथ लिया और व्यापारियों की सेवा करने की भी शपथ लिया खुल्दाबाद, लूकरगंज, हिम्मतगज आदर्श व्यापार मंडल का अध्यक्ष अमन केसरवानी, वरिष्ठ महामंत्री डाक्टर रोबिन साहू, महामंत्री विष्णु केसरवानी, कोषाध्यक्ष सुनील केसरवानी, युवा व्यापार मंडल महानगर अभिषेक ओझा, जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह, जिला संगठन मंत्री नितिन चौरसिया की घोषणा किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष नीरज जायसवाल ने किया और मंडल प्रभारी जिलाध्यक्ष प्रयागराज व्यापारी रमेश केसरवानी ने सभी पघाकरियो को सदस्यता दिला कर शपथ दिलाई महिला अध्यक्ष स्वाति निरखी ने नगर निगम उपाध्यक्ष सुनीता दरबारी जी का और महिला आयोग सदस्य गीता विश्वकर्मा जी का स्वागत एवं अभिनंदन किया कार्यक्रम मैं पार्षद पंकज जयसवाल ने रवि केसरवानी और सभी व्यापारी भाइयों का होली की बधाई दी सभी व्यापारी बंधुओ ने मिलकर होली खेली और सभी को होली की बधाई दी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षद नगर निगम उपाध्यक्ष सुनीता दरबारी, गीता विश्वकर्मा सदस्य राज्य महिला आयोग,रवि केसरवानी,पंकज जायसवाल, प्रबुद्ध मानस, देवेन्द्र सिंह, कैनहया लाल राहचादनी,पवन श्रीवास्तव,ने अपने विचार रखे और होली की बधाई दिया

# फूलपुर तहसील अधिवक्ता संघ के निर्वाचित पदाधिकारी ने ली शपथ

**समारोह में भारी संख्या में अधिवक्ता रहे मौजूद**



स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** काफी रस्साकशी और गम गामी के बच फूलपुर तहसील अधिवक्ता संघ का चनाव होने के बाद आज नई कार्यकारिणी ने एक समारोह में पद और कर्तव्य का शपथ लिया। शपथ समारोह में नव निर्वाचित अध्यक्ष धर्मराज यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष हृदय नारायण सिंह महामंत्री इंजीत मौर्य कनिष्ठ उपाध्यक्ष कमल कुमार पटेल राधारमण यादव मो शारिब तथा महेश सोनकर कोषाध्यक्ष तीर्थ राज यादव संयुक्त मंत्री वीरेंद्र प्रताप यादव विनोद कुमार यदव संदीपकुमार श्रीवास्तव तथा बृजेश कुमार कनौजिया ने शपथ ली। शपथ लेने के बाद अध्यक्ष धर्मराज यादव ने कहा यह चुनाव जनमत का चुनाव था इसीलिए सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए है।मै जनमत के विरुद्ध एक भी ऐसा कोई कार्य करूंगा जिसमें वकीलों का सम्मान गिरे।साथ ही जो न्याय के लिए जनता आती है उसके साथ भी न्याय जल्द हो पूरा प्रयास का करूंगा।

**खबर का असर** ..... राजस्व लेखपाल और कानूनगो के साथ सांठगांठ कर भूमाफियाओं ने सरकारी बंजर भूमि पर पुनः बना दिया था रास्ता

# बीकेटी तहसील के भौली गांव में गरजा बाबा का बुलडोजर खाली कराई करोंड़ों रुपए की सरकारी बंजर भूमि

............ दैनिक समाचार पत्र स्वतंत्र प्रभात की खबर का हुआ बड़ा असर ।
........... बीकेटी तहसील क्षेत्र के गांव भौली में भूमाफियाओं ने सरकारी बंजर भूमि पर किया था अवैध कब्जा ।
............ बीकेटी तहसील के गांव भौली में इससे पहले भी बुलडोजर के तहत हुई थी कार्यवाही ।




स्वतंत्र प्रभात

विनीत कुमार मिश्रा

**लखनऊ।** मंगलवार को राजधानी लखनऊ की बीकेटी तहसील क्षेत्र के गांव भौली में भूमाफियाओं द्वारा कब्जायी गई सरकारी बंजर भूमि पर जमकर बुलडोजर चलाया गया । बीकेटी राजस्व की टीम ने दोपहर बाद भौली गांव पहुंचकर भूमाफियाओं व प्रापर्टी डीलरों द्वारा कब्जायी गई बंजर भूमि गाटा संख्या - 1850, 51, 52 और 1854 (स) की भूमि पर बनाए गए चक मार्ग को बुलडोजर कार्यवाही कर जमींदोज कर दिया । ज्ञात हो कि नव भारतीय किसान यूनियन संगठन (आ0) के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्मल शुक्ला ने भौली गांव की सरकारी भूमि दबंग भूमाफियाओं से मुक्त कराने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था , जिसको 24 मार्च को दैनिक समाचार पत्र ने अपने समाचार पत्र बीकेटी तहसील में भूमाफियाओं का शिकंजा शीर्षक के तहत प्रमुखता से प्रकाशित किया था । जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी ने उक्त मामले पर प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए बीकेटी तहसील को मामले पर कार्रवाई के निर्देश जारी किए थे, जिसके तहत भूमाफियाओं द्वारा कब्जायी गई सरकारी बंजर भूमि को मंगलवार को भौली गांव पहुंची राजस्व की टीम ने जमींदोज कर दिया ।

### बिना बिजली व पानी से जूझ रहा सन्तकृपाल नगर आश्रम, सेवादार परेशान

संडीला (हरदोई) संत कृपाल आश्रम से जुड़ा मुद्दा संपत्ति विवादों से जुड़ी महत्वपूर्ण समस्याओं को उजागर करता है, जो वर्तमान में आश्रम के निवासियों और कर्मचारियों के दैनिक जीवन को सीधे प्रभावित कर रहा है।लम्बे समय से संबंधित दोनों पक्षों के बीच कोर्ट में लंबित विवादों के कारण पेयजल और बिजली सहित बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी हो गई है। लगभग चार महीनों से, बिलों का भुगतान न किए जाने के कारण बिजली और पानी के कनेक्शन दोनों ही कट गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप आश्रम के कर्मचारियों, भक्तों और आसपास के समुदाय के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियाँ पैदा हो गई हैं।आध्यात्मिक और धर्मार्थ गतिविधियों के लिए जाना जाने वाला संत कृपाल आश्रम, इस क्षेत्र में कई लोगों के लिए समर्थन का स्तंभ रहा है। बिजली और पानी जैसी आवश्यक सेवाओं की कमी न केवल आश्रम के दैनिक कार्यों में बाधा डालती है, बल्कि वहाँ रहने वालों के लिए स्वास्थ्य जोखिम भी पैदा करती है। यह स्थिति संपत्ति विवादों के व्यापक निहितार्थों को रेखांकित करती है, जहाँ समुदाय की आवश्यक ज़रूरतें कानूनी लड़ाई और स्वामित्व के दावों के पीछे रह जाती हैं।

# संक्षिप्त ख़बरें

## मण्डलायुक्त कार्यालय पर होने वाला धरना स्थगित। जिला पंचायत सदस्य गिलम चौधरी



**बस्ती।** बस्ती जिला पंचायत सदस्यों ने मंगलवार 25 मार्च से मण्डलायुक्त कार्यालय के समक्ष आयोजित होने वाले अनिश्चित कालीन धरने को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है। यह जानकारी देते हुये जिला पंचायत सदस्य प्रमोद कुमार 'गिल्लम चौधरी' ने बताया कि 25 मार्च से समूचे प्रदेश में सेवा, सुरक्षा और सुशासन दिवस मनाया जा रहा है, ईद और नवरात्रि का पर्व है। इस सम्बन्ध में मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने भी पत्र जारी कर कहा है कि प्रकरण का शीघ ही नियमानुसार निस्तारण करा दिया जायेगा। उन्होने भी अनशन को स्थगित करने का आग्रह पत्र द्वारा किया है। जिला पंचायत सदस्य प्रमोद कुमार 'गिल्लम चौधरी' ने बताया कि इस सम्बन्ध में जिला पंचायत सदस्यों से वार्ता के बाद निर्णय लिया गया है कि मण्डलायुक्त के पत्र और सेवा, सुरक्षा और सुशासन दिवस और पर्व, त्यौहार को देखते हुये अनशन स्थगित कर दिया गया है। यदि इसके बाद जिला पंचायत बोर्ड की कार्यवाही को शून्य कर पुनः बोर्ड की बैठक बुलाये जाने का निर्णय न लिया गया तो जिला पंचायत सदस्य मांगों के समर्थन में पुनः अनशन को बाध्य होंगे।

## रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा- डा. वी.के. वर्मा



**बस्ती।** बस्ती जिले में प्लास्टिक काम्पलेक्स के निकट बटेला चौराहे पर स्थित आयुष हास्पिटल पर अभय शक्ति चैरीटेबुल ट्रस्ट अध्यक्ष अभय पाण्डेय के संयोजन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 22 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुष चिकित्साधिकारी डा. वी. के. वर्मा ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। इसके द्वारा हम किसी मरीज को जीवन दान देने का माध्यम बनते हैं। इससे शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं होता। एक स्वस्थ व्यक्ति वर्ष में तीन से चार बार रक्तदान कर सकता है।ट्रस्ट अध्यक्ष अभय पाण्डेय ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा निरन्तर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इसमें लोग स्वेच्छा से मानवता की सेवा की दृष्टि से पुण्य के भागी बनते हैं।बस्ती चेरीटेबल ब्लड बैंक के विजय कुमार सिंह, मुकेश गौतम, विजय कुमार शुक्ल, मुकेश कुमार ने रक्तदान प्रक्रिया में सहयोग किया। रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से सिद्धू सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, अमित निराला, नौशाद, रमेश, ज्ञान प्रकाश, शिमला, विपुल, अनूप, विक्की आदि शामिल रहे।

## दृष्टि बाधित छात्रों को मिला टेबलेट, पाकर चेहरे खिले



**कोन/ सोनभद्र** - उत्तर प्रदेश में योगी सरकार द्वारा वितरण किये जा रहे टेबलेट की योजनाओ में मंगलवार को विकास भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं दिव्यांग छात्रों को टेबलेट वितरण किया गया। जिसमें कमलेश कुमार एवं छात्र चंदन कुमार अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिबाधित क्रिकेट खिलाड़ी एवं छात्र काशी हिंदू विश्विद्यालय के नेतृत्व में दिव्यांगजन शक्तिकरण विभाग सोनभद्र दिव्यांगजन अधिकारी विद्या देवी के सौजन्य से 10 दृष्टिबाधित छात्रों को टेबलेट वितरण किया गया है। जिस क्रम में कोन क्षेत्र के दो दिव्यांग छात्र कमलेश कमार एवं सुनील कुमार को टेबलेट दिया गया। वही पर चंदन कुमार और कमलेश कुमार ने दिव्यांगजन अधिकारी से दिव्यांगों के लिए क्रिकेट किट आने जाने के लिए किराया खेल संबंधित सभी व्यवस्थाओं के ऊपर मांग रखा। जिसके क्रम में उन्होंने आश्वासन दिया कि हम इसे अवश्य पूरा करने का जल्द से जल्द प्रयास करेंगे।

## बछड़ों के साथ गो-तस्कर गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद की खामपार पुलिस ने 2 गो वंशीय पशुओं के साथ गो-तस्कर को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर खामपार पुलिस ने भिंगारी बाजार पश्चिम टोला काली माता मन्दिर के पास से 2 राशि गो वंशीय पशु के साथ अभियुक्त नसरूद्दीन पुत्र सदीक मिया सिसई टोला बैंकुण्ठपुर थाना भोरे जिला गोपालगंज (बिहार) को गिरफ्तार किया और उसके विरुद्ध मु0अ0सं0 63/2025 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

# नाबालिक लड़की की फर्जी आशा बहू नियुक्ति पर पूर्व सीएचसी अधीक्षक के खिलाफ शिकायत

● तुलसीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पूर्व अधीक्षक पर गंभीर आरोप, नाबालिक लड़की को आशा बहू के रूप में फर्जी नियुक्ति देने का मामला सामने आया

स्वतंत्र प्रभात

तुलसीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पूर्व अधीक्षक सुमंत सिंह चौहान पर गंभीर आरोप लगे हैं। उन पर एक नाबालिक लड़की, शालिनी मिश्रा, को आशा बहू के पद पर फर्जी तरीके से नियुक्त करने का आरोप है। यह नियुक्ति वर्ष 2019-20 के दौरान की गई थी और इस मामले में प्रशासनिक प्रक्रिया के उल्लंघन का आरोप लगाया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने गोरखपुर के अपर पुलिस महानिदेशक को ई-मेल के जरिए शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद तुलसीपुर पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

**शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी उठाया मुद्दा-** शिकायतकर्ता ने इस मामले की गंभीरता को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है। उसने आरोप लगाया है कि सुमंत सिंह चौहान ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए एक नाबालिक लड़की को बिना किसी सही प्रक्रिया के आशा बहू के पद पर नियुक्त किया। शिकायतकर्ता का कहना है कि यह पूरी नियुक्ति नियमों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन है, जिससे स्वास्थ्य विभाग की छवि पर गहरा आंच आ रही है।

**तुलसीपुर थाने में मामले की जांच जारी**

तुलसीपुर थाने में इस मामले की जांच चल रही हैं। शिकायतकर्ता ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है, जिसे त्वरित और सख्त कार्रवाई के साथ हल किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सुमन सिंह चौहान का यह कृत्य न केवल नाबालिक लड़की के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि यह समाज के लिए भी एक खतरनाक उदाहरण प्रस्तुत करता है।

**पूर्व सीएचसी अधीक्षक पर पहले भी दर्ज हैं दो मुकदमे-** पूर्व सीएचसी अधीक्षक सुमंत सिंह चौहान पर पहले से ही तुलसीपुर थाने में दो आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इन मुकदमों में उनकी आपराधिक गतिविधियों और प्रशासनिक लापरवाही को लेकर आरोप लगाए गए हैं। यह नया मामला सुमंत सिंह चौहान के खिलाफ कई गंभीर आरोपों को और बढ़ा देता है और उनके कार्यकाल के दौरान हुई गलतियों का पर्दाफाश करता है।

**नाबालिक लड़की की नियुक्ति का मामला सरकार की ओर से सख्त कदम की मांग करता है**

शालिनी मिश्रा की फर्जी नियुक्ति का मामला न केवल स्वास्थ्य विभाग के अंदर भ्रष्टाचार और नियमों की अवहेलना को उजागर करता है, बल्कि यह एक सशक्त संदेश भी भेजता है कि नाबालिकों के साथ इस तरह की गतिविधियाँ कभी भी स्वीकार्य नहीं हो सकतीं। यह घटना यह भी दिखाती है कि प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही की कितनी आवश्यकता है।

**स्वास्थ्य विभाग की छवि पर गहरा आघात, विभागीय कार्रवाई की उम्मीद-** सुमंत सिंह चौहान के खिलाफ इस मामले के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की छवि पर गहरा आघात लगा है। हालांकि, शिकायतकर्ता को उम्मीद है कि सरकार और विभाग इस मामले में सख्त कार्रवाई करेंगे। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से भी इस मामले में तत्काल ध्यान देने की अपील की है।

**जांच में देरी से आरोपों में हो सकती है और बढ़ोतरी-** इस मामले की जांच में देरी होने पर आरोपों में और भी वृद्धि हो सकती है, क्योंकि सुमंत सिंह चौहान के खिलाफ पहले से ही कई गंभीर आरोप हैं। अगर विभाग और पुलिस मामले की जांच सही तरीके से और समय पर नहीं करते हैं, तो यह भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही को और बढ़ावा दे सकता है।

**मुख्यमंत्री से जल्द कार्रवाई की उम्मीद-** शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल के जरिए अपनी शिकायत दर्ज कराई है और अब वह मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई की उम्मीद कर रहा है। उसने कहा कि यदि इस मामले में सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो यह स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देगा और आम जनता का विश्वास सरकार और प्रशासन पर कमजोर होगा।

**संभावित कानूनी परिणाम और सख्त दंड की आवश्यकता-** इस मामले में यदि आरोप




साबित होते हैं तो सुमंत सिंह चौहान के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। न केवल उन्हें उनके पद से हटाना होगा, बल्कि उन्हें कठोर दंड भी मिल सकता है। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए नये दिशा-निर्देशों की आवश्यकता भी महसूस की जा रही है।

**समाप्ति-** तुलसीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुए इस घोटाले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सिस्टम में गड़बड़ी और प्रशासनिक लापरवाही के कारण समाज के सबसे कमजोर वर्गों का शोषण हो सकता है। अब यह सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह इस मामले में पूरी सख्ती से कार्रवाई करे और भविष्य में ऐसे मामलों को रोकने के लिए प्रभावी उपाय लागू करे।

**वर्तमान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक ने बताया-** वर्तमान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक तुलसीपुर डॉक्टर विकल्प मिश्रा ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है संबंधित को नोटिस दी गई है जवाब मिलते ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# भ्रष्टाचार की खबर लिखने पर पत्रकार को भाजपा नेता ने दी धमकी, आडियो सोशल मीडिया पर वायरल

● पत्रकार पर लगातार भ्रष्टाचार की खबर न प्रकाशित करने का भाजपा नेता द्वारा बनाया जा रहा दबाव

स्वतंत्र पत्रकारिता में बाधक बनते जा रहे अपराधी प्रवृत्ति के नेताभाजपा सरकार में स्वतंत्र पत्रकारिता करना बन रहा जान को खतरा




स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश में हो रहे भ्रष्टाचार को पत्रकारों के द्वारा खबरें प्रकाशित किए जाने को लेकर प्रदेश में कहीं न कहीं किसी पत्रकार को गोली मार दी जा रही है या तो कहीं न कहीं किसी पत्रकार के ऊपर जानलेवा हमले किया जा रहे हैं भ्रष्टाचार की खबरें प्रकाशित न हो तो पत्रकारों को भी अब फोन पर धमकियां दी जा रही है ।ताजा मामला उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले गौर विकासखंड से जुड़ा है जहां हिंदी दैनिक आज का आतंक समाचार पत्र के संवाददाता विनोद कुमार जायसवाल को भारतीय जनता पार्टी के नेता विशाल सिंह पुत्र विजय सिंह गांव कटास थाना गौर के द्वारा फोन के माध्यम से गौर ब्लाक के ग्राम पंचायत मुड़सरा में हो रहे भ्रष्टाचार को खबर न प्रकाशित करने को लेकर पहले तो दबाव बनाया जा रहा है पत्रकार के द्वारा भ्रष्टाचार की खबर प्रकाशित करने से न मानने पर पत्रकार को धमकी दी जा रही है फोन पर कहा जा रहा है कि आप इस खबर पर अगर आप अपनी प्रतिष्ठा लगाएंगे अच्छा नहीं होगा । अगर मैं प्रतिष्ठा लगा दूंगा तो आपको बहुत महंगा पड़ जाएगा । बात करें विशाल सिंह की तो विशाल सिंह के ऊपर गौर थाने में कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं और वह गौर थाने का एक छोड़ा हुआ अपराधी है । अब बड़ा सवाल यह है कि पत्रकारों पर अगर ऐसे ही भ्रष्टाचार को उजागर और खबर प्रकाशित करने के लिए रोका जाएगा तो सरकार की जो जीरो टॉलरेंस नीति है वह कैसे सफल होगी वही जिस तरीके से उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त अपराध मुक्त का दावा करती है तो गौर ब्लाक में बीजेपी के कार्यकर्ताओं द्वारा एक पत्रकार को धमकी दिया जाना कैसे सरकार का जो दवा है वह सही है । अब देखना है कि पीड़ित पत्रकार को धमकी देने वाले अपराधी भाजपा नेता के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।

# बस्ती जनपद में डा0 सरफराज व डा0 शिबा खान के रसूख के आगे बौने पड़े सीएमओ

● प्राइवेट प्रक्टिस में संलिप्त डा0 दम्पत्य समय से नहीं करते अस्पताल की ओपीड- आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित कर डा0 सरफराज ने खड़ा किया अपना काला साम्राज्य- जनपदीय स्वास्थ्य विभाग के मुखिया डा0 सरफराज के आगे टेक चुके हैं घुटने




स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जनपद के जिला अस्पताल में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डा0 सरफराज व उनकी पत्नी डा0 शिबा खान की नियम विरुद्ध तैनाती व इनके सरकारी नौकरी के साथ प्राइवेट प्रैक्टिस का मामला इन दिनों मीडिया में सुर्खियां बना हुआ है। दाम्पत्य नीति की चादर ओढ़ डाक्टर दाम्पत्य सरकारी सेवा के साथ - साथ निजी अस्पताल संचालित कर शासनादेश को तार- तार कर रहे हैं और जिम्मेदार कार्यवाही करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं ।मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में मामूली सी गल्ती करने वालों पर बुल्डोजर गरज रहा है जबकि जिला अस्पताल में तैनात डा0 सरफराज व उनकी पत्नी शिबा खान सरकारी सेवा के साथ-साथ प्राइवेट अस्पताल चलाकर काली कमाई को अंजाम दे रहें हैं। सूत्रों ने तो यहाँ तक बताया है कि डा0 सरफराज ने अपने निजी अस्पताल तक मरीज पहुंचाने के लिए जिला अस्पताल में अपने चहेते आदमी पाल रखे हैं जो जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को डा0 सरफराज के निजी अस्पताल तक पहुंचाते हैं। सरकारी सेवक रहते हुए निजी अस्पताल चलाना वैसे ही कानूनी रूप से जुर्म है ऊपर से डाक्टर दाम्पत्य की काली कमाई के चलते डाक्टर दाम्पत्य ने अपना काला साम्राज्य स्थापित कर लिया है । डाक्टरों की काली कमाई का डा0 सरफराज नाम केवल एक नमूना नहीं हैं बल्कि जनपद मुख्यालय पर ऐसी काली कमाई करने वालों की संख्या दर्जन पार कर जायेगी जिनकी जाँच व बुल्डोजर की कार्यवाही जनहित में जरूरी हो गयी है । वैसे अभी शासन स्तर से ऐसी सूची तलब की गयी थी जो डाक्टर सरकारी सेवा के साथ ही साथ प्राइवेट प्रैक्टिस में संलिप्त हैं परन्तु जिले के पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा शासन को गुमराह कर वह सूची प्रेषित नहीं की गयी नहीं तो अभी तक भ्रष्टाचार में संलिप्त कई डाक्टर सलाखों के पीछे होते।

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय का किया शैक्षणिक भ्रमण

**चित्रकूट:** गुजरात विद्यापीठ अहमदाबाद के अकादमिक दल व बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के चित्रकूट धाम और झांसी मंडल के एडी (बेसिक) के नेतृत्व में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मंगलवार को भारतरत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण दौरान गुजरात विद्यापीठ के अकादमिक दल व बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय में संचालित गतिविधियों को जाना और समझा। साथ ही ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा से भेंट कर अपने शैक्षणिक भ्रमण के उद्देश्य एवं कार्यक्रम की जानकारी दी। शैक्षणिक भ्रमण में सभी ने ग्रामोदय परिसर स्थित विभिन्न संकायो एवं ग्राम दर्शन प्रकल्प का भ्रमण कर नवाचारी गतिविधियों को रुचि पूर्वक देखा और प्रशंसा की। इस मौके पर योग विभाग से विभाष चंद्र एवं डॉ अशोक दुबे आदि मौजूद रहे।

# सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के नीति पर आठ वर्ष पूर्ण होने के उत्तर प्रदेश विकास के मार्ग पर अग्रसर है मंत्री आशीष पटेल

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के नीति पर आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर यू.पी. भारत का ग्रोथ इंजन की थीम आधारित जनपद मुख्यालय पं. दीनदयाल अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह में 25 मार्च 2025 को त्रिदिवसीय दिव्य व भव्य मेले का शुभारम्भ मा. कैबिनेट मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले/जनपद के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने विधायक हर्रैया अजय सिंह, जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, सहित जनप्रतिनिधियों के साथ किया। जिसमें केन्द्र सरकार के 10 वर्ष तथा प्रदेश सरकार के 08 वर्ष की उपलब्धियों तथा जनहित क्रियान्वित जनकल्याणकारी योजनाओं/परियोजनाओं कार्यो पर आधारित विकास प्रदर्शनी, विकास पुस्तिका का विमोचन, थीम आधारित विचारगोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आठ वर्ष उपलब्धि विशेष एवं महाकुम्भ प्रयागराज 2025 लघु फिल्म का प्रदर्शन, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में लाभार्थियों को आच्छादित किया गया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि यहॉ पर उपस्थित माता, बहनों का ह्दय से धन्यवाद ज्ञापित करता हॅू। उन्होने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष से उत्तर प्रदेश सरकार बच्चियों को स्कूटी देने की योजना लागू करेंगी। उन्होने यह भी कहा कि उद्यमी योजना के अन्तर्गत पात्र व्यक्तियों को 05 लाख रूपये के ऋण बिना ब्याज के दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि पहले लोगों को खेती बेचकर इलाज कराना पड़ता था, आयुष्मान कार्ड योजनान्तर्गत 05 लाख रूपये तक का मुफ्त इलाज दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि सरकार योजनाओं को बनाती है, उसके लिए धन भी भेजती है। अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि लाभपरक योजना का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को अवश्य मिलें।

इस अवसर पर उन्होने इन्वेसमेण्ट यू.पी. के अन्तर्गत मनोज कसौधन को 41 करोड़ का लोन एथेनाल निर्माण के लिए दिया। सीएम युवा उद्यमी अन्तर्गत श्रीमती रीना श्रीवास्तव को 05 लाख का ऋण दिया तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत दो व्यक्तियों को टूलकिट दिया एवं 05 लोगो को टेबलेट वितरण किया गया। ग्राम्य विकास गौवंश संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य में बीडीओ परसरामपुर को प्रशस्ति पत्र दिया गया। 05 व्यक्तियों को ट्राईसाइकिल वितरित किया गया। कस्टम हायरिंग के अन्तर्गत राकेश बहादुर सिंह को टैक्टर की चॉभी दी गयी। इस अवसर पर उन्होने प्रयागराज से आये महाकुम्भ के पावन जल को जनसामान्य में वितरित किया। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में योगी जी की सरकार बनी है, तबसे निरन्तर विकास हो रहा है। होली व जुमा का त्यौहार एक साथ था, दोनों त्यौहारों को अच्छे तरीके से मनाया गया। उन्होने कहा कि सरकार के नेतृत्व में पुलिस भर्ती पारदर्शी तरीके से किया गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत




पात्र लाभार्थियों को लाभ दिया जा रहा, यह एक पूनीत कार्य है। विधायक अजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने सेवा, सुरक्षा व सुशासन पर कार्यक्रम प्रदेश के सभी जनपदों में आयोजित हो रहा है। इस थीम से लोगो में जागरूकता आयेंगी। उ0प्र0 सरकार के नेतृत्व में सरकारी नौकरी लोगो को पारदर्शी तरीके से मिल रही है। गन्ना मूल्य भुगतान भी लोगों का कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास हो रहा है।

जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने उपस्थित लोगों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हम सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण मनोयोग से करना चाहिए। इस अवसर पर मा. मंत्री ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगी प्रदर्शनी का फीता काटकर उदधाटन किया। जिसमें प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के आठ वर्ष पूर्ण पर आधारित सबका साथ, सबका विकास चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।इस अवसर पर उ0प्र0 नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, व्यवसायिक शिक्षा, दुग्ध विकास, मत्स्य, विद्युत, स्वास्थ्य, गन्ना, रेशम, वन, पशुपालन, उद्यान, कृषि, बाल विकास एवं पुष्टाहार, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, ग्राम्य विकास स्वतः रोजगार, जिला प्रोबेशन, समाज कलयाण, पंचायती राज, यातायात पुलिस, पुलिस विभाग, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो.नि., बेसिक शिक्षा, जिला पर्यटन एवं सांस्कृतिक, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, खाद्य एवं रसद, जिला नगरीय विकास अभिकरण विभागों के लगे प्रदर्शनी/स्टाल का मा. मंत्री ने अवलोकन किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनन्नद, मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, पीडी राजेश कुमार, डीडीओ अजीत सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी राजमंगल चौधरी, डीपीआरओ रतन कुमार, उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र, बीएसए अनूप तिवारी, सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेन्द्रनाथ तिवारी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, ब्लाक प्रमुख यशकान्त सिंह, झिनकान चौधरी, राजमणि पटेल, संजय सिंह पगार, रामनयन पटेल सहित विभागीय अधिकारी व जनप्रतिनधिगण उपस्थित रहें।

# कलेक्ट्रेट में स्थापित विभिन्न अनुभागों एवं विभागों का जिलाधिकारी ने किये आकस्मिक निरीक्षण

जिलाधिकारी ने कार्यालय में बेहतर साफ-सफाई बनाये रखने, पत्रावली को सुव्यवस्थित ढंग से रखने हेतु सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** - जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज पूर्वान्ह् में कलेक्ट्रेट में स्थापित विभिन्न अनुभागों एवं विभागों के आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर का जायजा लिया और कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित विभिन्न अनुभागों/विभागों के जिम्मेदारों को बेहतर साफ-सफाई के लिए दायित्वबोध किया। उन्होंने मीटिंग हाल, न्याय सहायक अनुभाग,सामान्य कार्यालय अनुभाग,पासपोर्ट अनुभाग, ई-डिस्ट्रिक्ट गवर्नेन्स कक्ष, राजस्व सहायक अनुभाग कक्ष, ई0आर0के0/आंग्ल अनुभाग कक्ष, स्थानीय निकाय अनुभाग कक्ष, रेकार्ड रूम अनुभाग, मुख्य राजस्व अनुभाग कक्ष, नजारत, कलेक्ट्रेट विद्युत नियन्त्रण कक्ष, ए0आर0ओ0 अनुभाग कक्ष, जिला वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि पत्रावलियों का रख-रखाव बेहतर किया जाये, जिससे जरूरत पड़ने पर पत्रावली आसानी से उपलब्ध हो सके, इसके लिए सभी अनुभागों के प्रभारी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दियें।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यालय के कार्यो को सम्पादन कराने की जिम्मेदारी सम्बन्धित अधिकारियों की है, लिहाजा अधिकारी अपने विभागीय कार्यो के सम्बन्ध में आदेशों एवं निर्देशों का भलि-भांति अध्ययन करने के उपरान्त ही अपने मातहतों को पूरी तरह से समझाकर ही पत्रावली की कार्यवाही सुनिश्चित करायें। अधिकारी अधीनस्थों के सहारे अपने कार्य को न छोड़े अन्यथा किसी भी



स्तर पर कमी के लिए सम्बन्धित अधिकारी ही सीधे जिम्मेदार होगें। कलेक्ट्रेट व कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित सभी कार्यालयाध्यक्ष/अनुभाग अधिकारी अपने कार्यालय कक्ष के साथ ही परिसर की बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित करायें। निरीक्षण के मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, प्रशासनिक अधिकारी रामलाल यादव, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित कार्मिकगण उपस्थित रहे।

# अटल प्रेक्षा गृह में कृषक प्रदर्शनी, बजाज चीनी मिल का स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र


स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले केअटल प्रेक्षा गृह में आज कृषक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें बजाज चीनी मिल, रुधौली (बस्ती) के सीनियर गन्ना अधिकारी बाल सिंधु गगन पांडे द्वारा चीनी मिल का स्टॉल लगाया गया। इस स्टॉल में किसानों को मिल द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी गई। स्टॉल पर जंगली पशुओं से फसल की सुरक्षा के लिए दवाएं, नीलगिरी दवा, कोराजन और गन्ना कटर मशीन प्रदर्शित की गई। बजाज चीनी मिल का स्टॉल पूरे प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र बना रहा। खासतौर पर 19 फुट लंबी गन्ना प्रजाति 15023 ने सभी का ध्यान खींचा। उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय कैबिनेट मंत्री एवं प्रभारी मंत्री आशीष पटेल, जिला अधिकारी रवीश गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, एसडीएम सदर



बस्ती शत्रुघ्न पाठक, अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी तेजपाल चौहान और जिला मुख्य विकास अधिकारी बस्ती, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने चीनी मिल के इस प्रयास की सराहना की और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी में उपस्थित किसान गन्ना प्रजाति 15023 से काफी प्रभावित नजर आए। इस अवसर पर किसानों को चीनी मिल की नई तकनीकों और योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।

# केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ईकाई आरएचटीपीपी रिहन्द में किया गया बड़ा खाना एवं भव्य संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन




स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र** / उत्तर प्रदेश- सोमवार के संध्या में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ईकाई आरएचटीपीपी रिहन्द के ईकाई परिसर के परेड ग्राउंड में बड़ाखाना एवं भव्य संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम ईकाई प्रभारी उप कमांडेंट प्रदीप कुमार एवं संरक्षिका अध्यक्षा संगीता वर्मा के कुशल नेतृत्व में किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी रिहन्द परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव एवं अतिविशिष्ट अतिथि उप महानिरीक्षक पूर्वी श्रेत्र -2 प्रयागराज कौशीक गांगुली रहे।इस कार्यक्रम में अन्य अतिथि महाप्रबंधक औ एण्ड म संजय आसाठी, कमांडेंट ईकाई विन्ध्यनगर पंकज बलियान, कमांडेंट ईकाई शक्तिनगर गोपाल दत्त, कमांडेंट ईकाई एनसीएल,खिल्लारे एस पी, कमांडेंट ईकाई औबरा,एस के सिंह,रहे।इस कार्यक्रम में अन्य केऔसुब के अधिकारी, पुलिस अधिकारी, मिडिया सहकर्मी, मुख्य चिकित्साधिकारी, एनटीपीसी अस्पताल,एवं डाक्टर ,एनटीपीसी अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।इस कार्यक्रम में केऔसुब ईकाई के परिवारीक बल सदस्यों के परिजनों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रोग्राम से वहां से उपस्थित सभी दर्शकों को मोहित कर लिया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत बड़ा खाना का आनंद लिया गया जिसमें अतिथि के साथ ष्टद्धस्स्र परिवार के सदस्यों एवं उनके परिवारजनों का काफी तादाद में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अन्त में ईकाई के सहायक कमांडेंट आलोक चौधरी द्वारा दुर-दराद से आए अतिथि का शुक्रिया धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# वरिष्ठ नागरिक बाबू राम सिंह और सतीश भाटिया ने फीता काटकर और माँ सरस्वती की पूजा करके कार्यालय का शुभारंभ किया

● कार्यक्रम में एसडीएम ओबरा विवेक कुमार सिंह उपस्थित रहे।

**ओबरा (सोनभद्र)।** ओबरा तहसील में चोपन रोड पर कमला पेट्रोल पंप के सामने स्थित प्रेस कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर, वरिष्ठ नागरिक बाबू राम सिंह और सतीश भाटिया ने फीता काटकर और माँ सरस्वती की पूजा करके कार्यालय का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में ओबरा के एसडीएम विवेक सिंह उपस्थित रहे।उद्घाटन समारोह में पत्रकारों ने ÷समकालीन परिवेश में सुरक्षित पत्रकारिता÷ विषय पर चर्चा की और रणनीतियाँ बनाई। इसके अतिरिक्त, समाज में कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत की प्रासंगिकता और स्थायी लोक अदालत के महत्व पर भी चर्चा हुई। संगोष्ठी के दौरान सोनभद्र जिले में व्याप्त बेरोजगारी और जिले में स्थित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कारखानों में स्थानीय युवाओं को रोजगार प्रदान करने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही आम लोगों को उनके कानूनी और मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी देने पर भी जोर दिया गया। यह निर्णय लिया गया कि रोजगार और न्याय से संबंधित मामलों में जहाँ भी कानूनी अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है, खासकर उन स्थानीय लोगों के लिए जो औद्योगिक घरानों के प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं और बेरोजगार हैं, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र और स्थायी लोक अदालत की सहायता लेने के लिए जागरूक किया जाएगा। जिसके क्रम में

पत्रकार रंगेश सिंह और रामप्यारे सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि ओबरा में एक ऐसा स्थान बनाने की आवश्यकता है जहाँ पत्रकार बिना किसी दबाव के अपनी बात रख सकें और जनता तक सही जानकारी पहुँचा सकें। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय न केवल पत्रकारों के लिए बल्कि स्थानीय समुदाय के लिए भी महत्वपूर्ण होगा। यह लोगों को स्थानीय मुद्दों पर जानकारी प्राप्त करने और अपनी आवाज उठाने के लिए एक जगह प्रदान करेगा। इस अवसर पर, कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे पत्रकार अजीत सिंह ने क्षेत्रीय प्रेस कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य जनता की निस्वार्थ सेवा करना है और क्षेत्र में होने वाले भ्रष्टाचारों का पर्दाफाश करके जनता के सामने सच्चाई लाना। पत्रकारिता का उद्देश्य जनता को सही और निष्पक्ष जानकारी प्रदान करना है और वे इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।उन्होंने यह भी कहा



कि यह कार्यालय पत्रकारों के लिए एक मंच प्रदान करेगा जहां वे अपनी बात रख सकते हैं और जनता की आवाज उठा सकते हैं। साथ ही क्षेत्र के सभी पत्रकारों के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि जनता को सही और समय पर जानकारी मिल सके। अजीत सिंह के इस बयान से स्पष्ट है कि वे क्षेत्र में पत्रकारिता को एक नई दिशा देना चाहते हैं। वे जनता की सेवा और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को अपनी प्राथमिकता मानते हैं। उनका यह कदम निश्चित रूप से क्षेत्र के लोगों के लिए लाभकारी होगा और उन्हें सही जानकारी प्राप्त करने में मदद करेगा।इस परिचर्चा में अधिकार मित्र कमाल अहमद, प्रेस कार्यालय के संचालक अजीत सिंह, समाजसेवी रमेश सिंह यादव, रेणुकूट से समाजसेवी विजय प्रताप सिंह उर्फ डब्लू सिंह, शमशाद आलम, रामप्यारे सिंह, अरविंद कुशवाहा, कैलाश बिहारी, हरिओम विश्वकर्मा, सुरेंद्र सिंह, आलोक गुप्ता, राकेश अग्रहरी, रंगेश सिंह, संतोष साहनी, कुंम्धज चौधरी, रामाश्रय बिंद, राजेश तिवारी, भोला दुबे, धर्मेंद्र दुबे, विजय साहनी, अर्जुन मौर्या, विकास कुमार, रोहित द्विवेदी, शोएब खान, दिलीप दत्ता, विनय प्रताप सिंह, अभिषेक शर्मा, मिथिलेश भारद्वाज, बृजेश शर्मा, संजय केशरी, अनिल कुमार अग्रहरी, अनिकेत श्रीवास्तव, सोनू पाठक, विनोद तिवारी, अखिलेश जिज्ञासु, धर्मेंद्र दुबे, विजय कुमार, अनूप जायसवाल, मुस्ताक अहमद, किरण गौड़, शबनम, राजेश गोस्वामी, शशि चौबे आदि पत्रकार और गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### श्रीमद्भागवत कथा में आज पहुँचेगे कमल नयन दास शास्त्री

**मिश्रिख (सीतापुर)।** प्राचीन हनुमान मंदिर किशुनापुर इस्लामनगर में पूज्य महंत श्री परमात्मा दास जी महाराज पावन व्यवस्थापन चल रही श्री मद्भागवत कथा एवं श्री राम



महायज्ञ के पूर्णाहुति के अवसर पर श्री धाम अयोध्या से अनंत श्री विभूषित परम पूज्य सदगुरुदेव भगवान श्री श्री 1008 श्री नृत्य गोपाल दास जी महाराज अध्यक्ष श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या श्री मणिराम दास छावनी अयोध्या के उत्तराधिकारी परम् पूज्य श्री सदगुरुदेव भगवान श्री श्री 1008 श्री कमल नयन दास शास्त्री जी महाराज का शुभ आगमन कल दिनांक 26 मार्च 2025 को होगा।जिसको लेकर के सारी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है।

### 16 शिक्षकों की नौकरी पर लटकी तलवार, खंड शिक्षा अधिकारियों ने दर्ज कराया मुकदमा

**सीतापुर।** जिले में शिक्षकों की नियुक्ति में बड़ा घोटाला सामने आया है जिले में 12,460 शिक्षक भर्ती के तहत नवनियुक्त शिक्षकों के शैक्षिक प्रमाणपत्रों की जांच में 16 शिक्षकों के दस्तावेज फर्जी पाए गए हैं। पिछले साल जिले में 1100 शिक्षकों को सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्ति मिली थी इनमें से अब तक लगभग 500 शिक्षकों के दस्तावेजों का सत्यापन हो चुका है बेसिक शिक्षा अधिकारी के अनुसार, अभी 600 शिक्षकों के दस्तावेजों की जांच रिपोर्ट आनी बाकी है। फर्जी शिक्षकों की संख्या और बढ़ सकती है विश्वविद्यालयों से कराई गई जांच में इन 16 शिक्षकों के टीईटी और डीएलएड प्रमाणपत्र फर्जी निकले हैं पिसावां के खंड शिक्षा अधिकारी ने तीन शिक्षकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है इनमें प्राथमिक स्कूल बांसी के राहुल कुमार, फखरपुर के अकबर शाह और ढकिया कला के जितेंद्र कुमार शामिल हैं बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि सभी 16 शिक्षकों को नोटिस जारी किया गया था लेकिन कोई भी अपना पक्ष रखने नहीं आया अब इन शिक्षकों के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई शुरू की जाएगी मिश्रिख के खंड शिक्षा अधिकारी कपिल देव द्विवेदी ने भी एक शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है अन्य स्थानों पर भी मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं!!

### लहरपुर में वन विभाग का एक्शन बिना परमिट काटे गए दो शीशम के पेड़, ट्रैक्टर ट्राली समेत लकड़ी भी हुई जब्त


सीतापुर लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के गुलरी पुरवा गांव में अवैध पेड़ कटान का मामला सामने आया है मंगलवार को लकड़कट्टों ने



बिना किसी परमिट के दो शीशम के पेड़ों को काट डाला सूचना मिलते ही उप वन क्षेत्राधिकारी हरीश कुमार श्रीवास्तव और वन दरोगा राज कुमार वर्मा मौके पर पहुंचे टीम ने कटी हुई। लकड़ी के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली (पटेला) को जब्त कर लिया क्षेत्र में लकड़कट्टों द्वारा लगातार अवैध कटान की जा रही है इससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है वन विभाग इस पर रोक लगाने में असफल साबित हो रहा है विभाग केवल जुर्माना लगाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेता है इसी कारण लकड़कट्टों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं उप वन क्षेत्राधिकारी हरीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जब्त की गई लकड़ी और ट्रैक्टर-ट्रॉली के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है!!

### कुएं के पास मिला नवजात का शव इलाके में मचा हड़कंप, पुलिस ने शुरू की पूछताछ

सीतापुर जनपद सीतापुर के इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है नौवा महमूदपुर के हाता गांव में एक पूजनीय कुएं के पास नवजात शिशु का शव मिला है। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों को कुएं के पास कुछ संदिग्ध दिखा नजदीक जाकर देखने पर उन्होंने नवजात का



शव पाया खबर फैलते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई ग्राम प्रधान शिवसागर जायसवाल ने तुरंत पुलिस को सूचित किया इमलिया सुल्तानपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना इंस्पेक्टर शैलेन्द्र श्रीवास्तव के अनुसार, पुलिस ने मौके की जांच-पड़ताल की है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की लेकिन अभी तक नवजात की पहचान नहीं हो सकी है मामले की जांच जारी है!!

# पीड़ित परिवार से मिले बीकेटी विधायक की आर्थिक सहायता

**...... थाना सैरपुर के अन्तर्गत अहलादपुर में मामूली कहासुनी में रोक-टोक के कारण महिला को गंवानी पड़ी थी जान।**
**...... योजनाबद्ध तरीके से अपराधियों ने महिला को मारी थी गोली।**

स्वतंत्र प्रभात

**बीकेटी /लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सैरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 22 मार्च को बृजधाम कॉलोनी में एक निजी हॉस्टल के पास रहने वाले लड़के आपस में विवाद कर रहे थे जिसको देख कर ग्राम अहलादपुर की निवासिनी सारिका श्रीवास्तव( उम्र 43 )ने युवकों को लड़ाई करने से मना किया और पुलिस को सूचना देने की बात कही जिसके बाद युवकों ने योजना बद्ध तरीके से महिला को गोली मार दी गई थी जिससे उनकी इलाज



के दौरान मौत हो गई थी। सैरपुर व उत्तरी क्राइम सर्विलांस पुलिस टीम ने घटना में शामिल सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया था। घटना की जानकारी पर पहुंचे बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला व एसडीएम बीकेटी सतीश चंद्र त्रिपाठी ने पीड़ित परिवार से मिल कर शोक व्यक्त किया और सरकार की तरफ से 5 लाख की आर्थिक प्रदान कर परिवार को अस्वस्थ किया कि इस अपराध में सम्मिलित दोषियों को किसी भी स्थिति में बक्सा नहीं जाएगा प्रशासन एवं पुलिस द्वारा कठोरता कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी जिससे पीड़ित जनों को जल्द न्याय मिले।

# जिला पंचायत सदस्य के लापता बेटे का शव गंगा में मिला, हत्या की आशंका

स्वतंत्र प्रभात

**कोराव,प्रयागराज।** चांद मोजरा गांव निवासी जिला पंचायत सदस्य राजेश पटेल के बेटे दिव्यांशु सिंह पटेल का शव गंगा नदी में मिला। वह बीते रविवार से लापता था, जिसके बाद परिवार ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सोमवार को खोजबीन के दौरान उसका शव गंगा जी में मिलने से हड़कंप मच गया।

**परिजनों ने जताई हत्या की आशंका**

परिवार का कहना है कि दिव्यांशु के साथ अनहोनी हुई है और उन्होंने हत्या की आशंका जताई है। खासकर, क्योंकि राजेश पटेल का



बड़ा बेटा भी करीब आठ साल पहले एक दुर्घटना में जान गंवा चुका था। परिजनों को सूचना लगभग सुबह 11 बजे मिली, जिसके बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

**पुलिस जांच में जुटी**

जिला पंचायत सदस्य राजेश पटेल ने मामले की गहन जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और सभी संभावित कोणों से जांच शुरू कर दी है। इस दुखद घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है और जैसे ही मृतक की बॉडी पैतृक निवास पर पहुंची हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ मृतक को देखने के लिए उमड़ पड़ी इस घटना से परिवारजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया हैं और परिजन प्रशासन से जल्द न्याय की मांग कर रहे हैं।

# डंपर ने बाइक सवार को मारी टक्कर तीन युवक की मौत, फैक्ट्री जाते समय हुआ हादसा

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर!** जनपद सीतापुर में सोमवार की देर शाम मजदूरी करने फैक्ट्री जा रहे दो मजदूरों को तेज रफ्तार डंपर ने रौंद दिया इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार दो मजदूर समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को सीएचसी भिजवाया वाहन को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है घटना रामपुर कलां थाना इलाके की है यहां थाना क्षेत्र के मझगवां कलां के पास हुए सड़क हादसे में चीख पुकार मच गई जानकारी के अनुसार ग्राम सतिनपुरवा निवासी मोनू गौतम अपने साथी राजेश और दुर्गेश के साथ एक साथ बाइक पर सवार होकर बिसवा स्थित अल्कोहल फैक्ट्री में काम करने जा रहे थे इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवारों को रौंद दिया।



इस दर्दनाक हादसे में तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को सीएचसी भिजवाया जहां डॉक्टरों ने मोनू और राजेश को मृत घोषित कर दिया जबकि दुर्गेश की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है हादसे की सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे परिजन अपनों के शवों को देखकर बदहवास स्थिति में है पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है!!

# भागवत कथा के आखिरी दिन हजारों श्रोताओं ने भागवत कथा का किया रसपान

स्वतंत्र प्रभात

**रायबरेली।** गुरबक्श गंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा बींझे गांव में सप्तवेदी, गणेश आंबिका, रूद्र हनुमत देव, सहित मोक्षदायिनी श्रीमद् भागवत कथा के हो रहे भव्य आयोजन में आखिरी दिन कथा का श्रवण करने के लिए श्रोतागणों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। आपको बता दें कि, ग्राम सभा बींझे में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन मंगलवार को सिधौना अमांवा से पधारी कथा व्यास संध्या भरद्वाज ने प्रमुख रूप से भगवान श्री कृष्णा और सुदामा की मित्रता व ऊधौ गोपी संवाद कृष्ण रुक्मणी विवाह भगवान का स्वधामगमन परीक्षित मोक्ष जैसी कथाओं का व्याख्यान करते हुए कथा व्यास ने बताया कि, मित्रता कैसी हो यह हमें भगवान श्री कृष्णा तथा सुदामा की मित्रता से सीखना चाहिए, मित्र के प्रति ईमानदारी, त्याग, और सम्मान का भाव ही सच्ची मित्रता कहलाती है। कथा व्यास ने बताया कि, भगवान श्री कृष्ण ने ऊधौ जी को



वृंदावन भेजा परंतु जब वहां पर ऊधो जी पहुंचे तो गोपियों के प्रेम में ऐसा डूबे कि वह भी प्रेम मय हो गए। और वह स्वयं ब्रज से नहीं आना चाहते थे भगवान कृष्ण ने माता रुक्मणी से विवाह किया। प्रभात क्षेत्र में जब कालांतरण में समय बीता भगवान ने पृथ्वी पर खूब शासन किया जब समय आया तो भगवान अपने स्वधाम को चले गए। कथा व्यास द्वारा विभिन्न प्रसंगों को सुनकर पांडाल में उपस्थित समस्त श्रोता भाव विभोर हो गए। विदित हो कि, महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के जिहवा ग्राम सभा के रहने वाले आनंद मिश्रा द्वारा हो रही संकल्पित श्रीमद् भागवत कथा के बारे में उन्होंने बताया कि, उनके द्वारा हर दूसरे महीने अलग-अलग स्थानों पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, यह उनके द्वारा आयोजित चौथी श्रीमद् भागवत कथा है। श्रीमद् भागवत कथा के आयोजक आनंद मिश्रा ने आखिरी दिन मंगलवार को यज्ञशाला पर यजमान के कल्याण के लिए सुंदरकांड का पाठ भी किया। इस मौके पर यज्ञशाला के प्रमुख आचार्य पंडित योगेंद्र त्रिपाठी, परिचायक अमरेश शुक्ला, अरुण कुमार त्रिपाठी, यजमान विश्वनाथ सिंह सपत्नीक सुशीला सिंह, सहित करुणा नाथ सिंह, रणविजय सिंह, पारसनाथ सिंह, योगेंद्र नाथ सिंह, सतीश नाथ सिंह, गजेंद्र नाथ सिंह, त्रिभुवन नाथ सिंह, सुरेंद्र सिंह, नागेंद्र नाथ सिंह, वीरेंद्र नाथ सिंह, विभू सिंह, औतंश नाथ सिंह, दीपांशू सिंह, हिमांशू सिंह, जितेंद्र सिंह, रागेन्द्र सिंह, रामू त्यागी सहित बड़ी तादात में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# 2027 में अहंकारी सरकार को बदलना प्रथम उद्देश्य : विक्रम पांडे

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विक्रम पांडे व शहर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित का मनोनयन होने के बाद प्रथम जिला आगमन पर कांग्रेसियों ने उत्साह के साथ स्वागत किया। हरदोई जिले की सभी सीमाओं पर कांग्रेसियों ने अभिनंदन किया।सर्वप्रथम दोनों नवनियुक्त अध्यक्षों ने अबेडकर पार्क में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए शहर के सुप्रसिद्ध बाबा मंदिर जाकर दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत पुलिस ग्राउंड के समक्ष स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत जिला व शहर अध्यक्ष ने पैदल मार्च करते हुए ढोल नगाड़ों के साथ कांग्रेस कार्यालय तक कूच किया। जहां पहुंचने पर उन दोनों का कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सचिन रावत ,अंशु अवस्थी, पूर्व प्रदेश महासचिव वरिष्ठ नेता प्रमोद सिंह, अभिषेक पटेल,पूर्व जिला अध्यक्ष मिथलेश सिंह चौहान, डॉ राजीव सिंह लोध, अजय सिंह,वरिष्ठ नेता सुनील पांडे, किरण शर्मा,कुलदीप मिश्रा,प्रवीण आदि लोगों ने



स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विक्रम पांडे ने कहा कि कार्यकर्ताओं की हक की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ी जाएगी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस और राष्ट्रीय नेतृत्व ने जिम्मेदारी दी है, उसको निर्वहन करने की पूरी कोशिश करूंगा जो हरदोई जिले में पिछले 30 वर्षो से सूखा पड़ा है उसको तोड़ने का आवश्यक प्रयास किया जाएगा। नवनियुक्त शहर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने संबोधित करते हुए कहा देश में जो अराजकता है उसको दूर करने का कार्य केवल कांग्रेस पार्टी ही कर सकती है। हम सब राहुल गांधी, अजय राय के सिपाही हैं उनके नीतियों को जनता तक पहुंचाना हम सबका कर्तव्य है। पूर्व प्रदेश महासचिव प्रमोद सिंह ने बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत नवनियुक्त सम्मानित चरणों को बहुत-बहुत बधाई। अच्छा लगता है कि जब नई पीढ़ी हमारा उत्तराधिकार बनकर हमारी चीजों को संभालती है। हम सब की ढेर सारी शुभकामनाएं हैं। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव व बिलग्राम-मल्लावां विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी रहे सुभाष पाल ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व का बहुत-बहुत धन्यवाद जो जिम्मेदारी जिले के दो युवाओं को दी गई है हम सभी उम्मीद करते हैं कि आने वाले 2027 से विधान सभा चुनावों में इंडिया गठबन्धन की सरकार को लोग अपना आशीर्वाद जरूर प्रदान करेंगे। उपरोक्त कार्यक्रम को संबोधित करने वाले में मुख्य रूप से पीसीसी सदस्य अमलेंद्र त्रिपाठी , प्रदेश उपाध्यक्ष सोशल आउट रीच आफताब हैदर , प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस अजीत विशाल , अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष तालिब खान ,महिला जिला अध्यक्ष सुनीता देवी , जिला उपाध्यक्ष गुफरान कौशर ,पूर्व महासचिव लक्ष्मी प्रकाश मिश्रा, अनुसूचित जाति विभाग जिला अध्यक्ष विनीत वर्मा , सोशल मीडिया अध्यक्ष महताब अहमद , पूर्व प्रत्याशी , ओमेंद्र वर्मा , पूर्व प्रत्याशी , आकांक्षा रावत सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया।

# युवती ने मारपीट और मोबाइल छीनने का लगाया आरोप

**........... थाना मोहनलालगंज क्षेत्र के गांव टिकरा में एक कम्पनी में कार्यरत युवती ने युवती और युवक पर मारपीट और मोबाइल छीनने का लगाया आरोप**

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक युवती ने मोबाइल फोन छीनने और मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली मोहनलालगंज में शिकायत दर्ज कराते हुए मामले में न्याय की गुहार लगाई है। मोहनलालगंज क्षेत्र के टिकरा गांव में कार्यरत युवती सुषमा पाण्डेय पत्नी हरिशंकर ने बताया कि मैं ÷केयर फोर यू÷ कम्पनी में काम करती हूं वही पर रश्मि मिश्रा ,व दिलीप सिंह नामक युवती और युवक दोनों ने मुझे दिनांक 23 मार्च को मारा पीटा और मेरा मोबाइल ओप्पो ए 7 छीन कर अपनी गाड़ी संख्या UP32 LW 5662 से लेकर रफूचक्कर हो गए। थाना प्रभारी अमर सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर पर विधिक




धाराओं 115(2)/304(2) बीएनएस के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है, जांच में दोषी पाए जाने अभियुक्तों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# सीखो सिखाओ युवा ग्रामीण फ़ेलोशिप का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**मिश्रिख (सीतापुर)।** विकासखण्ड गोंदलामऊ की ओर से सीखो सिखाओ फाउंडेशन के सहयोग से संचालित ग्रामीण युवा फ़ेलोशिप कार्यक्रम के प्रथम दीक्षांत समारोह का आयोजन जवाहरपुर चीनी मिल में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के जिला पंचायत अध्यक्ष मानीया श्रद्धा सागर जी ने सहभागिता की। अध्यक्ष महोदया ने ग्रामीण युवाओं के माध्यम से शैक्षिक बदलावों को दिशा देने के लिए चलायी जा रही इस मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि, जनपद के शैक्षिक विकास को इससे बल मिलेगा। सीतापुर प्रदेश का एक मात्र जिला है जहाँ जिले शैक्षिक सुधार के लिए ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत शिक्षा समिति की नियमित बैठक हो रही है एवं शिक्षा को पंचायत के एजंडा में शामिल किया जा रहा है। समुदाय एवं विद्यालय बच्चों को निपुण लक्ष्यों के सापेक्ष दक्षता विकास के लिए अनुकूल वातावरण देने का भी निरंतर प्रयास कर रहे हैं। इन दोनों ही उद्देश्यों की दिशा में सीखो सिखाओ फाउंडेशन के नियोजित सहयोग और साथ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है




। संरचनात्मक बदलावों के महत्व को रेखांकित कराते हुए अध्यक्ष महोदया ने संस्था के प्रयासों को उपयोगी बताया। फाउंडेशन के समन्वयक श्री मनीष सिंह जी ने बताया कि 2 वर्षीय फ़ेलोशिप कार्यक्रम के दुसरे समूह के रूप आज 11 फ़ेलो स्नातक पूर्ण कर रहे हैं, जिन्होंने 2 वर्ष तक विद्यालय, ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जनपद स्तर पर विभिन्न प्रक्रियाएँ आयोजित की हैं। फ़ेलोशिप के अगले समूह के रूप मे और 17 सदस्यों ने इस यात्रा को आगे बढ़ाने की ज़िम्मेदारी ली है। उन्होंने बताया कि संस्था जनपद सीतापुर के साथ अन्य 12 जनपदों मे सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाते हुए बच्चों की दक्षता आधारित सीख को सुनिश्चित करने का काम कर रही है। कार्यक्रम मे प्रतिनिधि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुश्री प्रियांशी सक्सेना, डालमिया भारत फाउंडेशन के सी.ई.ओ. श्री अशोक गुप्ता, रिटायर्ड आई .ए.यस., जवाहरपुर एवं रामगढ चीनी मिल के यूनिट हेड, स्नातक कर रहे अध्येता, उनके परिजन, नए अध्येता और इण्डिया एजुकेशन कलेक्टिव के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

# यूपी में लोग 6 करोड़ ग़रीबी रेखा से ऊपर उठे , सीतापुर में प्रभारी मंत्री ने बताई सरकार की उपलब्धियां

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को लेकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम यूपी सरकार के 8 साल और केंद्र सरकार के 10 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया गया प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने सरोजनी वाटिका में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया महिलाओं की मदद के लिए वन स्टॉप सेंटर के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया स्टॉल प्रतियोगिता में माध्यमिक शिक्षा विभाग को पहला गन्ना विभाग को दूसरा और आयुष विभाग को तीसरा स्थान मिला विभागों के अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रमाणपत्र,




टूलकिट, चेक, नए राशन कार्ड, ऋण, रोजगार नियुक्ति पत्र और पेंशन का वितरण किया गया। मौके पर आवेदन और समाधान केंद्र भी बनाए गए यहां लोगों ने अपनी समस्याओं का समाधान कराया प्रभारी मंत्री ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश पूरे देश के सामने एक मॉडल राज्य बना है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में व्यापक विकास हुआ है प्रदेश जल्द ही देश में पहले स्थान पर आने की ओर बढ़ रहा है उन्होंने बताया कि पिछले 8 वर्षों में प्रदेश में 6 करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया है!!

# लहरपुर तहसील में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक, 1 से 30 अप्रैल तक चलेगा अभियान

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर!** लहरपुर तहसील सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में आगामी अभियान की रणनीति पर चर्चा की गई अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा। उप जिलाधिकारी ने सभी विभागों को समय पर माइक्रो प्लान तैयार करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से करें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर अरविंद वाजपेई ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी। यूनिसेफ के बीएमसी अखिलेश पांडे ने भी अभियान के बारे में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला बैठक में खंड



विकास अधिकारी बेहटा अरुण कुमार वर्मा, अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध पटेल, तंबौर के अधिशासी अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत जयप्रकाश वर्मा मौजूद रहे इसके अलावा डब्ल्यूएचओ के विजय अवस्थी, हरगांव और तंबौर परसेंडी के बीएमसी, पशुधन प्रसार अधिकारी भारतेंदु वर्मा, कृषि अधिकारी पंकज पटेल तथा शिक्षा और बाल विकास विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे!!

# भारत सरकार नितिन गडकरी को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी सौंपा

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई को स्वर्ण चेतना सभा ने पलिया लखनऊ रास्ट्रीय राजमार्ग पर हरदोई के सण्डीला क्षेत्र के बल्लीपुर टोल प्लाजा पर रोक लगाने की उठाई मांग सवर्ण चेतना सभा एक सामाजिक संगठन है,जो समाज में प्रमुख घटनाओं को समय-समय पर उठा आप वरिष्ठ जनों का ध्यानाकर्षण करती है।सवर्ण चेतना सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0आदर्श दीपक मिश्र एडवोकेट के निर्देश पर जिलाधिकारी हरदोई को ज्ञापन सौपा गया।। आज हरदोई लखनऊ मार्ग संख्या 731 नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधीनस्थ आपके दिशा-निर्देश में निर्माणाधीन ही है जो कि पूर्ण से निर्मित नहीं है नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के कुछ अधिकारियों की हठधर्मिता के कारण लखनऊ मार्ग पर बल्लीपुर पर स्थित नवनिर्मित टोल टैक्स वसूली दिनांक 23/03/2025 दिन सोमवार प्रातः आठ बजे से प्रारंभ कर दी गयी। महोदय स्पष्ट करना चाहूंगा कि जब तक मार्ग पूर्ण रूप से तैयार नहीं हो जाता तब तक टोल टैक्स की वसूली आमजन मानस पर एक अतिरिक्त बोझ है जो कि नियम विरुद्ध भी है जब मार्ग पूर्ण रूप से तैयार हो तब तो टोल टैक्स की वसूली तर्कसंगत भी लगता है, इतना ही नहीं हरदोई के व्यापारी, आमजन वसूली का विरोध कर रहे है। आमजन मानस का प्रतिनिधित्व करते हुए सवर्ण चेतना सभा आप से अनुरोध करती हैं मार्ग निर्माण जब तक पूर्ण नहीं होता तब टोल टैक्स वसूली को स्थागित कराने की कृपा करें।। आपकी कार्यशैली वाकपटुता दक्षता की सराहना भारत ही नहीं वरन् पूरा संसार कर रहा है आप आमजन मानस के नेता हैं आप से सवर्ण चेतना सभा आशा ही नहीं वरन् पूर्ण विश्वास करती है कि आम जन मानस के हित में मार्ग निर्माण तक उक्त टौल टैक्स वसूली को स्थगन आदेश निर्गत कर आमजन को कृतार्थ करने की कृपा करें ।ज्ञापन का नेतृत्व सवर्ण चेतना सभा छात्र संघ के जिलाध्यक्ष आदर्श मिश्र ने किया।ज्ञापन मे प्रमुख रूप से जिला महासचिव विजय पान्डेय, जिला उपाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी,शयाम वीर एडवोकेट, प्रशान्त शुक्ला, सुबोध पान्डेय,अय्यूब, रवि कश्यप, मोहन यादव,मोहित सिंह, राजीव कश्यप, नरेश यादव ,अनूप दीक्षित, राजेश पाल,सहित कई साथी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा 01 अदद देशी तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ 01 जिलाबदर अभियुक्त गिरफ्तार



**शुकुल बाजार अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक गुलाब सिंह थाना बाजार शुक्ल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त तौकीर पुत्र आशिक अली निवासी लालगंज मजरे मकदूमपुर कला थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी को ग्राम बाबा का पुरवा के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## केपीएस मेमोरियल स्कूल मे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**अमेठी।** जिले के केपीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल तारापुर संग्रामपुर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा शामिल हुए। प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके और दीप प्रज्वलित करके किया साथ में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशू शुक्ला शामिल रहे। वही केपीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक व मुख्य आयोजक राघवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रमों आयोजन किया गया।

विद्यालय के प्रिंसिपल बजरंग सिंह ने प्रभारी मंत्री और भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशू शुक्ला को माला पहनाकर उनका स्वागत किया साथ ही प्रभारी मंत्री को स्मृति चिन्ह भी दिया गया। वहीं इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मौके पर वीरेंद्र बहादुर सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला , भाजपा प्रदेश प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ल, निशा सिंह, राणा प्रताप सिंह, वेद प्रकाश द्विवेदी,सहित बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का आज होगा भव्य स्वागत

**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत पट्टी द्वारा बुधवार को प्रातः 10 बजे आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव का पट्टी रायपुर रोड स्थित विवाह मण्डप स्थल पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया गया है। जिसमे प्रदेश के पूर्व कैबनेट मंत्री राजेद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह मुख्य अतिथि के रुप में होगे द्य उक्त कार्यक्रम की जानकारी पट्टी नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने दी तथा संगठन एवं सहयोगियों से अधिक से अधिक संख्या पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने का नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा आग्रह किया गया है।

## व्यक्ति का शव मिलने पर पुलिस अधीक्षक ने किया घटनास्थल का निरीक्षण



**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा थाना जेठवारा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नगरिया कानूपुर के पास एक व्यक्ति का शव मिलने पर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। परिजनों से बातचीत में उन्हें त्वरित व निष्पक्ष न्याय का भरोसा दिया गया तथा टीमें गठित कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। घटना के प्रत्येक पहलुओं की गहनता से जांच कर शीघ्र ही कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## धर्म परिवर्तन करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

**प्रतापगढ़।** लवेदा गांव में रविवार को दोपहर तीन बजे गांव निवासी मोनू कुमार हरिजन के आवास पर ईसाई मिशनरी ने चंगाई सभा का आयोजन किया था। जिसके माध्यम से वहां लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। जिसकी जानकारी होने पर पट्टी थाने की फोर्स मौके पर पहुंची तो वहां हंगामा हो गया। मौके से पुलिस ने राम सकल यादव निवासी बेहटा मोनू कुमार व उसके भाई सोनू निवासी लवेदा को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तीनों आरोपियों को सोमवार की दोपहर पुलिस कागजी कार्रवाई पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस दौरान सोनू की पत्नी अंजू ने बताया कि वह अपने जेठ वा सास से बरसों पूर्व से अपना अलग घर बनाकर रहती है। वह पति के साथ रोजी-रोटी के लिए दूसरे शहर में रहती है। महज कुछ दिन पूर्व भी वह घर आई थी। रविवार को जब बवाल होता देखा तो बाहर निकल आई। वह और उसका पति दूर खड़े थे। इस हंगामा से उनका कोई लेना-देना नहीं था। बावजूद इसके पुलिस उनके पति को भी पकड़ कर थाने उठा लाई। जो भी धर्म परिवर्तन या पूजा पाठ आदि कार्य हो रहा था उनके जेठ मोनू कुमार के घर पर हो रहा था। उनके पति निर्दोष हैं।उन्हें बिना किसी जुर्म के पुलिस मुकदमा दर्ज कर जेल भेज रही है। वहीं पुलिस तीनों आरोपियों को दोषी बताते हुए रविवार की शाम करीब चार बजे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए जिला मुख्यालय ले गई है।

# प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उत्सव का किया गया आयोजन

**● उत्तर प्रदेश- देश का ग्रोथ इंजन थीम पर आधारित रहा त्रिदिवसीय विकास उत्सव**

**स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए जन आरोग्य मेले का प्रभारी मंत्री ने किया उद्घाटन**

स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के ऐतिहासिक 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में तीन दिवसीय विकास उत्सव/मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम उत्तर प्रदेश- देश का ग्रोथ इंजन रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मा. राज्य मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने प्रथम दिवस का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर डीपीआरसी में विभिन्न विभागों यथा कृषि, उद्योग, जल जीवन मिशन, महिला कल्याण विभाग, बाल विकास, खादी ग्रामोद्योग, पुलिस, एनआरएलएम, चिकित्सा, खाद्य सुरक्षा, बेसिक शिक्षा, बैंक, नगर पालिका और विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टालों का जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा जन सामान्य ने अवलोकन किया साथ ही इस उत्सव में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रभाव का अनुभव किया। इसके उपरांत मा. प्रभारी मंत्री जी ने डीपीआरसी परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं विकास उत्सव के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए जन आरोग्य मेले का प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर उद्घाटन किया। तदोपरांत डीपीआरसी के हाल में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने प्रभारी मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को बुके देकर स्वागत किया। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष की उपलब्धियां पर आधारित विकास पुस्तिका तथा वन विभाग की विकास पुस्तिका का विमोचन किया। इस अवसर पर महाकुंभ 2025 तथा उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्षों पर आधारित लघु फिल्म का एलईडी के माध्यम से प्रदर्शन किया गया जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व जन सामान्य ने आत्मसात किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने उपस्थित जन सामान्य को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के 8 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां को गिनाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब चारों तरफ विकास हो रहा है पूरे प्रदेश में कानून का राज स्थापित है जिसके कारण उत्तर प्रदेश में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं देश के सर्वाधिक निवेशक उत्तर प्रदेश आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 15 करोड़ निर्धन परिवारों को प्रतिमाह निशुल्क राशन वितरित किया जा रहा है, 1.86 करोड़ से अधिक परिवारों को निशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया है, 2.86 करोड़ से अधिक किसानों को किसान सम्मन निधि का लाभ दिया जा रहा है, 9 करोड़ लाभार्थियों को 5 लाख तक का चिकित्सा सुरक्षा कवच प्रदान किया गया है, 56.50 लाख से अधिक परिवारों को निशुल्क आवास की सुविधा दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है चाहे किसी सेक्टर हो, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट हो, विद्युत उत्पादन हो, निवेश और रोजगार के सेक्टर में, चिकित्सा के सेक्टर में, सांस्कृतिक विरासत के सेक्टर में बेहतर कार्य हो रहे हैं। किसानों का सम्मान, युवाओं को रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा आदि क्षेत्र में सरकार द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मा. प्रभारी मंत्री जी ने प्रदेश सरकार के 8 वर्ष के कार्यकाल के दौरान जनपद अमेठी में हुए विकास कार्यों के संबंध में अवगत कराते हुए बताया कि जनपद अमेठी में पीएम किसान सम्मन निधि योजना अंतर्गत 344727 किसानों को तिमाही ?2000 की सम्मान निधि दी जा रही है, ऋण मोचन योजना के अंतर्गत 40763 किसान लाभान्वित हुए हैं, निराश्रित पेंशन योजना के अंतर्गत 35082 महिलाओं को, वृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत 83314, दिव्यांगजन पेंशन योजना के अंतर्गत 4186 दिव्यांग जनों को पेंशन दी जा रही है, सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 4701 गरीब व्यक्तियों की पुत्री का विवाह संपन्न कराया गया है, कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत 31478 कन्याएं लाभान्वित हुई है, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 69308 लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं, प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत 664895 खाते खुलवाए गए, अटल पेंशन योजना के अंतर्गत 132579 व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 556496 पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं जिन्हें प्रतिवर्ष 5 लाख तक का चिकित्सीय सुविधाओं का लाभ मिल रहा है, पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 2980 लोग लाभान्वित हुए हैं, पीएम उज्जवला योजना के अंतर्गत 171527 लोग लाभान्वित हुए हैं, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत 3000 लोग लाभान्वित हुए हैं, इसके साथ ही जनपद अमेठी में 206 पंचायत घर व 262



आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा चुका है, प्रदेश सरकार के 8 वर्ष के कार्यकाल के दौरान जनपद अमेठी में लगभग 12000 करोड़ के विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने मीडिया बंधुओ से वार्ता कर उनको प्रदेश सरकार के 8 वर्ष के कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम में सदस्य विधान परिषद श्री शैलेंद्र प्रताप सिंह ने भी प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश सरकार की उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने सीएम युवा उद्यमी योजना के पांच लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक वितरित किया, एक जनपद एक उत्पाद योजना के पांच लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण किया, खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा पांच लाभार्थियों को निशुल्क पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन व प्रमाण पत्र तथा 5 लाभार्थियों को निशुल्क पनमिल मशीन का वितरण किया, मुख्यमंत्री ग्राम रोजगार योजना के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र व प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित पांच स्वयं सहायता समूहों को सीसीएल फंड का वितरण किया, श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा विभिन्न कंपनियों में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया, कृषि विभाग के अंतर्गत कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत लाभान्वित हुए तीन कृषकों को ट्रैक्टर की चाबी का वितरण किया। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा फूड टेस्टिंग वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर फूड कोर्ट तथा रोजगार मेले का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग के पंजीकृत कलाकारों व शिक्षा विभाग की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ रमेश सिंह ने किया। सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शुरू हुए इस त्रिदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 27 मार्च 2025 तक किया जाएगा जिसमें प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे इस कार्यक्रम में जिले भर के लोग शामिल होकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और इसका प्रत्यक्ष लाभ भी ले सकते हैं। इस अवसर पर उक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, जिला खादी ग्राम उद्योग अधिकारी महेंद्र मिश्रा, जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रामप्रसाद मिश्र, अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं में भवानी प्रसाद दीक्षित, गोविंद नारायण शुक्ल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण व लाभार्थीगण तथा जन सामान्य उपस्थित रहे।

## रास्ते के निर्माण को लेकर दो पक्ष आमने सामने जमकर हुई मारपीट, वीडियो वायरल



**संग्रामपुर, अमेठी।** जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के सरैया पसियाना गांव में रास्ते के निर्माण को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। मामूली कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि देखते ही दुखते दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि, किसी आधिकारिक समाचार स्रोत ने इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं की है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पीड़ित पक्ष के अनुसार, खड़ंजा (ईंटों का रास्ता) निर्माण किया जा रहा था, लेकिन पड़ोसियों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को रोकने की कोशिश की। इस दौरान दोनों पक्षों की महिलाएं आपस में भिड़ गईं और कहासुनी करने लगीं। वीडियो में यह साफ देखा जा सकता है कि महिलाएं एक-दूसरे से बहस कर रही हैं। वहीं, दूसरे पक्ष का कहना है कि निर्माण उनके खाते की जमीन पर किया जा रहा था, जिसे लेकर उन्होंने आपत्ति जताई। इसी विवाद के चलते दोनों पक्षों में तनातनी बढ़ गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। वहीं इस मामले में पुलिस का बयान आया है। थाना संग्रामपुर प्रभारी संदीप राय ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है और मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर रही है और विवादित स्थल की स्थिति की जांच कर रही है।

## गो तस्करी में संलिप्त पति-पत्नी समेत तीन को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल




**प्रतापगढ़।** गो तस्करी में लिप्त महिला समेत तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तीनों को पुलिस ने जेल भेज दिया। पट्टी पुलिस ने गौ तस्करी में संलिप्त पति-पत्नी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि गौ तस्करी में शौकत अली व उनकी पत्नी सबीना तथा गांव का एक व्यक्ति सेबू काफी समय से लगे हुए थे। पूर्व में इन पर कई आपराधिक मुकदमे भी दर्ज हैं। रविवार की रात मुखबिर की सूचना पर तीनों को पूरे भीखा चौराहे से गिरफ्तार किया गया। जबकि उनके अन्य साथी भागने में कामयाब रहे । पुलिस ने इस मामले में शौकत अली गैंग लीडर समेत अन्य पर गैंगस्टर की कार्रवाई भी की है। पकड़े गए तीनों आरोपियों को पुलिस सोमवार की दोपहर तीन बजे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया।

# जिले के ग्राम सभाओं में बने अमृत सरोवर पानी विहीन, जिम्मेदार मौन



स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** जिले के विकास खण्ड संग्रामपुर में कुल 37 ग्राम पंचायत हैं। जिनमे वर्ष 2023 - 24 मे प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक अमृत सरोवर तालाब का निर्माण कराया गया। प्रत्येक अमृत सरोवर पर 7 लाख रुपए से अधिक की साज सज्जा पर खर्च किया गया लेकिन ज्यादातर अमृत सरोवर इस समय पानी विहीन है या कीचड़ युक्त थोड़ा बहुत पानी है। जिसमें औसतन 7 लख रुपए हर ग्राम पंचायत में अमृत सरोवरों पर खर्च हुए हैं वर्ष 2023, 24 में प्रत्येक ग्राम सभाओं में अमृत सरोवर बनाने के लिए निर्देश हुआ था जिससे प्रधानों ने आनन फानन में तालाबों का चयन कर प्रस्ताव कर कार्य शुरू कर दिया था। वहीं इस समय संग्रामपुर विकासखंड के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायतों में बने अमृत सरोवर पानी विहीन है।

वहीं गर्मी अपना दस्तक दे चुकी है लेकिन उसके बावजूद अमृत सरोवर में पानी नहीं भरा हुआ है कुछ ग्राम प्रधानों ने व्यक्तिगत उपाय से तालाब में पानी भरा दिया है लेकिन ज्यादातर अमृत सरोवरों को देखा जाए तो वह पानी विहीन है यही हाल जनपद अमेठी के प्रत्येक विकासखंड के लगभग हर ग्राम पंचायतों का है जहां एक ओर सरकार अमृत सरोवर से प्रत्येक ग्राम सभाओं को सुंदर बनाने की योजना पर लाखों रुपए खर्च की है उसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी को इस पर कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा है। वहीं इस पर संबधित अधिकारी का कहना है कि जल्द ही जांच कर इनमे पानी भरा दिया जायेगा।

## पुल की टूटी रेलिंग से दुर्घटना की आशंका विभाग बना अनजान



**मुंशीगंज,अमेठी।** सनहा सपहा पर कोरारी लच्छन शाह के समीप टिकरी रजबहे का टूटा पैराफिट दुर्घटना को दावत दे रहा है। राहगीरों के साथ स्थानीय लोगों ने पैराफिट बनवाने की मांग की है। सनहा सपहा मार्ग पर कोरारी लछन शाह के समीप टिकरी रजबहे पर बनी सड़क आपस में पार करती है। सड़क पर गति अवरोधक न बनने से आए दिन यहां दुर्घटनाएं होती रहती हैं। रजबहे का पैराफिट टूट जाने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ गई है। स्थानीय लोगों की माने तो कोरारी लछन शाह स्थित रजबहा और सनहा सपहा मार्ग दोनों पर ही वाहन सवारों के लिए न तो गति अवरोधक बना है और न ही कोई चिन्ह चौराहे या वाहन की गति धीमी करने को दर्शाने वाला कोई चिन्ह ही बना है। ऐसे में ज्यादातर नए राहगीर दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। बीते छः माह में ही दर्जनों दुर्घटनाएं यहां हो चुकी हैं। इन लोगों ने बताया कि अब पैराफिट भी टूट गया है जिससे दुर्घटना की आशंका अपेक्षाकृत अधिक हो गई है। क्षेत्र के ब्रिजेश यादव, सुमिरे, सुरेश कुमार, सुल्तानी यादव के साथ बड़ी संख्या में गति अवरोधक बनवाने के साथ टूटे पैराफिट सुधार की मांग की है।

# डॉ.नीरज त्रिपाठी को पुनः जिला अध्यक्ष बनाए जाने से अधिवक्ताओं में हर्ष- मुक्कू ओझा




स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** डॉ नीरज त्रिपाठी को कांग्रेस पार्टी का पुनः जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रतापगढ़ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित संकट मोचन धाम में ऑल इंडिया रूरल बार के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा, जिला अध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा व जूनियर बार एसोशिएशन पुरातन कार्यालय में महामंत्री विवेक त्रिपाठी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं द्वारा लड्डू खिलाकर, माला पहनाकर, अंगवस्त्रम भेंट कर श्री हनुमान जी प्रतिमा देकर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा ने कहा कि एडवोकेट डॉ.नीरज त्रिपाठी को दोबारा जिला अध्यक्ष की कमान दिए जाने से आम अधिवक्ता खुश है।नीरज त्रिपाठी जुझारू तेवर के साथ साथ अधिवक्ता हित के लिए संघर्ष करते रहते है।जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन प्रतापगढ़ के महामंत्री विवेक त्रिपाठी ने कहा कि अधिवक्ताओं की भूमिका सभी राजनैतिक दलों में है।नीरज त्रिपाठी अधिवक्ता परिवार के सदस्य हैं हम सभी अधिवक्ताओं का सद्भावना व सहयोग उनके साथ है।इस अवसर पर डॉ.नीरज त्रिपाठी ने सभी सम्मानित अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि अधिवक्ता हित के लिए सदैव तत्पर हूं जहां भी जरूरत पड़ेगी कदम से कदम मिलाकर संघर्ष करने को तैयार हूं।स्वागत समारोह में मुख्य रूप से ऑल इंडिया रूरल बार के जिला अध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा, रोहित शुक्ल,जय प्रकाश मिश्र, विनय सिंह, लल्लू सिंह, प्रीतम शुक्ला( सभी एडवोकेट ),राम मूर्ति प्रजापति, अमित दुबे,प्रशांत दुबे सतेंद्र मिश्रा, लहरी महराज, दीपेंद्र सिंह, अतुल सिंह,आशीष शुक्ला, आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# मूड़ा वीर बाबा मंदिर पर होगा जवाबी कीर्तन का आयोजन

**● भंडारे में पहुंचकर बड़ी तादाद में श्रद्धालु चखेंगे प्रसाद**

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज (रायबरेली)** प्रत्येक वर्षो की भांति इस बार भी ब्लाक क्षेत्र के गांव चंदापुर स्थित सुप्रसिद्ध मूड़ावीर बाबा मंदिर पर आज बुधवार को श्री राम चरित मानस पाठ समापन के पश्चात विशाल भंडारा एवं रात्रि में विशाल जवाबी कीर्तन का आयोजन किया जाएगा जिसमें बड़ी तादाद में श्रद्धालु उमड़ेंगे और प्रसाद ग्रहण करेंगे। बता दें कि पुरानी बाजार मजरे चंदापुर के रहने वाले पवन वैश्य द्वारा करीब दस वर्षो से निरंतर प्रत्येक वर्ष मूड़ा वीर बाबा के स्थान पर श्रीराम चरित मानस पाठ एवं इसके समापन पश्चात भंडारा और रात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है, इस बार भी



आज बुधवार को रामचरित मानस पाठ समापन पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है, वहीं रात्रि में विशाल जवाबी कीर्तन का भी आयोजन है, जिसमें रायबरेली के मशहूर कीर्तनकार शशीराज कमल और कानपुर की क्रांति माला के बीच जबरदस्त मुकाबला होगा। आयोजक पवन वैश्य ने बताया कि बाबा अमरनाथ बर्फानी और मूड़ा वीर बाबा की असीम कृपा से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पहुंचकर श्रद्धालु पुण्य के भागीदार बनें। इस मौके पर अरूण वैश्य अवधेश कुमार आयुष वैश्य आदि मौजूद रहे।

# समारोह पूर्वक किया गया नवीन शैक्षिक सत्र का शुभारंभ

**● विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देना भी अति आवश्यक है- डॉ राजेश गौतम**

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** स्थानीय विद्यालय एस.एम. सिंह सरस्वती ज्ञान मंदिर दरियावखेड़ा सरेनी में नवीन शैक्षिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ समारोह पूर्वक किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरेनी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश गौतम,प्रबंधक भीम सिंह,अध्यक्ष अर्जुन सिंह व प्रधानाचार्य रोहित शर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।सुनील सरगम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।अंजलि ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया जबकि अनामिका व रीशू ने स्वागत गीत गाकर आये हुए अतिथियों का स्वागत किया।राधा-कृष्ण,शंकर-पार्वती व शहीदों की झांकियों का सजीव प्रस्तुतीकरण भी किया गया।मुख्य अतिथि डॉ. राजेश गौतम ने विद्यालय के अनुशासन व शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देना भी अति आवश्यक है।उन्होंने सभी को नवीन शैक्षिक सत्र की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधक भीम सिंह ने कहा कि शिक्षा के व्यवसायीकरण को समाप्त करने के लिए यह विद्यालय कटिबद्ध है।क्षेत्र के प्रत्येक विद्यार्थी को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के उद्देश्य से विद्यालय में विद्यार्थियों का निःशुल्क प्रवेश लिया जाएगा।साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही विद्यार्थियों के हित में सभी योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों को देने का प्रयास किया जाएगा।विद्यालय के प्रधानाचार्य रोहित शर्मा ने कहा कि विद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षिकाएं पूरी निष्ठा व ईमानदारी से विद्यार्थियों को शिक्षित व





संस्कारवान बनाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। वरिष्ठ पत्रकार व शिक्षक डॉ अशोक त्रिवेदी ने कहा कि विद्यालय ज्ञान का मंदिर होता है और शिक्षक उस मंदिर के भगवान की तरह होते हैं।प्रत्येक शिक्षक को अपने दायित्व का निर्वहन बहुत ईमानदारी के साथ करना चाहिए।आए हुए अतिथियों को विद्यालय के प्रबंधक भीम सिंह व अध्यक्ष अर्जुन सिंह द्वारा प्रतीक चिन्ह व अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।अंत में विद्यालय के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया।वहीं संचालन प्रधानाचार्य रोहित शर्मा ने किया।इस अवसर पर बैरुवा इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ. राम सकल सिंह,उप निरीक्षक रामकुमार यादव,उप निरीक्षक प्रियंका केसरवानी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरेनी से डॉ. साधना सिंह, लाला सिंह,दुर्गेश कुमार त्रिवेदी,मुन्नर तिवारी, अनिल मिश्रा, चुन्नू खान, पीर मोहम्मद, चंद्रकांत त्रिवेदी, शशिभूषण द्विवेदी, अनुराग बाजपेई, सहदेव सिंह, गुड्डू सिंह, स्वामी दयाल, अभिषेक तिवारी, अंकुर सिंह, राहुल पाण्डेय, अंकित दुबे, प्रभाकर सिंह, नीरज, आदर्श, राधेश्याम, अखिलेश, धीरेन्द्र, राजन, अमित कुमार, अंशिका, सेजल, शिवानी, अनामिका, तनुजा, साक्षी, नीलम, श्वेता, अनन्या सहित सैकड़ों की संख्या में अभिभावकगण, विद्यार्थी व समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर तहसील सभागार में मनाया गया त्रिदिवसीय विकास उत्सव कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज (रायबरेली)** प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर तहसील सभागार में त्रिदिवसीय विकास उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम दिवस में मंगलवार को एसडीएम सचिन यादव तहसीलदार मंजुला मिश्रा, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह की मौजूदगी में संपन्न हुआ आयोजित हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता प्रभात साहू ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के आठ साल बेमिसाल बीते हैं, किसान नौजवान खुशहाल है, महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार कटिबद्ध है, और उनकी बेहतरी के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं, मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह ने कहा कि वर्तमान की सरकार में सड़क शिक्षा स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है, देश और प्रदेश एक बड़े बदलाव के साथ आगे बढ़ रहा है, एसडीएम सचिन यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश उन्नति की ओर अग्रसर है, सरकार प्रशासनिक व्यवस्थाओं को हाइटेक बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है,जो अधिकारी



कर्मचारियों के आलावा आमजन के लिए भी लाभदायक है। वही कार्यक्रम में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जैसे महिलाओं से जुड़ी प्रस्तुतियां केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ के संगीत के अध्यापक अंजनी कुमार मिश्रा द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर गीत सुनाया साथ ही उनके साथ आई छात्रा वैभवी पांडेय, रिमझिम श्रीवास्तव व प्रणय वैश्य द्वारा भाषण गायन के माध्यम से आधी आबादी की प्रतिभागिता के संबंध में प्रस्तुति दीं।

सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए किसान जगदंबिका सिंह ने स्वामित्व कार्ड से मिलने वाले लाभ के बारे में तो मीना देवी ने वृद्धा पेंशन आगजनी की घटना के बाद मिली सहायता के बारे में लोगों के समक्ष प्रकट किया। वहीं लेखपाल अवनेंद्र सिंह ने स्वामित्व योजना के बारे में बताया कि अब आबादी में बने घरों को लिखा पढ़ी में घरौनी बनाकर घर के स्वामी को दी जा रही है, इससे गांवों में विवाद भी कम होंगे इसके अलावा जैसे किसान केसीसी के माध्यम से ऋण ले सकते हैं, उसी प्रकार अब घरौनी के आधार पर भी लोन आदि की व्यवस्था मिल सकेगी, लेखपाल अमित शुक्ला ने बताया कि पुरानी खतौनी में हिस्सा निर्धारण नहीं होता था लेकिन अब सरकार द्वारा रियल टाइम खतौनी की व्यवस्था की गई है, जिसमें किसान के नाम के सामने उसके हिस्से की भूमि का अंश भी स्पष्ट लिखा रहता है, इससे किसानों को अब भटकना नहीं पड़ रहा और उनका काम आसान हो रहा है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, ईओ रामाशीष वर्मा नायब तहसीलदार उमेशचंद्र त्रिपाठी, आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से

**गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर**

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव हाईवे पर सातनपुर गांव के निकट मंगलवार की शाम को अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। खीरो थाना क्षेत्र के पहो गुलरिहा गांव निवासी बृज किशोर (45) सरवन (60) व रविशंकर (52) एक बाइक पर सवार होकर कस्बे से सेमरी की ओर जा रहे थे। तभी सामने से जा रहे चौपहिया वाहन अचानक मुड़ गया। जिससे उनकी बाइक कार से टकरा गई। टक्कर के बाद बाइक सवार तीनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से तीनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां तीनों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## क्षेत्रीय विधायक ने किया नवनिर्मित इंटर लॉकिंग का उद्घाटन



स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज (रायबरेली)** क्षेत्रीय विधायक श्यामसुंदर भारती ने महराजगंज ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव पहाड़गंज मजरे मझिगवां में विधायक निधि से नव निर्मित एक इंटरलॉकिंग मार्ग का उद्घाटन किया किया इस दौरान बड़ी तादाद में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों और नौजवान की दुश्मन है, विकास के नाम पर सिर्फ छलावा किया जा रहा है, किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल रहा, आठ साल पूरे होने पर सरकार विकास का झूठा ढिंढोरा पीट रही है, धरातल पर सिर्फ खानापूर्ति है इसके अलावा कुछ नहीं, दलितों एवं अल्पसंख्यकों का आरक्षण खत्म किया जा रहा है, सरकारी नौकरियों की भर्ती ना निकाल कर आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्तियां हो रही हैं। विधायक ने पहाड़गंज मजरे मझिगवां के रहने वाले अंगद के घर से छोटे लाल के घर तक 150 मीटर लंबी विधायक निधि से नव निर्मित इंटर लॉकिंग का उद्घाटन कर आम जन को समर्पित किया और कहा कि जितना विकास कार्य उनसे संभव है, उसमें कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस मौके पर राम प्यारे शर्मा,अमित त्रिपाठी मोनू, सादीक कोटेदार, मोहम्मद जलील, हरिचंद, धर्मेश चतुर्वेदी, इबरार, खुशी राम पासी, शमीम सहित आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार के 8 वर्ष एवं पुलिस कमिश्नरेट के 4 होने पर विशेष आयोजन

**● -पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने अपराध घटे हैं- सरोज कुरील**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** प्रदेश सरकार के आठ वर्ष व पुलिस कमिश्नरेट के चार वर्ष पूर्ण होने पर साउथ जोन द्वारा होटल मंदाकिनी में एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ जिसमें विधायक सरोज कुरील मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में साउथ जोन के दो सौ प्रबुद्ध जनों को आमंत्रित किया गया था। जिसमें अच्छी कानून व्यवस्था के लिए उनके सुझाव भी लिए गए तथा उन सुझावों पर कार्य करने का पूरा आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में 25 प्रबुद्ध वर्ग के व्यक्तियों व 25 पुलिस प्रशासन के कर्मचारियों को अच्छे कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधायिका सरोज कुरील ने कहा कि कानपुर में कमिश्नरेट का प्रयोग 1978 में पहली बार किया गया था लेकिन वह ज्यादा दिनों तक नहीं चल सका। लेकिन उसके प्रयास बराबर किये जाते रहे। और 25 मार्च 2021 को पुनः कानपुर में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू की गई जिससे अपराधों में काफी कभी आई है और जनता में भय समाप्त हुआ है। उन्होंने इसके लिए कानपुर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की जम कर सराहना की और कहा कि उन्होंने अपराधियों की कमर तोड़ दी है।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने अपने संबोधन में कहां कि बेहतर पुलिसिंग के लिए कमिश्नरेट प्रणाली लागू की गई है। उन्होंने कहा कि इसके लागू हो जाने से पुलिस के अधिकार काफी बढ़ गये हैं और पुलिस कमिश्नर ही अब तमाम वह निर्णय ले सकते हैं जो पहले प्रशासन द्वारा लिए जाते थे। उन्होंने कहा कि हम देख रहे हैं। कि कमिश्नरेट लागू होने के बाद कानपुर में क्राइम मे काफी कमी आई है। कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त दक्षिण




दीपेन्द्र नाथ चौधरी , अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण महेश कुमार, एसीपी बाबूपुरवा, एसीपी नौबस्ता व एसीपी घाटमपुर द्वारा नागरिकों को सरकार एवं पुलिस की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा, एवं पुलिस सुधारों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। और आश्वासन दिया गया कि पुलिस प्रशासन नागरिकों की सेवा व सुरक्षा हेतु निरंतर समर्पित है।

# कानपुर कमिश्नरेट स्थापना दिवस पर आयोजित की गई यातायात पुलिस गोष्ठी में पुलिस जन व नागरिक सम्मानित





**● -बेहतर यातायात के लिए लोग के सुझाव लिए गए**

**कानपुर।** पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर के 4 वें स्थापना दिवस पर पुलिस लाइन सभागार में विचार मंथन गोष्ठी का आयोजन, सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक सुधार पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीसीपी यातायात रवीन्द्र कुमार के साथ विधायिका नसीम सौलंकी भी उपस्थित रहीं। इस गोष्ठी में सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था और आमजन की सहभागिता को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई एवं यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु सुझाव दिए गए।

कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था में उत्कृष्ट योगदान देने वाले यातायात कर्मियों एवं नागरिकों को उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य उन व्यक्तियों को प्रोत्साहित करना था जो यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में योगदान दे रहे हैं।विचार मंथन गोष्ठी कार्यक्रम का पुलिस लाइन सभागार में आयोजित विचार मंथन गोष्ठी कार्यक्रम में विधायक, सीसामऊ नसीम सोलंकी जी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात सहित कई गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की गोष्ठी में सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था और आमजन की सहभागिता को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई एवं यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु सुझाव दिए गए।

# संक्षिप्त ख़बरें

## रन फॉर रोड सेफ्टी का भव्य आयोजन, जागरूकता का दिया संदेश



**कानपुर।** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रन फॉर रोड सेफ्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर एवं पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार ने ग्रीन पार्क स्टेडियम से भैरव घाट तक इस दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस उपायुक्त यातायात, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात सहित कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति नागरिकों को जागरूक करना था।

## आप्रेशन त्रिनेत्र में मदद करने वालों को डीसीपी पश्चिम व विधायक द्वारा किया गया सम्मानित



**कानपुर।** पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर के 4वें स्थापना दिवस पर जनप्रतिनिधि विधायक राहुल बच्चा की उपस्थिति में डीसीपी पश्चिम आरती सिंह द्वारा नागरिकों के साथ गोष्ठी की गई। जनसुरक्षा, अपराध नियंत्रण व पुलिस सुधारों पर विशेष चर्चा हुई। "ऑपरेशन त्रिनेत्र" में सीसीटीवी स्थापित करवाकर शहर की सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करने वाले व्यापारियों व संभ्रांत व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। श्रेष्ठ कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नागरिकों व पुलिस के बीच सहयोग व विश्वास को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम, एसीपी कल्यानपुर, बिल्हौर, पनकी व जोन के समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## गौशाला में लगी आग, चार गौवंश झुलसे, दो की मौत

**जौनपुर** सुइथाकला, क्षेत्र के चिल्हीरामपुर गांव में बीती रात संदिग्ध अवस्था में गौशाले में लगी आग में चार गौवंशों के झुलसने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें दो की मौके पर ही मौत हो गई, शेष की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना को लेकर पशु पालक परेशान है।उक्त गांव निवासी स्वामी नाथ छप्पर डालकर अपने गौवंशों को उसमें बांधता था।इसी बीच रविवार की देर रात लगभग दो बजे के करीब उसमें आग लग गई। लपटों को उठता देख पशुपालक और ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते, उसमें बंधे चार गौवंश बुरी तरह से झुलस गए। जिसमें दो बछियों की मौके पर ही मौत हो गई, दो गायों की हालत गंभीर बनी हुई है। अगलगी में पशु पालक को जहां पशुधन की हानि उठानी पड़ी, वहीं उसमें एक तरफ रखे भूसा और अनाज जलकर खाक हो गया। घटना की जानकारी जिम्मेदारों को पीड़ित द्वारा दी गई है।

## गुनाहों की माफी देती है शबे-ए- कद्र की रात मौलाना कयामुद्दीन



**जौनपुर** रमजान के पाक महीने में इबादत गुजार बंदे पहली रात से ही अपने माबूद को मनाने उसकी इबादत करने में जुट जाते हैं इन नेक बंदो के लिए शबेइ्एइ कद्र परवरदिगार का अनमोल तोहफा है कुरान में इसे हजार महीनों से श्रेष्ठ रात बताया गया है यह बातें मदीना मस्जिद के पेश इमाम मौलाना क्या मुद्दीन ने कहा कि श्रद्धा और इमान के साथ इस रात में इबादत करने वालो के पिछले गुनाह माफ कर दिए जाते हैं आलिमों का कहना कि जहां भी पिछले गुनाह माफ करने की बात आती है वहां छोटे गुनाह बक्स दिए जाने से मुराद होती है रसूल अल्लाह ने शबे इ्एइकद्र के लिए रमजान की 21,23 ,25, 27, 29वी रात बताई इन रातों में रात भर मुख्तलिफ इबादते की जाती हैं जिनमें नफिल नमाज पढ़ना, कुरान पढ़ना, मुख्तलिफ तशबीहात (जाप) पढ़ना अहम है। रमजान में खुदा की रहमत पूरे जोश पर होती है । शबे कद्र यानी हजार महीनों से बेहतर रात । इस रात में कुरान उतारा गया और इसी शब में अनगिनत लोगों को माफी दी जाती है । इसलिए पूरी रात जाग कर इबादत की जाती है।

## गिरता जलस्तर- सूखते कुएं-तालाब, बढ़ता संकट

**जफराबाद क्षेत्र में जल संकट गहराया, लेकिन जागरूकता की कमी**



**जौनपुर।** जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के गांवों और कस्बों में जलस्तर लगातार गिरता जा रहा है, लेकिन इस गंभीर समस्या के प्रति लोगों की उदासीनता बनी हुई है। "जल है तो कल है" का नारा तो दिया जाता है, लेकिन इसके संरक्षण के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं हो रहे हैं। क्षेत्र के कई गांवों में कुएं और तालाब सूख चुके हैं, जिससे मवेशी, पक्षी और जंगली जानवरों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। हालात चिंताजनक होने के बावजूद जल संचयन को लेकर जागरूकता का अभाव दिखाई दे रहा है। अगर समय रहते लोग सचेत नहीं हुए, तो भविष्य में पानी के लिए आपसी संघर्ष की नौबत आ सकती है। सिरकोनी ब्लॉक को पहले ही सेमी रेड जोन में घोषित किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद बोरिंग का सिलसिला थम नहीं रहा है। खेतों और घरों में धड़ल्ले से समरसेबल की बोरिंग की जा रही है, जिससे जल स्तर और नीचे खिसकता जा रहा है। जल संकट से बचने के लिए जनता को जागरूक होकर जल संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे, अन्यथा आने वाले दिनों में पानी की किल्लत भयावह रूप ले सकती है।

## पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई, फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान आए विभिन्न मामलों पर पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध व निष्पक्ष निस्तारण किया जाए, ताकि जनता को त्वरित न्याय मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि किसी भी फरियादी को अनावश्यक परेशान न किया जाए और उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व संबंधित थानों के प्रभारी भी मौजूद रहे। जनसुनवाई में फरियादियों ने भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, आपराधिक घटनाओं सहित विभिन्न मामलों को रखा, जिनके समाधान के लिए पुलिस अधीक्षक ने तत्परता दिखाई। पुलिस अधीक्षक ने जनता से अपील की कि वे किसी भी समस्या के समाधान के लिए बेहिचक पुलिस प्रशासन से संपर्क करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस हर संभव सहायता के लिए तत्पर है।

# सम्भागीय परिवहन विभाग कानपुर द्वारा बड़ी कार्रवाई

**● -सभी प्रवर्तन अधिकारियों ने 130 वाहनों के विरुद्ध की कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा अनधिकृत रूप से संचालित यात्री वाहनों, ओवरलोड वाहनों, बकाया कर के अभियोग में एवं सड़क सुरक्षा के अन्य मदों में समस्त प्रवर्तन अधिकारियों को सघन कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। जिसके क्रम में परिवाहन विभाग द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। आरटीओ प्रवर्तन विदिशा सिंह के नेतृत्व में अम्बुज, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), कहकशां खातून, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), आर.के. वर्मा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), मानवेन्द्र प्रताप सिंह, यात्रीकर अधिकारी, दिनेश कुमार, यात्रीकर अधिकारी अनिल कुमार, यात्रीकर अधिकारी एवं दीपक सिंह, यात्रीकर अधिकारी द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही की गई कार्रवाई के दौरान जनपद कानपुर नगर में अनधिकृत रूप से संचालित यात्री वाहनों के 15, ओवरलोड वाहनों के अभियोग में 33, बकाया कर के अभियोग में 37 एवं सड़क सुरक्षा के अन्य मदों में 45 अर्थात कुल 130 वाहनों के विरूद्ध चालान/बन्द की कार्यवाही की गयी एवं उक्त कार्यवाही निरन्तर की जाती रहेगी । साथ ही सम्भागीय परिवहन अधिकारी, कानपुर ने समस्त वाहन चालकों/आम जनमानस को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।

# प्रदेश में आज सुशासन बेहतर कानून व्यवस्था का बोलबाला- प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा

**● -सूचना विभाग द्वारा लगाई प्रदर्शनी का उच्च शिक्षा मंत्री ने किया उद्घाटन**

स्वतंत्र प्रभात





**कानपुर।** आज उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा और सुशासन के 8 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में प्रदेश सरकार के 8 वर्षो की उपलब्धियां को देखते हुए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के साथ-साथ अन्य विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उच्च शिक्षा मंत्री, प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मंत्री और अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा इन प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। इसके उपरांत छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के सभागार में उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा ऑडियो की सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना वह अन्य योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण के साथ-साथ स्मार्टफोन एवं टेबलेट वितरण और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा लाभार्थियों को टैबलेट,स्मार्ट फोन व ऋण इत्यादि का वितरण किया गया। इस अवसर पर मा. मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा और सुशासन के 8 वर्ष पूरे हुए, जो प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व ने कर दिखाया। आज देश और उत्तर प्रदेश पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। उक्त के नेतृत्व में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही है। पहले प्रदेश में गुंडागर्दी, अराजकता और दबंगई का माहौल था लेकिन आज सुशासन, बेहतर कानून व्यवस्था बोलबाला है।

आज माननीय प्रधानमंत्री और माननीय मुख्यमंत्री का नेतृत्व व विचारधारा के द्वारा राष्ट को विश्व पटल पर सर्वोच्च शिखर तक ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। पहले की शिक्षा प्रणाली दोषपूर्ण और तकनीकि से बहुत दूर थी। आज मा. प्रधानमंत्री व मा. मुख्यमंत्री द्वारा रोजगार परक शिक्षा के साथ -साथ उसे तकनीकि व संस्कारों से जोड़ा जा रहा है।इसी क्रम में आज स्मार्टफोन व टैबलेट का का वितरण कर युवाओं को बेहतर टेक्नोलॉजी के साथ शिक्षा प्रदान करने में सहायता दी जा रही है। यह विडंबना है कि आज कुछ लोग औरंगजेब का महिमामंडन कर रहे हैं जबकि वह एक आतताई शासक था।ऐसे लोग जो ऐसे शासक की सराहना कर रहे हैं, वे देश को रसातल पर ले जाने का काम कर रहे हैं।उन्होंने कहा, राणा सांगा,महाराणा प्रताप व शिवाजी के बारे में पढ़ाया जाना बहुत जरूरी है। जिस यूपी में कभी कर्फ्यू और माफियाओं का बोलबाला था, आज वहां शांति और सुशासन है। आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है जिसने हाल ही में ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया है।आज देश विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा है, जो डबल इंजन की सरकार की नीतियों व बेहतर क्रियान्वयन से संभव हो सका है।

# मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से लोग परेशान, बीमारियों का बढ़ा खतरा

**● -ग्राम पंचायत और नगर पंचायत दवाओं की नही करा रही है फाकिंग**

स्वतंत्र प्रभात

**खेतासराय(जौनपुर)** शाहगंज तहसील के ग्राम पंचायतों, नगर पंचायत व पालिका परिषद में मार्च के तीसरे सप्ताह में मच्छरों के आतंक से रात की नींद हराम हो गई है। जिम्मेदार कागज़ों की फ़ाइल दुरुस्त करने में व्यस्त है । मच्छरों की उपज से जानलेवा डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की मरीजों के फेहरिस्त बढ़ाने में सहायक होती है। इनकी वृद्धि इस कदर है कि दिन के उजाले में भी दस्तक दे रहे है। मच्छरों से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इनकी वजह से कई गम्भीर बीमारी फ़ैलने का कारण बन रहा है। विकास खण्ड सोंधी, नगर पंचायत खेतासराय व पालिका परिषद शाहगंज मच्छरों की इस भयंकर आतंक से लापरवाह बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना कि समय समय पर यदि जिम्मेदार दवा का छिड़काव कराए तो इस पर क़ाबू पाया जा सकता है। वही जिला प्रशासन की तरफ़ से अधिकारियों को जब आदेश जारी होता है तो नगर पंचायतों में एंटी लारवा या फाकिंग कराई जाती है। फ़िर जिम्मेदार भी इतिश्री लेकर गहरी निद्रा में चले जाते है जिससे मच्छरों के हालत बेक़ाबू हो जा रहे है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि इस समस्या पर गम्भीरता नही दिखाई तो मच्छरों के प्रकोप बढ़ने के साथ स्वास्थ्य संकट भी गहरा सकता है।



## नगर पालिका और पंचायत दवाओं का छिड़काव करें- एसडीएम

खेतासराय(जौनपुर) मौसम के अचानक करवट व मानसून से मच्छरों की संख्या में इजाफ़ा हो गया है। नगर पंचायत में यदा कदा दवा का छिड़काव हो भी जाता है लेकिन ग्राम पंचायतों में स्तिथि भयानक है। इस बाबत एसडीम शाहगंज राजेश चौरसिया से बात हुई तो उन्होंने बताया कि पूरे तहसील क्षेत्र, नगर पंचायत व पालिका परिषद को दवा का छिड़काव कराने के लिए जिम्मेदारो की हिदायत दी गई है। इस मे स्थिलता कतई बर्दाश्त नही की जाएगी।

# उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे, प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर-** उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर मंगलवार को जिले के प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत की और सरकार की उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया के तहत विभिन्न आयोगों के माध्यम से 8.5 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की है। साथ ही, राज्य में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का गठन कर शिक्षा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर भर्तियों की प्रक्रिया को और अधिक व्यवस्थित बनाया गया है।मंत्री ने बताया कि मिशन रोजगार के तहत अब तक 1,890 प्रवक्ताओं, 6,314 सहायक अध्यापकों और 219 प्रधानाचार्यों की नियुक्ति की गई है। यह युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।प्रदेश सरकार की किसान केंद्रित योजनाओं पर बात करते हुए मंत्री एके शर्मा ने कहा कि किसानों की आर्थिक मजबूती के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 2.86 करोड़ से अधिक किसानों को 80,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से भेजी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य ÷समृद्ध किसान, सशक्त प्रदेश÷ की दिशा में निरंतर कार्य करना है।महिलाओं और बेटियों के कल्याण की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत अब तक 22.12 लाख बालिकाओं को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। इस योजना के तहत बेटियों की शिक्षा और समृद्धि को ध्यान में रखते हुए सरकार हर स्तर पर सहयोग कर रही है।प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए मंत्री एके शर्मा ने कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। उन्होंने बताया कि हर जिले में एंटी रोमियो स्क्वायड का गठन किया गया है, जिससे महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाए गए हैं।अब तक 32,000 से अधिक आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की जा चुकी है। 222 अपराधी पुलिस मुठभेड़ में मारे गए, जबकि 8,118 अपराधी घायल हुए हैं। सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रभाव मंत्री ने कहा कि सरकार की इन योजनाओं से प्रदेश के




विभिन्न वर्गों को सीधा लाभ मिला है। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश को "आत्मनिर्भर और विकसित उत्तर प्रदेश" बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास करने की बात कही सरकार की इस रिपोर्ट को आगामी चुनावों के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विपक्ष जहां सरकार के इन दावों पर सवाल उठा सकता है, वहीं भाजपा इन उपलब्धियों के दम पर जनता के बीच अपनी छवि मजबूत करने की कोशिश कर रही है। इस दौरान कार्यक्रम में एमएलसी बृजेश सिंह, मडियाहूं विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, डॉक्टर अजय सिंह, पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह, जिलाधिकारी दिनेश चंद्र, एसपी डॉक्टर कौस्तुभ और सीडीओ सीलम साई तेजा सहित कई अधिकारी और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आधुनिक युग की मांग है आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसः सुनील दत्त

**● -विश्वविद्यालय आयोजित हुआ कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव**

स्वतंत्र प्रभात




**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में मंगलवार को महंत अवेद्यनाथ नाथ संगोष्ठी भवन में कॉर्पोरेट परिदृश्य में उभरते रुझान विषयक कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव 2025 के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य वक्ता रिलायंस जिओ इंफ़ोकॉम के अध्यक्ष सुनील दत्त ने आनलाइन उद्बोधन में कहा कि कॉर्पोरेट जगत में हो रहे परिवर्तनों को ध्यान में रखकर विद्यार्थियों को जीवन में सदैव सीखते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सम्पूर्ण विश्व एआई के बारे में चर्चा कर रहा है। एआई एक मशीन है जो मानव बुद्धिमत्ता का अनुकरण करके तीव्र गति से डेटा प्रोसेस कर मानव की मदद कर रही है। यह आधुनिक युग की मांग है। इसने उद्योग एवं अन्य क्षेत्र में मानव जीवन को सरल बनाया है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्ति के लिए मेहनत करते रहना चाहिए। एआई के आने के बाद में कॉर्पोरेट सेक्टर में काम की भरमार है।

विशिष्ट अतिथि टाटा मोटर्स, कॉनकॉर्ड मोटर्स इंडिया के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी रंजीव कपूर ने कहा कि जिस संस्थान में काम करें उसके अन्य विभागों के लोगों से भी सीखे। उन्होंने कहा कि उच्च पद पर वही व्यक्ति पहुंचता है जो नीचे के पदों पर सफलतापूर्वक कार्य किया हो। उन्होंने जीवन में उम्र के अलग-अलग पड़ावों पर प्रगति के सूत्र को बताया। कहा कि कॉर्पोरेट जगत में विकास और अवसरों की कमी नहीं है।

सम्मानित अतिथि अपटेक लिमिटेड के पूर्व प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अतुल जैन ने उद्योग के लिए विद्यार्थियों के कौशल पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि आप जहा काम कर रहे है उसके लिए कुछ मौलिक नैतिकता बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि संस्था के प्रति कटिबद्ध, वफादार और विश्वसनीय लोगों की मांग सदैव बनी रहती है। पहले की तुलना में आज अवसरों में वृद्धि हुई है। जॉब के अनुरूप अपने कौशल को विकसित करना चाहिए। कार्य के दौरान परिस्थितियाँ सदैव समान नहीं रहती है नई चुनौती के अनुरूप काम करें।

कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट जगत के नए परिदृश्य से परिचित कराने के लिए कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया है। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि कॉर्पोरेट जगत में हो रहे परिवर्तन के अनुरूप विद्यार्थी तैयार हों। कॉरपोरेट कॉन्क्लेव के संयोजक प्रोफेसर अविनाश पाथर्डीकर ने संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन किया। इसी क्रम में आयोजित प्लेनरी सत्र में पूर्व डीजीएम, सैमसंग, विनीत सिंह ने कहा कि कॉर्पोरेट में मेहनत करने वालों के लिए आगे का स्कोप अच्छा रहता है अगर आपको अपने ऊपर विश्वास है तो नौकरियां और प्रोन्नति सदैव मिलती रहती है। शेल पेट्रोल के पूर्व ग्लोबल प्रबंधक, संदीप खन्ना ने ट्रेंड्स पर चर्चा करते हुए कहा कि कॉर्पोरेट में नेटवर्क ज्यादा जरुरी हो गया है. आज के समय में मार्केटिंग प्लेटफार्म बदल गए है। ऑनलाइन मार्केटिंग हमारे आइकॉन बन गए है। जॉइंट प्रेसिडेंट और हेड स्टाफिंग, हिंडाल्को मुंबई के भास्कर भट्टाचार्य ने कहा कि भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया विजन के बाद अब हम बहुत से क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बन रहे हैं। वॉइस प्रेसिडेंट लीगल हाइडेलबर्ग सीमेंट शशांक शेखर ने कहा कि शिक्षा विद्वता है, काम बुद्धिमता है। जब आप वर्कर की स्टाइल में काम करेंगे तभी सफल मैनेजर बन सकेंगे जितनी लगन से कोई काम करेंगे उतना ही बेहतर उसका रिजल्ट आएगा। व्यक्ति को बड़े पद पर रहने के बाद भी लर्निंग टेंडेंसी होनी चाहिए। काम के लिए शिक्षा पहली सीढ़ी है। अतिथियों का स्वागत प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. संदीप, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. राजकुमार ने बुके देकर किया। इस अवसर पर सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी और विद्यार्थी मौजूद थे।

# तहसील परिसर की दुकानों व साइकिल स्टैंड की नीलामी संपन्न




स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर मड़ियाहूं।** तहसील परिसर में स्थित दो चाय की दुकान, एक फोटोस्टेट दुकान और एक साइकिल स्टैंड की नीलामी प्रक्रिया मंगलवार को तहसीलदार नितिन सिंह की देखरेख में पूरी की गई। यह नीलामी पूरी पारदर्शिता के साथ तहसील परिसर के मीटिंग हॉल में आयोजित की गई। नीलामी प्रक्रिया के लिए प्रशासन ने 6 फरवरी 2025 को विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से सूचना जारी की थी। तय कार्यक्रम के अनुसार, 25 मार्च 2025 को दोपहर 2 बजे नीलामी प्रक्रिया शुरू हुई, जिसमें बोलीदाताओं को पहले सभी नियम व शर्तों की जानकारी दी गई। तहसीलदार ने विशेष रूप से नियम 7 का उल्लेख करते हुए स्पष्ट किया कि नीलामी के तहत आवंटित स्थान का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के अलावा किसी अन्य कार्य के लिए किया गया तो नीलामी निरस्त कर दी जाएगी।

नीलामी प्रक्रिया के तहत सर्वप्रथम फोटोस्टेट दुकान की बोली लगाई गई, जिसमें शिव शंकर गुप्ता ने 2,76,000 की सर्वाधिक बोली लगाकर इसे प्राप्त किया। इसके बाद पूर्वी गेट (दक्षिण तरफ) स्थित चाय की दुकान की नीलामी में रुद्र देव पुत्र राम प्रसाद ने 1,50,000 की सबसे ऊंची बोली लगाई। साइकिल स्टैंड की नीलामी में गुलाबचंद दुबे ने ?5,50,000 की सर्वाधिक बोली लगाकर इसे अपने नाम किया। वहीं, उत्तरी गेट पर स्थित चाय की दुकान की नीलामी में राजमणि यादव पुत्र विक्रम यादव ने ?1,40,000 की बोली लगाकर इसे हासिल किया। पूरी नीलामी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। अंत में तहसीलदार नितिन सिंह ने सभी आवंटियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आगामी वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक के लिए दुकानें और साइकिल स्टैंड सौंप दिए।

# बिना काम कराये लाखों रुपये निकालने के आरोप में डीपीआरओ, बीडीओ सहित 5 पर मुकदमा दर्ज




**● -न्यायालय के आदेश पर हुई कार्रवाई से ब्लाक के अन्य ग्राम पंचायत के लोगो में मचा हड़कंप**

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर** बदलापुर ब्लाक के गांव चंदापुर में प्राथमिक विद्यालय की चहरदीवारी निर्माण में सरकारी धन का दुरुपयोग किये जाने के आरोप में स्थानीय पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सोमवार को डीपीआरओ, बीडीओ, अवर अभियंता, सेक्रेटरी व प्रधान पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना में जुट गई है।

कूंही कला गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद गुप्त ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि डीपीआरओ नत्थूलाल गंगवार, बीडीओ धर्मेंद्र कुमार, प्रधान स्मिता सिंह, सचिव अनूप सिंह व अवर अभियंता अजय सिंह की मिलीभगत से गांव के प्राथमिक विद्यालय चंदापुर में बाउंड्री वाल निर्माण कार्य हेतु बालू, सीमेंट, ईट, पेंट आदि कार्यों पर 197911 रुपया 16 अक्टूबर 2021 को बिना काम कराए निकाल लिया गया। इसी तरह 23 अप्रैल 2022 को प्राथमिक विद्यालय कूंही खुर्द में चहरदीवारी का बिना निर्माण कराए 168221 रुपए साजिश कर निकाला गया है। इतना ही नहीं मास्टर रोल में भी ओवर राइटिंग कर सात मजदूरों का 86 मानव दिवस दिखाकर गलत भुगतान ले लिया गया है। पुलिस ने डीपीआरओ, बीडीओ, अवर अभियंता, पंचायत सचिव तथा प्रधान पर केस दर्ज कर विवेचना में जुट गई है। इस संबंध में पूंछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने राष्ट्रपति के संबोधन में ज्ञापन भेजा



**बरेली**/समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में आक्रोश व्यक्त किया इसके लिए वह सेठ दामोदर स्वरूप पार्क चौकी चौराहा पर विरोध प्रदर्शन कर जिला अधिकारी के द्वारा देश के राष्ट्रपति के संबोधन में ज्ञापन सोपा। इसमें उन्होंने सपा सांसद द्वारा राणा सांगा पर की गई अभद्र टिप्पणी पर माफी मांगने की मांग की गई है जिसके चलते कोई भी इस तरह का कृत्य करने की जनमत ना झूठ सके इसलिए अभद्र टिप्पणी करने वाले संसद के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए इसी दौरान सपा सांसद पुतला फूंका अध्यक्ष सर्वेश्वर पाल सिंह प्रवेश कुमार सिंह जयवीर सिंह समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एस एस सी में 8 वां स्थान प्राप्त करने वाले ईशांत शुक्ला को नगर पालिका अध्यक्ष ने सम्मानित किया



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** सोमवार शायं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने मोहल्ला लक्ष्मी नगर कॉलोनी निवासी बृजेश शुक्ला एवं सीमा शुक्ला के सुपुत्र ईशांत शुक्ला के कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा में आठवां स्थान प्राप्त कर इनकमटैक्स इंस्पेक्टर बनने पर उनके आवास पर जाकर मिठाई खिलाई तथा अंगवस्त्र और स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित करते हुए कहा आप ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और लगन से कार्य करते हुए गौरवांवित करेंगे ।इसी आशा विश्वास के साथ हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।इस अवसर पर रितेंद्र शुक्ला, नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, विजय बाजपेयी,रविन्द्र कटियार, लवकुश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा 12 नंबर वारंटी गिरफ्तार गिरफ्तार




**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी के मार्ग- दर्शन मे हैदराबाद पुलिस द्वारा 25 मार्च को हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा 12 नफर वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।थानाध्यक्ष प्रवीण गौतम उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा 25 मार्च को गिरफ्तार किए गए 12 नफर वारन्टी अभियुकतो मे शेरसिंह पुत्र खजानची निवासी अयोध्यापुर, लालाराम पुत्र भगवानदीन नि0 अयोध्यापुर, सुरेश पुत्र मोती नि0 ग्राम सुन्दरपुर ,गेंदन पुत्र राजबली ग्राम सुन्दरपुर ,डालचन्द पुत्र द्वारिका नि0 पिपरा ,विनोद उर्फ सुल्तान पुत्र बाबूराम नि0 परसेला ,दाताराम पुत्र श्यामलाल नि0 ग्राम देवरिया, सोनपाल उर्फ सोनू ग्राम भदैया, दाताराम पुत्र गयादीन नि0 हरसिंहपुर,दिलीप पुत्र रामऔतार नि0 तेलिया कुण्डा, अमित मिश्रा पुत्र रामप्रकाश नि0 सकेथू, देवेन्द्र पुत्र मुंशीलाल नि0 ग्राम रामखेडा गिरफ्तार सभी अभियुक्त थाना हैदराबाद क्षेत्र से संबंधित है। सभी अभियुक्तों को उनके घरों से पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। दो अभियुक्तो को जमानत पर छोड़ा गया शेष 10 अभिक्तों को विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ,उ0नि0 सन्तपाल सिंह राठौर, उ0नि0 हेमन्त कटियार , उ0नि0 श्री अशोक कुमार सिंह, हे0का0 अरुण यादव, देवेन्द्र सिंह रामेन्द्र सिंह, का0 धर्मेन्द्र सिंह, संजीव यादव, महेश कुमार, कन्हैया तेजयान, शिवेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# पीडित पत्रकार ने थाना धौराहरा में दी तहरीर और की कार्यवाही की मांग

**● मानक विपरीत इंटरलॉकिंग कार्य की खबर से बौखलाए पंचायत सचिव ने पत्रकार को दी अश्लील गालियां और मुकदमे में फसाने की दी धमकी**




स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** आजकल पत्रकारों को सच्चाई उजागर करना काफी महंगा साबित हो रहा है अभी हाल ही में तहसील धौराहरा में एक पत्रकार के द्वारा सच्चाई का खुलासा इस कदर भारी पड़ा कि दबंगों द्वारा उसके ऊपर प्राण घातक हमला कर लहू लोहान कर दिया गया दूसरा मामला अभी तहसील मितौली में प्रकाश में आया जिसमें एक युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी है अभी इन मामलों की आग शांत नहीं हो पाई थी कि एक और हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है जिसमें एक गाली बाज सचिव भास्कर राय द्वारा पत्रकार को बड़ी ही भद्दी व अश्लील गालियां देते हुए धमकाए जाने का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है क्या है पूरा मामला विकासखंड धौराहरा की ग्राम पंचायत केशवपुर कला और केशवपुर खुर्द में विकास कार्यों में किए गए।

घाल मेल की खबर सोशल मीडिया ग्रुपों पर वायरल की थी अपने द्वारा सोशल मीडिया में वायरल खबर में पत्रकार का आरोप है ग्राम पंचायत में ग्राम निधि से इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में भारी धांधली की गई घटिया सामग्री से इंटरलॉकिंग का निर्माण कराया गया कराए गए निर्माण कार्य में पीला ईटों का प्रयोग और घटिया किस्म की सीमेंट का प्रयोग किया गया उक्त निर्माण कार्य में ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव पर कराया जा रहे हैं इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाए गए थे अपने खिलाफ छपी खबर से बौखलाए दबंग गालीबाज पंचायत सचिव ने पत्रकार के मोबाइल पर फोन करके मां बहन की गंदी-गंदी अश्लील गालियां दी और धमकी ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है पीड़ित पत्रकार ने थाना धौराहरा में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है मामले की लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक खीरी से करने की बात कही गई है उक्त मामले की साक्ष्यो समेत शिकायत भारतीय प्रेस परिषद नई दिल्ली को प्रेषित कर गाली-बाज पंचायत सचिव के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की जाएगी उक्त मामले पर जब पंचायत सचिव भास्कर राय से फोन कर जानकारी चाहने का प्रयास किया तो उनका मोबाइल बंद मिला वहीं जब खंड विकास अधिकारी धौरहरा के मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका भी फोन बंद बताता रहा।

## गोला खुटार नेशनल हाईवे पर वश ने बाइक स्वरों को रौंदा. एक ही परिवार के चार लोगों की हुई दर्दनाक मौत



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** कुदरत ने अजीब खेल खेलते हुए आज अंतिम संस्कार में शामिल होने आए एक ही परिवार के चार लोगों की गोला खुटार नेशनल हाइवे 730 पर संसारपुर में घर वापस जाते समय बाइक सवारो को बस से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद कोहराम मच गया।बताया जाता है कि सभी मृतक एक ही परिवार के थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम रायपुर निवासी शिवकुमार 35 वर्ष शिवकुमार की पत्नी 30 वर्ष शिवकुमार के पिता राम अवतार 55 वर्ष आशू कुमार का 8 वर्षीय पुत्र शिवांश संसारपुर एक रिश्तेदारी हुई मिट्टी में शामिल होने गए थे वापस आते समय गोला खुटार हाईवे पर एक बस ने चारों बाइक सबारो को रोंद दिया। सड़क हादसे के बाद चारों घायलों को सीएससी गोला लाया गया जहा चिकित्सकौ ने चारों घायलों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने चारों सबों को सील बंद कर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय को भेज दिया।

## गन्ने की सिंचाई करने गए युवक का शव कुएं में उतरता हुआ मिला





स्वतंत्र प्रभात

**बरेली**/थाना क्योलडिया क्षेत्र के गांव डडिया सफदर अली के 35 वर्षीय किसान श्रीपाल पुत्र गेंदल लाल मंगलवार सुबह 4:00 बजे गन्ने के खेत में पानी लगाने के लिए गया था परिजनों के मुताबिक वह सोमवार को खेत की पूरी भराई न होने पर फिर मंगलवार सुबह तड़के 4:00 बजे खेत पर गन्ने के खेत में इंजन से पानी लगाने गया था सुबह 6:00 बजे उसके पिता के गेंदल लाल ने खेत पर जाकर श्रीपाल को आवाज दी और ढूंढा लेकिन वह कहीं भी दिखाई नहीं दिया। उन्होंने गांव में जाकर मालूम किया और खेतों पर काम कर रहे लोगों से श्रीपाल के बारे में पूछा लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। उसके चाचा रघुनंदन प्रसाद उसे देखने गए। इंजन भी बंद था तो पास के राम बहादुर के खेत में बने कुएं के पास चप्पल देखी तो उसने गेंदल लाल को बुलाकर चप्पल दिखाई तो गेंदल लाल ने चप्पल पहचान ली। और कुछ ही दूर उसकी तंबाकू पड़ी थी तो उन्होंने कुएं में झांककर देखा तो कुएं उनकी चीख निकल गई।

कुएं में उनके बेटे का शव उतरा रहा था। उनके चीखने चिल्लाने पर खेतो पर काम कर रहे लोग दौड़ कर उनके पास गए। और रस्सी के सहारे शव को बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। कुएं में डूबने की मौत की खबर सुनकर सैकड़ों लोग वहां पहुंच गए। सूचना पर तुरंत डायल 112 मौके पर पहुंची थोड़ी ही देर में थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। हालांकि परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। श्रीपाल 3 भाई 3 बहन श्री पाल दूसरे नंबर का था । बड़ा भाई पूरी तरह विकलांग व छोटा भाई दिल्ली में मजदूरी करता है श्री पाल सबसे मेहनती था अकेले ही सारी खेती करके परिवार का पालन पोषण करता था। श्री पाल अपने पीछे दो लड़के 9 साल का अंश और 6 साल का आरव और पत्नी प्रियंका को पीछे छोड़ गया। श्री पाल की मौत से परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

# झोला छाप डॉक्टरों के द्वारा मौत का सिलसिला जारी

स्वतंत्र प्रभात




**लखीमपुर खीरी** जनपद से बडी खबर जहां पर एक डॉक्टर ने चंद पैसों के लिए नाबालिक बच्ची का अबॉर्शन कर डाला.डॉक्टर बना जल्लाद. पीड़िता की मां व पीड़ित लड़की ने आरोपी डॉक्टर का नाम लेते हुए गंभीर आरोप लगाए है लड़की जिंदगी और मौत से लड़तें हुए पहुंची मेडिकल कॉलेज लखनऊ लड़की के परिजनों ने आरोपी डॉक्टर का बताया नाम वा पताऔर की करवाई की मांग !सूत्र बताते है।

कि लखीमपुर खीरी के थाना मझगई क्षेत्र के एक गांव में दलित किशोरी को इंस्टाग्राम से हुआ प्यार लड़का लड़की को गर्भवती करके हुआ फरार !जिसके बाद मामेले कि गंभीरता को देखते हुए परिजन डॉक्टर के पास लड़की को लेकर पहुंचे जिसके बाद देखिए कहा चंद पैसों के लिए डॉक्टर बना जल्लाद लोगो का आरोप है उक्त डॉक्टर काफी टाइम से कर रहा है गर्भ में पल रहे बच्चों की जान लेने का काम !भगवान कहे जाने वाले डॉक्टर चंद्र पैसों के लिए कोख में पल रहे बच्चे को मौत के घाट उतारने का ले रहे हैं ठेका बच्चा पैदा होने के बाद भविष्य में कुछ भी पढ़ लिखकर बन सकता है लेकिन ऐसे डॉक्टर चंद्र पैसों के लिए कोख में ही खात्मा करने का लेते हैं ठेका !और इन डॉक्टरों पर सी एम ओ खीरी की नज़र न पड़ना उनकी कार्य प्रणाली पर सबाल खड़े करने को काफ़ी है।

गौर तलब हो कि दुबाहा निवासी एक डॉक्टर ने8000 लेकर कर दिया दलित किशोरी का अबॉर्शन जिसके बाद लड़की कि हालत काफ़ी ख़राब हो गई जिसको इलाज के लिए लखनऊ मेडिकल कॉलेज भर्ती कराये जाने कि बात जानकारी मे आई है लोगो का कहना है ऐसे कातिल डॉक्टर के ऊपर होनी चाहिए बड़ी कार्रवाई और कठोर दंड दिया जाना चाहिए जिससे भविष्य मे कोई भी मेहमान का धरती पर आने से पहले ही कोख मे मारे जाने की घटना की पुनरावृत्ती न हो।

# प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए अल्लैहया पहुंची भारत सरकार की टीम

स्वतंत्र प्रभात



**बरेली**/प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत अल्लैहिया का नाम अधिकारियों द्वारा चयनित कर भेजा गया इस ग्राम पंचायत में आज भारत सरकार की टीम ने आकर योजनाओं का धरातलीय निरीक्षण किया तो उनको कार्य संतोषजनक प्राप्त हुआ इस टीम में भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के उप सचिव अजय कुमार बी आर सहकारिता मंत्रालय की निदेशक कपिल मीणा भारत सरकार से बरेली के विकासखंड भदपुरा कि इस ग्राम पंचायत मैं पहुंचे ।

यहां पर उन्होंने शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई धनराशि के पत्रों तक सही उपयोग होने पर हर्ष व्यक्त किया और कहा सभी ग्राम प्रधानों को इसी तरह सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को देना चाहिए यहां पर उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवालय आंगनबाड़ी केंद्र आवासों के लाभार्थी के साथ गांव में बने शौचायलयों का भी निरीक्षण किया गया कई लाभार्थियों से टीम में आए अधिकारियों ने वार्ता की परंतु सब कुछ उन्हें संतोषजनक मिलने पर उन्होंने हर्ष व्यक्त किया।

इसी क्रम में ग्रामीणों से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रति जानकारी की जिसका धरातल पर उपयोग होता भारत सरकार की टीम को मिला जिसके लिए उन्होंने यहां की ग्राम प्रधान कृष्णा देवी एवं खंड विकास अधिकारी कमल सिंह चौहान की सराहना की यहां पर उपस्थित भारत सरकार से रक्षा मंत्रालय के उप सचिव अजय कुमार बी आर सहकारिता मंत्रालय की निदेशक कपिल मीणा जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर जिला कार्यक्रम अधिकारी क्यों लड़िया के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ मोहम्मद मुगीश खंड विकास अधिकारी कमल सिंह चौहान सहायक खंड विकास अधिकारी पंचायत रणजीत सिंह के साथ अनेकों ग्राम पंचायत सचिव तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

# ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव सहित टी. ए. व रोजगार सेवक की कामधेनु बनकर रह गई मनरेगा योजना


**● फर्जी मास्टर रोल मे फर्जी हाज़िरी लगाकर एवं फर्जी फोटो अपलोड कर डकारा जा रहा मनरेगा का धन**

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** भले ही सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ जहां भ्रस्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जीरो टारलेंस की नीति लागू कर रहे हो पर जिले के विभागीय जिम्मेदारो की धनलोलुप्त की वजह से योगी के आदेशों का कोई असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है मामला विकास क्षेत्र लखीमपुर की ग्राम पंचायत चोरहा जिम्मेदार अधिकारी व पंचायत सचिव व पंचायत मित्र की मिली भगत के चल रहा फर्जीवाड़ा मनरेगा के तहत मजदूरो के खाते में ट्रांसफर किये गये हजारों रुपए व बैंक से निकल भी गए। जो उनके व्यक्तिगत लोग है फर्जी मैठ बना कर खड़ा कर दिया जाता है जो की वो लोग केवल घूमने जाते है जब कोई पूछता है बोलते है कि हम मैट हूं कोई काम नहीं करूंगा कानून देखा जाए तो एक ही मैट होना चाहिए और एक पानी पिलाने वाला और इस ग्राम पंचायत में 5 मैट है जो एक साथ मनरेगा का कार्य करते हैजो कभी घर से बाहर नहीं निकलते हैं वो आदमी की आड़ में बैंक से घर बैठे निकाल रहे हैं मनरेगा का पैसा, ग्राम पंचायत चौराहा में महात्मागांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में भ्रष्टाचार का तड़का लग चुका हैं।पूरा मामला ग्राम पंचायत चोरहा का हैं। जहां के ग्रामीणों के खातों में बिना मजदूरी किए इस योजना का पैसा ग्राम पंचायत सचिव व पंचायत मित्र जिम्मेदार अधिकारी की मिली भगत से पंचायत मित्र अपने ही चाहते अपने खास आदमी के खाते में मनरेगा का पैसे ट्रांसफर कर दिया जाता है। इसके बाद ग्राम चोरहा के पंचायत मित्र की मिली भगत से कुछ पैसे देकर पूरा पैसा खुद की जेब में रख लिया जाता है।

यह जिम्मेदार लोग कई सालों से फर्जीवाड़ा मनरेगा में कामनहीं कर रहे हैं और अपने चहेतों के खातो में पैसा ट्रांसफर कर के निकाल रहे हैं।अब देखना यह होगा कि खबर चलने के बाद इन फर्जीवाड़ा करने वालों पर क्या कुछ कार्रवाई होती है या ऐसे ही मामला दब जाएगा।अगली खबर जिन लोगों के खातों में फर्जी तरीके से पैसा ट्रांसफर किया गया है।उसके बाद कुछ पैसा देकर निकाल लिया गया है अब नाम सहित खबर होगी उजागर।

ग्राम पंचायत चौराहा में मनरेगा योजना अंतर्गत किए गए मजदूरों के भुगतानों की सूची पर एक नजर डालें तो सूची में दर्ज नाम में से 50त्न से अधिक ऐसे लोग हैं जो कभी काम करने गए ही नहीं है इनकी फर्जी फोटो अपलोड कर फर्जी हाजिरी लगा करके एक व्यापक स्तर पर उनके खातों में पैसा डालकर मनरेगा योजना को आए सरकारी धन का बंदरबाट कर अपनी-अपनी तिजोरिया भर लिए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है सूत्र बताते हैं अधिकांश लोग कभी काम करने ही नहीं जाते हैं और उनको 100 दिवस का रोजगार दिया जाना दर्शाया गया है और इसी के तहत उनके खातों में भुगतान भी भेजा गया यदि जिम्मेदार अधिकारी ने मामले का संज्ञान और कारण निष्पक्ष जांच तो



| पंचायत | पंजीकरण पहचान पत्र | घर के प्रमुख | रोज |
|---|---|---|---|
| CHORHA | UP-28-011-062-001/819 | RAMRATI | 31 |
| CHORHA | UP-28-011-062-001/829 | RAMJEEVAN | 39 |
| CHORHA | UP-28-011-062-001/830 | RAM PRATAP | 13 |
| CHORHA | UP-28-011-062-001/832 | AVNEESH KUMAR | 100 |
| CHORHA | UP-28-011-062-001/844 | RENU | 46 |
| CHORHA | UP-28-011-062-001/851 | Arun Kumar | 8 |
| CHORHA | UP-28-011-062-001/882 | Pramod Kumar | 44 |
| CHORHA | UP-28-011-062-001/883 | Lokush Kumar | 44 |
| CHORHA | UP-28-011-062-001/884 | Harinam | 29 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/131 | मेवा लाल | 69 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/133 | शिव गोविन्द | 59 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/137 | भारती | 100 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/154 | अवधेश कुमार | 8 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/171 | SANJAY KUMAR | 54 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/251 | NAND KISHOR | 23 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/353 | RAMU | 8 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/356 | VEERPAL | 22 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/410 | DHASARATH PRASAD | 99 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/592 | RAJENDRA PRASAD | 7 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/764 | SURAJ | 100 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/765 | VISHNU LAL | 8 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/770 | RAM KALI | 84 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/771 | RUBI DEVI | 75 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/773 | PUSHPA DEVI | 91 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/776 | PRADEEP KUMAR | 1 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/822 | LALIT KUMAR | 100 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/823 | MANJU DEVI | 7 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/824 | SHILPI DEVI | 100 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/825 | SANGEETA DEVI | 100 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/826 | RADHA DEVI | 84 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/827 | NEERAJ | 84 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/845 | Urmila Devi | 99 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/846 | Sumit Kumar | 92 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/847 | Dheerendra Kumar | 69 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/849 | Ravishankar | 60 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/862 | Kamlesh Kumar | 6 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/863 | Deepak Kumar | 7 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/866 | Akash Kumar | 67 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/867 | Naimish Kumar | 67 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/868 | Reena Devi | 60 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/869 | Sachin Kumar | 67 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/870 | Durgesh Kumar | 67 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/871 | Jay Singh | 60 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/872 | Abhishek Kumar | 45 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/876 | Vishal Kumar | 67 |
| CHORHA | UP-28-011-062-002/877 | Shiva Verma | 67 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/1 | शिवराम | 13 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/10 | कुन्दन | 74 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/100 | गंगा राम | 91 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/106 | शिव कुमार | 61 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/11 | केशव राम | 21 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/119 | रंजीत | 10 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/12 | सिया राम | 81 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/151 | पंकज कुमार | 69 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/153 | सोमवती | 92 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/162 | सुरेश | 8 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/164 | सुरेश | 7 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/166 | बल वीर | 91 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/168 | dharmpal | 100 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/169 | rampal | 59 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/189 | दिपक | 50 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/190 | [illegible] | 99 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/191 | [illegible] | 77 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/192 | [illegible] | 99 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/193 | राम सागर | 11 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/194 | मोती लाल | 100 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/196 | ललता प्रसाद | 68 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/202 | [illegible] | 8 |
| CHORHA | UP-28-011-062-003/204 | शिव कुमार | 50 |

मनरेगा योजना में एक बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा होगा देखना अब यह है की खंड विकास अधिकारी से लेकर जिला स्तरीय मनरेगा उपायुक्त द्वारा इस मामले पर क्या कार्रवाई की जाती है।

## झोलाछाप डॉक्टर नीरज पर नही पड़ रहा नोटिस का असर

**● मेडिकल स्टोर की आड़ में नोटिस चशपा होने के बावजूद बेखौफ क्लीनिक चला रहा झोलाछाप डॉक्टर नीरज**



स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** भले ही सुबे के डिप्टी सीएम व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री की लाख सख्ती के बावजूद विभागीय जिम्मेदारों को मिली भगत से गैर पंजीकृत डिग्री विहिन डॉक्टरों की क्लीनिके संचालित होती देखी जा सकती हैं जिसका ज्वलंत उदाहरण कस्बा मैगलगंज के अंतर्गत औरंगाबाद रोड पर प्राइमरी स्कूल के पास बैठे एक झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक कम नर्सिंग होम संचालित हो रहा है उक्त झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक का ना तो पंजीकरण ही और ना ही कोई वैध चिकित्सीय डिग्री ही है फिर भी यह लोगों को सस्ती और अच्छी चिकित्सा व्यवस्था का सब्जबाग दिखाकर लोगों की जान को जोखिम में डाला जा रहा है और जिम्मेदार मामले का अनसुना करने में लगे हैं सूत्र बताते हैं उक्त झोलाछाप डॉक्टर नीरज की क्लीनिक को गतमाह पूर्व सीज किया था लेकिन उक्त डाक्टर ने धनबल के दम पर अपनी क्लिनिक सीज होने के तीसरे ही दिन खुलवाली और धड़ल्ले से लोगों का इलाज करता देखा जा रहा है एलानिया कहते सुना जा रहा है मेरी क्लीनिक पर कोई नहीं आएगा मैं ऊपर तक पैसा भेजता हूं मेरे क्लीनिक पर कोई कार्यवाही हो सकती है ऐसा क्या जो इसकी क्लीनिक पर कार्यवाही नहीं हो सकती क्या इनके ऊपर शासन के आदेश प्रभावी नहीं होते हैं अब देखना है उक्त क्लिनिक को सीज किया जाता है या फिर नोटिस चस्पा करके प्रेक्टिस करने के लिए खुला छोड़ दिया जाएगा।

## न्याय की गुहार लगा रही सोसायटी के सचिव की बेवा पत्नी गोदाम पर लटकता मिला था शव

**● परिवार का खाद माफिया सहित कई पर मार कर लटकाने का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर**/तीन-तीन मंत्रियों वाले शाहजहांपुर जनपद में वक्त की मारी एक ब्राह्मण समाज की बेवा जिसके पति सोसायटी सचिव की लाश दो दिन पूर्व ड्यूटी स्थल गोदाम पर फंदे से लटकी हुई मिली थी वह लोगों से रो-रो कर न्याय की गुहार लगा रही है और जो नेता और अधिकारी पोस्टमार्टम होने से पहले बड़ी से बड़ी जांच कराने की बात कर रहे थे वह आज उसकी एक भी सुनने को तैयार नहीं है जबकि सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर भी शाहजहांपुर जनपद से ही आते हैं और उन्हीं के विभाग से जुड़ा हुआ मामला है और उनके सगे भाई डीपीएस राठौर शाहजहांपुर जनपद के जिला सहकारी बैंक सभापति है जिन्होंने पीएम हाउस जाकर पीड़ित परिवार को हर संभव मदद और न्याय का भरोसा दिलाया था फिलहाल पीड़ित परिवार 25 मार्च को पुलिस अधीक्षक से मिला और न्याय की गुहार लगाते हुए खाद माफिया सहित कई पर गंभीर आरोप लगाते हुए बरेली के सुभाष नगर निवासी सोसायटी के सचिव मृतक दिनेश मिश्रा की मौत में मुरारी लाल गुप्ता पुत्र सरनाम गुप्ता निवासी टांटरा बाद थाना गढ़िया रंगीन जिन्हें खाद माफिया बताते हुए अनैतिक दबाव बनाने और मारकर टांग देने का आरोप लगाया है पीड़ित ने बताया 2 वर्ष पहले पवन उर्फ भोले पुत्र अरेंद्र सिंह निवासी जौरा खास से मुकदमा बाजी चल रही थी जिसको लेकर पवन रंजिश मानता था और मुकदमे में राजीनामा करने का दबाव बना रहा था और फैसला न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा था इस संबंध में मृतक ने एक दिन



पहले अपनी पत्नी को भी बताया था कि क्षेत्र के 15 से 20 लोग नाम पता अज्ञात पर मृतक के उधार के पैसे बकाया थे जो नहीं दे रहे थे और जान से मार डालने की धमकी दे रहे थे परिजनों ने उपरोक्त लोगों पर शक ही नहीं पूर्ण भरोसा करते हुए आशंका जताई है कि सचिव दिनेश मिश्रा को मारकर लटकाया गया है और उनकी हत्या की गई है फिलहाल संबंध में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## पीलीभीत के कलीनगर तहसील क्षेत्र में राशन वितरण में बड़ी गड़बड़ी

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत** जिले की तहसील कलीनगर के लोगों की सेहत के साथ किया जा रहा है खिलवाड़ गांव सड्ई, भैरो कला, अभयपुर में कोटेदारों के पास पहुंचे गेहूं में 50त्न से 60त्न मिट्टी जो कोटेदारों ने लेने से किया इनकार आम गरीब मजदूरों को कोटे द्वारा खाने को दी जाने वाली गेहूं में 50त्न मिट्टी मौके पर ग्रामीणों ने गेहूं के ट्रक को रोका सप्लाई इंस्पेक्टर की मिलीभगत से राशन कार्ड धारकों को नहीं मिल रहा है। शुद्ध राशन जब खराब गुणवत्ता का राशन लोगों को दिया जाता था, तो वे विरोध करते थे। राशन की आपूर्ति एफसीआई द्वारा की जाती है। खराब क्वालिटी का राशन वितरण एफसीआई की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। घटना की सूचना मिलते ही पूर्ति विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिला पूर्ति अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि मामले की जांच के लिए स्टाफ को भेजा गया है। जांच रिपोर्ट तैयार कर डीएम को सौंपी जाएगी।

पीलीभीत के कलीनगर तहसील क्षेत्र में राशन वितरण में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। किसान नेताओं ने संड्ई गांव में राशन से भरे एक ट्रक को रोककर जांच की। गेहूं में भारी मात्रा में मिट्टी मिली पाई गई स्थानीय कोटेदारों के अनुसार यह समस्या काफी समय से चल रही है। जब खराब गुणवत्ता का राशन लोगों को दिया जाता था, तो वे विरोध करते थे। राशन की आपूर्ति एफसीआई द्वारा की जाती है। खराब क्वालिटी का राशन वितरण एफसीआई की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।घटना की सूचना मिलते ही पूर्ति विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिला पूर्ति अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि मामले की जांच के लिए स्टाफ को भेजा गया है। जांच रिपोर्ट तैयार




कर डीएम को सौंपी जाएगी।आखिर लापरवाही के पीछे कौन राशन वितरण किए जाने को लेकर ट्रक से गांव में पहुंचे खराब गेहूं का मामला संज्ञान में आने के बाद बड़ा सवाल यह उठ रहा है, कि आखिर सरकारी गोदाम में खराब गेहूं कहां से आया। यह गेहूं बिना चेक किया किसके आदेश पर राशन की दुकान के लिए रवाना कर दिया गया। फिलहाल अभी पूरे मामले से जांच के बाद ही पर्दा उठेगा।

# विराट कवि सम्मेलन सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**जंगबहादुरगंज खीरी।** विराट कवि सम्मेलन सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन स्वर्गीय राधा गुप्ता की पावन स्मृति में किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह द्वारा मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया है। जनपद लखीमपुर खीरी के पसगवां ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बरखेरिया जांट निवासी भाजपा नेता अशोक गुप्ता ने दिनांक 24 मार्च को अपनी माता स्वर्गीय राधा गुप्ता की पावन स्मृति में एक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन कृषि रक्षा इकाई प्रांगण बरखेरिया जाट में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किये जिसमें जाने माने कवियों ने काव्य पाठ कर श्रोताओं को रोमांचित किया पूरी रात पंडाल वाह वाह व तालियों की आवाजों से गूंजता रहा सर्वप्रथम चंदौसी से आयी कवित्री पल्लवी शर्मा ने मां शारदे की बंदना की। जिसके बाद उन्नाव से चलकर आये हास्य कवि अनुभव अज्ञानी ने अपने काव्य पाठ में सुनाया ,तुमने किसी और को था चाहा, ठुकरा मेरा प्यार तुमने किसी और को सराह, अब जा रही हो जाओ मै श्राप दे रहा हूं ओम हिम क्लीं चामुण्डायै विच्चै सोहा, उनके बाद जे बी गंज के ही निवासी शायर पीयूष अग्निहोत्री ने सुनाया , ऐन मौके पे ये तस्वीर बदल सकती है, एक लम्हे में ही तकदीर बदल सकती है, खूब विश्वास पड़े तब ही भजना राँझे,कटघरे में भी तेरी हालत बदल सकती है, उसके बाद हरदोई से आयी गीतकार पल्लवी मिश्रा ने सुनाया ,राम ही है कृष्ण और राम ही महेश हैराम ही वैकुंठ पति हरि अवतार है,जिसके बाद हरदोई से आए हास्य कवि अजीत शुक्ला ने सुनाया,हसीनों से चोंचें लड़ाते रहोगे,कमाई पिता की उड़ाते रहोगे,हासिल न होगा तुम्हे मजनुओं कुछ,मोहब्बत में जूते ही खाते रहोगे,बही बरेली से चलकर आए ओज कवि कमल कांत त्रिपाठी ने सुनाया ,सदा ही आपके हृदय में भरकर प्यार बोलेंगे, सुनो एक बार न दो बार हम हर बार बोलेंगे, उसके बाद भगवान राम ही धरती अयोध्या से आए ओज कवि दुर्गेश पांडेय( दुर्लभ ) ने सुनाया, मईया मेरे भाई की कलाई तो निहारो जरा,

मुट्ठी ने राखी की बधाई लेके आया है, जे बी गंज निवासी हास्य व्यंग कवि व कार्यक्रम के अध्यक्ष श्रीकांत सिंह ने भी बहुत अच्छी अच्छी




कविताएं सुनाई कार्यकम का संचालक बाराबंकी से आए हास्य कवि विकास बौखल ने किया और साथ ही साथ बहुत अच्छी अच्छी कविताएं सुनाई इस दौरान क्षेत्र के सम्मानित लोगों को सम्मानित किया इस मौके पर पसगवां कोतवाली प्रभारी रविंद्र सोनकर,आयोजक अशोक गुप्ता,पुनीत गुप्ता,दीपू गुप्ता,पप्पू गुप्ता,सोहन सिंहप्रधान, आशीष प्रधान जे बी गंज, अशोक सिंह,,मोनू सिंह व सैकड़ों की संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

# आपदा मोचक बल की टीम के साथ बच्चों को खोजने नदी में उतरे एडीएम -अरविंद कुमार

**● नदी में नहाने गए तीन बच्चों में एक का शव 24 घंटे बाद बरामद**

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर**/शहर के सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला मामुड़ी के मोहम्मद शाहरुख उम्र 12 वर्ष, मोहम्मद शोएब उम्र 14 वर्ष, एवं मोहम्मद एकलाक उम्र 11 वर्ष तीन बच्चे नहाते समय 24 मार्च को नदी में डूब गए थे जिनकी सूचना जैसे ही जिला प्रशासन को लगी तो तुरंत उनकी खोजबीन के लिए आपदा टीम को नदी में उतार दिया गया देर रात तक 24 मार्च को बच्चों की तलाश जारी रही 25 मार्च को सुबह होते ही फिर आपदा टीम के





साथ पीएसी बटालियन खोजबीन में लग गई और खुद एडीएम अरविंद कुमार वोट पर बैठकर नदी में बच्चों की खोजबीन करते दिखे तलाश के दौरान करीब दोपहर 1ः00 बजे एक बच्चे का शव बरामद किया गया अन्य दो बच्चों की तलाश खबर लिखे जाने तक जारी थी अपर जिला अधिकारी अरविंद कुमार की माने तो राज्य आपदा मोचक बल टीम को बुला लिया गया है बच्चों के परिजनों को आपदा राहत मद से चार लाख की धनराशि 24 घंटे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होते ही उपलब्ध करा दी जाएगी और एडम अरविंद कुमार की देखरेख में लगातार पीएससी टीम के साथ रेस्क्यू कार्य संचालित किया जा रहा है और तत्काल अन्य दो बच्चों की तलाश जारी है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## भदोही के नवागत अपर पुलिस अधीक्षक ने संभाला कार्यभार




**भदोही-** शुभम अग्रवाल ने मंगलवार को भदोही के अपर पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं और परिसर का निरीक्षण किया तथा पुलिस अधिकारियों और कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराध नियंत्रण को अपनी प्राथमिकता बताया। जनता से सहयोग की अपील करते हुए उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस प्रशासन आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए तत्पर रहेगा। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने वर्तमान अभियानों की समीक्षा की और संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए।

## अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना दुर्गागंज का किया गया वार्षिक निरीक्षण



थाना कार्यालय, परिसर भोजनालय, शस्त्रागार, मालखाना व महिला हेल्प डेस्क आदि का किया गया भ्रमण/निरीक्षण अभिलेखों के रख-रखाव, थाना परिसर की साफ-सफाई तथा थाना परिसर में खड़े वाहनों व लम्बित मालों के नियमानुसार निस्तारण के सम्बंध में दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश आज दिनांक-25.03.2025 को अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना दुर्गागंज का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के विभिन्न रजिस्टरों, अभिलेखों के रख-रखाव, माल-खाना, शस्त्रागार व महिला हेल्प-डेस्क आदि का अवलोकन करते हुए थाना परिसर का भ्रमण कर परिसर, बैरक, मेस व शौचालय आदि की साफ-सफाई का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। थाना परिसर में खड़े वाहनों व मुकदमें से सम्बन्धित माल का यथाशीघ्र नियमानुसार निस्तारण कराने तथा विवेचकों को लम्बित विवेचनाओं के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

## नवरात्रि, रामनवमी, ईद त्यौहार पर शांति समिति कि बैठक




**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली परिसर में मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य कि अध्यक्षता में किया गया। जिसमें आगामी त्यौहार नवरात्र, रामनवमी, ईद उल फितर आदि के मद्देनजर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए कोतवाल ने उपस्थित लोगों से अपील किया कि सभी पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। कहा कि किसी प्रकार की कोई नई परंपरा शुरू न करें। साथ ही अफवाह फैलाने वालों व शांति व्यवस्था प्रभावित करने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। कोतवाल ने ईद की नमाज को लेकर सभी ईदगाहों के बारे में जानकारी प्राप्त किया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने साफ सफाई आदि का मामला उठाया जिस पर आश्वासन दिया गया कि कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर सौरभ सिंह,पंडित बृजेश पांडेय, मुन्ना चौबे,शिवानंद गिरी, कल्लू साहनी,मुबारक अली, शहजाद आलम,मजहर अली आदि थे।

## उर्जांचल टाइगर्स ने बंजारा इंडियंस को हरा कर फाइनल में बनाई जगह

**अनपरा सोनभद्र।** स्व. श्री बाबू लाल वर्मा स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन ऊर्जान्चल टाइगर्स ने बंजारा इंडियंस को 6 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली जिसका बुधवार को फाइनल अनपरा लायंस से खेला जाएगा ।बंजारा इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 44.2 ओवरों में 253 रनों पर सिमट गई, जिसमें आदर्श जायसवाल ने 77, युवराज 48, उज्वल 42 रन बनाए, ऊर्जान्चल टाइगर्स के तरफ से विशाल, धैर्य ने 3-3, रणवीर ने 2 विकेट लिए, जवाब में ऊर्जान्चल टाइगर्स ने 36.5 ओवरों में 4 विकेट पर 254 रन बनाकर फाइनल में जगह बनाई जिसमें आकाश गुप्ता ने शानदार शतक लगाते हुए 106 रनों की पारी खेली, ओमांश ने 37 एवं धैर्य ने नाबाद 28 रनों की एवं कप्तान साक्षी मिश्रा ने चौका लगा कर जीत दिलाई । बंजारा के तरफ से युवराज ने 2 विकेट लिए, शानदार प्रदर्शन करने के लिए सयुंक्त रूप से मैन ऑफ द मैच ऊर्जान्चल टाइगर्स के धैर्य चतुर्वेदी एवं आकाश गुप्ता को सहायक अभियंता मानवेंद्र चतुर्वेदी,अंजली चतुर्वेदी, आनंद मौर्या, सुनीता मौर्या के द्वारा दिया गया।

# नवनियुक्त अध्यक्ष वसीम अंसारी जी का पदभार ग्रहण समारोह कांग्रेस कमेटी कार्यालय मे निवर्तमान अध्यक्ष डा राजेंद्र कुमार दूबे राजन जी की अध्यक्षता में संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही-** जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के नवनियुक्त अध्यक्ष वसीम अंसारी जी का पदभार ग्रहण समारोह गिरधरपुर ज्ञानपुर स्तिथ जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय मे निवर्तमान अध्यक्ष डा राजेंन्द्र कुमार दूबे राजन जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अंसारी समाज के जिला अध्यक्ष सुबुक्तगीन अंसारी जी ने अंसारी समाज की तरफ से नवनियुक्त अध्यक्ष को पगड़ी पहनकर स्वागत किया। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह टोनी ने संविधान की प्रति व नीला अंगवस्त्रम पहनकर स्वागत किया। इस औसत पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने गगन भेदी नारों के साथ निवर्तमान व नवनियुक्त अध्यक्षों को माला पहनकर अभूतपूर्व स्वागत किया। नायक फ़िल्म के एक सीन में अनिल कपूर जी को एक दिव्यांग व्यक्ति माला पहनाकर भ्रष्ट सिस्टम से लड़ने का आह्वाहन किया था. उस दिव्यांग व्यक्ति का नाम था पंकज पाठक. आज पदभार ग्रहण समारोह में पंकज पाठक जी ने नव नियुक्त अध्यक्ष वसीम अंसारी जी को माला पहनाकर इस निरंकुश सरकार को उखाड़ फ़ेंकने का आह्वाहन किया। इस अवसर पर निवर्तमान जिला अध्यक्ष डा राजेंद्र कुमार दूबे जी ने कहा कि पार्टी ने मुझे 3 साल तक मौका दिया उसके लिए शीर्ष नेतृत्व का हृदय की गहराईयों से आभार।

उन्होंने कहा कि मैं नवनियुक्त अध्यक्ष वसीम अंसारी जी को बधाई देता हूं और आश्वस्त करता हूं कि पूर्व की भांति दोगुनी ऊर्जा के साथ नई कमेटी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कांग्रेस को मजबूत करने का काम करूंगा. उन्होंने कहा कि वसीम अंसारी जी संगठन के समर्पित कार्यकर्ता रहें. उनके पास दो दशकों का संगठन का लम्बा अनुभव है. उनके अनुभव से निश्चित रूप से कांग्रेस संगठन को लाभ मिलेगों। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष वसीम अंसारी जी ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करते हुए सत्ता के कुनीतियों के खिलाफ जनता की आवाज़ को मज़बूत करना है. उन्होंने कहा कि युवा हृदय सम्राट राहुल गांधी जी व प्रियंका गांधी जी के हाथों को मजबूत करते हुए कार्यकर्ताओं के सम्मान पर कोई आंच नहीं आने दिया जाएगा. बुजुर्ग कार्यकर्ताओं के अनुभव व युवा कार्यकर्ताओं की ऊर्जा का उपयोग करते हुए भदोही कांग्रेस के स्वर्णम युग की वापसी करवाना व 2027 में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाना ही एक मात्र लक्ष्य है. कार्यक्रम का संचालन मृत्युंजय पांडेय जी ने कियों।

इस अवसर पर मुख्य रूप से गांधीवादी नेता विनोद श्यामधर मिश्र, निवर्तमान प्रदेश सचिव




राकेश मौर्या, सुरेश चंद्र मिश्र, पंडित दीनानाथ दुबे, त्रिलोकी नाथ बिंद, राजेश्वर दुबे सुरेश गौतम, आशुतोष पांडेय, सुबुक तगीनअंसारी, शारदा सरोज, मसूद आलम, मुशीर इकबाल, नाज़िम अली रमाशंकर बिंद,विनोद सरोज, शमशीर अहमद, अवधेश पाठक, राजाराम दूबे, मनोज गौतम, जजलाल राय, राजेंद्र मौर्या, असलम हाशमी, शक्ति मिश्रा,राम रक्षा मौर्या, राम सजीवन गौतम,रवि शंकर यादव, सुरेश चौहान, मुशतक अंसारी, करन मौर्या,परवेज हाश्मी, राजेश यादव, स्वालेह अंसारी, अकबर अंसारी, सानू खान,सरफराज अहमद, परवेज आलम, विमलेश पाल, शिवपूजन मिश्रा, महेश मिश्रा,सुमित शुक्ला, पंकज पाठक, अवधेश बिन्द,आज़ाद हुसैन, धीरज मिश्रा, नरेश मिश्रा, अजय विश्वकर्मा, फाज़िल अंसारी, मोहनिश अंसारी, लक्ष्मी शंकर चौबे, मुन्ना तिवारी, राजेश सरोज, रामफल बिन्द, गुरु जी बिन्द इत्यादि लोग उपस्थित रहें।

# साहू समाज ने मनाई माता कर्मा बाई की जयंती



**पहाड़ी, चित्रकूट:** उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासभा कार्यालय पहाड़ी में माता कर्मा बाई की जयंती मनाई गई। इस दौरान साहू समाज के लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में साहू समाज के मण्डल अध्यक्ष शिवकुमार साहू ने कहा कि माता कर्मा का जन्म विक्रम संवत 1073 के चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को झांसी के रहने वाले रामशाह तेल व्यापारी के यहां हुआ था। साहू समाज के जिलाध्यक्ष मनीष कुमार साहू ने कहा कि माता कर्मा बाई भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त थी। उन्होंने समाज की कुरीतियों को मिटाने के लिए लोगों को जागरुक किया। कार्यक्रम का संचालक रामनारायण साहू ने किया। साथ ही समाज सेवा क्षेत्र में भी अपना योगदान दिया। इस मौके पर पहाडी ब्लाक अध्यक्ष अनिल साहू, जानकी साहू, रामनरेश साहू, प्रदीप कुमार साहू, वंशीलाल साहू, सन्तोष साहू आदि मौजूद रहे।

# ऊंज व पीआरवी-2307 पुलिस टीम के अथक प्रयास से 26 वर्षो से गुम रहे मंदबुद्धि व्यक्ति अपने परिजनों से मिले



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही-** दिनांक 24.03.2025 को थाना ऊंज क्षेत्र अंतर्गत डायल 112 पीआरवी-2307 पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक मंदबुद्धि वृद्ध व्यक्ति इधर-उधर भटकते हुए अवस्था में पाया गया। मानसिक रूप से कुछ अस्वस्थ होने के कारण अपने नाम और पता के संबंध में स्पष्ट नहीं बता पा रहे थे। पीआरवी पुलिस टीम द्वारा उनके परिजनों के संबंध में जानकारी करने हेतु उन्हें अपने वाहन से थाना ऊंज पर लाया गया

अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा गुम व्यक्तियों के संबंध में संवेदनशीलता पूर्वक त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के क्रम में प्रभारी निरीक्षक ऊंज मय पुलिस टीम द्वारा व्यक्ति का प्रयास कर वृद्ध व्यक्ति की पहचान राजेंद्र प्रसाद नागर पुत्र स्व0 हरिप्रसाद निवासी ग्राम बासुपट्टी (नयेपूरा) थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर उम्र करीब 58 वर्ष के रूप में किया गया। पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना देकर गुम मंदबुद्धि वृद्ध व्यक्ति को उनके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया।

परिजनों द्वारा बताया गया कि राजेंद्र प्रसाद नागर वर्ष 1999 मेंगुम हो गए थे। पूर्व में भी है यह दो बार गुम हुए थे, जो कुछ समय बाद मिल गए थे। विगत 26 वर्षों के बाद आप लोगों के अथक प्रयास से हम लोगों को पुनः मिल सके। हम सभी अपने पारिवारिक सदस्य को 26 वर्षों के बाद पुनः अपने बीच पाकर बहुत खुश है। परिजनों द्वारा भदोही पुलिस के मानवतापूर्ण कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद किया गया।

# स्वर्ण चेतना सभा द्वारा टोल टैक्स वसूली के विरोध में जिलाधिकारी के माध्यम से केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन भारत सरकार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से सौपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

नितिन गडकरी जी सड़क परिवहन मंत्री भारत सरकार के द्वारा उप जिलाधिकारी जिला हरदोई उ0प्र0 सवर्ण चेतना सभा एक सामाजिक संगठन है,जो समाज में प्रमुख घटनाओं को समय-समय पर उठा आप वरिष्ठ जनों का ध्यानाकर्षण करती है।सवर्ण चेतना सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0आदर्श दीपक मिश्र एडवोकेट के नेतृत्व में जिलाधिकारी हरदोई को ज्ञापन सौपा गया।। आज हरदोई लखनऊ मार्ग संख्या 731 नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधीनस्थ आपके दिशा-निर्देश में निर्माणधीन ही है जो कि पूर्ण से निर्मित नहीं है नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के कुछ अधिकारियों की हठधर्मिता के कारण लखनऊ मार्ग पर बल्लीपुर पर स्थित नवनिर्मित टोल टैक्स वसूली दिनांक 23/03/2025 दिन सोमवार प्रातः आठ बजे से प्रारंभ कर दी गयी। स्पष्ट करना चाहूंगा कि जब तक मार्ग पूर्ण रूप से तैयार नहीं हो जाता तब तक टोल टैक्स की वसूली आमजन मानस पर एक अतिरिक्त बोझ है जो कि नियम विरुद्ध भी है जब मार्ग पूर्ण रूप से तैयार हो तब तो टोल टैक्स की वसूली तर्कसंगत भी लगता है, इतना ही नहीं हरदोई के व्यापारी, आमजन वसूली का विरोध कर रहे है। आमजन मानस का प्रतिनिधित्व करते हुए सवर्ण चेतना सभा आप से अनुरोध करती है मार्ग निर्माण जब तक पूर्ण नहीं होता तब टोल टैक्स वसूली को स्थगित कराने की कृपा करें।

आपकी कार्यशैली वाकपटुता दक्षता की सराहना भारत ही नहीं वरन् पूरा संसार कर रहा है आप आमजन मानस के नेता है आप से सवर्ण चेतना सभा आशा ही नहीं वरन् पूर्ण विश्वास करती है कि आम जन मानस के हित में मार्ग निर्माण तक उक्त टौल टैक्स वसूली को स्थगन



आदेश निर्गत कर आमजन को कृतार्थ करने की कृपा करें। ज्ञापन का नेतृत्व सवर्ण चेतना सभा छात्र संघ के जिलाध्यक्ष आदर्श मिश्र ने किया। ज्ञापन मे प्रमुख रूप से जिला महासचिव विजय पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, श्याम वीर एडवोकेट, प्रशान्त शुक्ला, सुबोध पाण्डेय, अख्यल, रवि कश्यप, मोहन यादव, मोहित सिंह, राजीव कश्यप, नरेश यादव,अनूप दीक्षित, राजेश पाल,सहित कई साथी उपस्थित रहे।

# त्रिदिवसीय मेला प्रदर्शनी में आज जनपद प्रभारी मंत्री पहुँचकर करोड़ों रूपये की योजनाओं का करेंगे लोकापर्ण व शिलान्यास

**● जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त जनप्रतिनिधिगण, समाज सेवी, व्यापारियों, छात्र-छात्राओं, युवकों, खिलाड़ियों, शिक्षकों, धर्मगुरूओं, पत्रकार बन्धुओं, समस्त संगठन, संस्थाओं व जनपदवासियों से त्रिदिवसीय मेले में सपरिवार पहुँचकर लाभ उठाने की अपील**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** 25 मार्च 2025:- उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की नीति के 08 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ''यू0पी0 भारत का ग्रोथ इंजन'' की थीम आधारित उत्तर प्रदेश सरकार के ऐतिहासिक 8 वर्ष पूर्ण होने एवं केंद्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वीएनजीआईसी मैदान ज्ञानपुर में त्रिदिवसीय मेले के द्वितीय दिन आज 26 मार्च को मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री ए0के0शर्मा नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मुलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त एवं स्त्रोत विभाग उ0प्र0 द्वारा करोड़ों रूपये लागत की परियोजनाओं का लोकापर्ण व शिलायांश के साथ ही विभिन्न योजनाओं में 500 से अधिक लाभार्थियों को लाभपरक योजनाओं से संतृप्त किया जायेगा।

जनपद प्रभारी मंत्री ए0के0शर्मा जी के कार्यक्रम को दिव्यता व भव्यता के साथ आयोजित कराने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी विशाल सिंह व मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 शिवाकांत द्विवेदी द्वारा कार्यक्रम स्थल पर सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज त्रिदिवसीय मेले के प्रथम सत्र में कानून व्यवस्था मेला सुरक्षा, पुलिस सम्बन्धित कार्यक्रम के साथ ही निराश्रित महिला, महिला कर्मियों की सुरक्षा विषय पर संगोष्ठी व सांस्कृतिक कार्यक्रत किया जायेगा। द्वितीय सत्र में मिशन शक्ति एक दृष्टि में, मोटराईड साईकिल, कान की मशीन, महिलाओं की स्वास्थ्य विषयक संगोष्ठी का आयोजन बड़ी संख्या में जनमानस को जागरूक किया जायेगा। जनपद प्रभारी मंत्री ए के शर्मा जी द्वारा लगभग 11 बजे त्रिदिवसीय मेले में पहुँचकर विभागीय स्टालों का अवलोकन कर लाभपरक योजनाओं में लाभार्थियों को आच्छादित करते हुए करोड़ों रूपये लागत से निर्मित विभिन्न योजनाओं का लोकापर्ण व शिलायांस जनपदवासियों को समर्पित करेंगे। जिलाधिकारी विशाल सिंह ने जनपद के समस्त जनप्रतिनिधिगण, समाज सेवी, व्यापारियों, छात्र-छात्राओं, युवकों, खिलाड़ियों, शिक्षकों, धर्मगुरूओं, पत्रकार बन्धुओं, समस्त संगठन, संस्थाओं व जनपदवासियों से अपील किया है कि त्रिदिवसीय मेले में सपरिवार पहुँचकर लाभ उठाने हेतु सादर आमंत्रित किया।

# सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के पर तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ब्लाक मुख्यालय सीखड़ के प्रांगण में तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ। सीखड़ संवाद/ मीरजापुर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन नीति के सफलता पूर्वक आठ वर्ष पूर्ण होने पर विकास खंड मुख्यालय सीखड़ पर तीन दिवसीय भव्य विकास उत्सव का शुभारंभ मंगलवार को ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में सरकार के आठ वर्ष की उपलब्धियों, नीतियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को जन मानस में जन जागरूकता के लिए विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें विकास विभाग, पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग,बाल एवं पुष्टाहार विभाग समाज कल्याण, बेसिक शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, सहित अन्य विभागों की प्रदर्शनी शामिल रही। खंड विकास अधिकारी विमल प्रकाश पाण्डेय ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का उपस्थित लोगों को विस्तार पूर्वक बताया गया। उक्त अवसर पर एडीओ पंचायत अरूण कुमार मिश्र, एडीओ एजी रोहित सिंह, एडीओ आईएसबी मूरली श्याम, एडीओ समाज कल्याण विनोद कुमार शुक्ला, नीशू सिंह, डाक्टर बी,बी, सिंह



(काशी) बीसी पी एम मनिष सिंह, कृषी विभाग के डाक्टर विजेन्द्र सिंह,एमाई उमाशंकर पटेल, विकास खण्ड की आंगनबाड़ी एवं अध्यापक अध्यापिकाओं सहित कई ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नंदी ने पालिका के नवनिर्मित "छत्रपति शिवाजी हाल" का किया लोकार्पण

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केसरी द्वारा पालिका के प्रधान कार्यालय पर बनवाए गए नवनिर्मित ÷छत्रपति शिवाजी हाल÷ का औद्योगिक विकास एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री नंदगोपाल गुप्ता( नंदी )ने विधिवत मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर लोकार्पण किया।कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री नंदी का नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी,विधायक रमाशंकर सिंह पटेल एवं सुचिष्मिता मौर्या,जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह,जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन,सभासदगण एवं कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर स्वागत किया।इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आज ही के दिन भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश में सरकार बनी थी और आज ही के दिन इस नवनिर्मित ÷श्री छत्रपति शिवाजी मीटिंग हाल÷ का लोकार्पण किया गया है।सेवा,समर्पण बैठक कर आम जनता को योजनाओं से लाभान्वित करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।सरकार की जो मंशा है और आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी की जो मंशा है,उन्होंने पूरे देश को अपना परिवार माना है, मा.मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश को अपना परिवार माना है।इसी तरह सभी विधायकगण भी अपने विधानसभा को अपना परिवार मानते है,नगर पालिका अध्यक्ष भी नगर को अपना परिवार मानते है और आज हम भी प्रभारी मंत्री के रूप में आए है तो हम भी




आप सबको अपना परिवार मानते है और हम सब मिलकर काम कर रहे है।सरकार के आठ साल पूरा होने पर मीटिंग हाल को समर्पित किया गया है।

चेयरमैन साहब आपके और जनमानस के सपोर्ट से निकले है तो हम सबकी यह जिम्मेदारी है कि हम अच्छा काम करे,जैसे डबल इंजन की सरकार देश और प्रदेश में है,वैसे यहां ट्रिपल इंजन की सरकार है,मै मां विंध्यवासिनी से यही कामना करूंगा कि आप सब मिलकर कार्य करे और सरकार का नाम को रोशन करे।इस मौके पर नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने कहा कि इस मीटिंग हाल का नाम श्री छत्रपति शिवाजी के नाम पर रखा गया है।वे एक कुशल प्रशासक(गुड गवर्नेंस) और राजा थे,जिन्होंने अपनी वीरता का लोहा मनवाया था,ऐसे महापुरुष के नाम पर इस हाल का नामकरण किया गया है।भाजपा सरकार के नेतृत्व में नगर पालिका मीरजापुर लगातार विकास की ओर अग्रसर हो रही है।नगर पालिका को पूरी तरह डिजिटल किया जा रहा है,एनडीएस ऐप से आप लोग घर बैठे ऑनलाइन भुगतान कर रहे है,इसके साथ ही देश की पहली वाई फाई से लैश नगर को बनाने का भी प्रयास किया जा रहा है,अभी विंध्यधाम और नगर के अन्य इलाकों में यह सुविधा दी जा रही है और आने वाले समय में देश में यह पहली पालिका होगी जो फ्री वाई फाई से लैश होगी।

# श्रद्धालुओं कि सुविधा के लिए टेंट लगाएं-अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन

**● नवरात्रि मेला में लाखों श्रद्धालु दर्शन पूजन करने आते है मां के दरबार में**

स्वतंत्र प्रभात

**चुनार, मीरजापुर।** अदलपुरा स्थित शीतला धाम नवरात्रि मेला सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस चौकी अदलपुरा में उप जिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य विभाग, बिजली व्यवस्था,सफाई आदि संबंधित विभाग एवं पुजारी समिति व स्थानीय लोगों के साथ बैठक आहुत किया गया। जिसमें विजय साहनी ने मंदिर के पश्चिम छोर पर बह रहे नाला का मरम्मत कराने व सोनू श्रृंगारिया ने मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए धर्मशाला व शौचालय आदि कि व्यवस्था कि मांग किया। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ओ पी सिंह ने हिट वेब को देखते हुए नवरात्रि मेला में दर्शन पूजन करने के आने वाले व कतार में खड़े श्रद्धालुओं के लिए छाया, पानी एवं दवा कि समुचित व्यवस्था करने के लिए कहा इसके साथ ही गंगा स्नान करने वाले घाटों घाट का निरीक्षण भी किया। इस दौरान तहसीलदार योगेंद्र शरण शाह, सीओ मंजरी राव, प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर अपराध सत्येंद्र कुमार यादव, नायब तहसीलदार कल्पना, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ निलेश कुशवाहा, नगर पालिका परिषद चुनार से जलकल



अभियंता सौरभ प्रकाश सिंह, सफाई निरीक्षक लालमणि यादव, पूर्व प्रधान अजय सोनकर, प्रधानपति सदानंद भारतीय, गुरू प्रकाश साहनी, मुन्नू पुजारी, सोनू श्रृंगारिया, अनील पुजारी,पंकज पुजारी, विजय साहनी, अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी सहित मंदिर समिति पुजारी व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# ज्ञान, वैराग्य व चेतना का जागृत करने का साधन है श्रीमद्भागवत कथा- विनय

स्वतंत्र प्रभात

**मऊ, चित्रकूट:** तहसील क्षेत्र के खण्डेहा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास ने गोवर्धन पूजा की कथा सुनाई। कथा व्यास ने श्रोताओं को भागवत कथा का महत्व भी बताया।

कथा वाचक आचार्य विनय कृष्ण महराज ने कहा कि जहां सत्य और भक्ति का समावेश होता है, वहां भगवान का आगमन अवश्य होता है। इंसान घमण्ड में भगवान को भूलता जा रहा है। इसी कारण प्राणी (मनुष्य) चिंता में डूबता जा रहा है। कहा कि भगवान की कृपा तब होती हैं, जब जीव अपना कर्म करके भगवान पर छोड़ देता है। उन्होंने गाय की सेवा का महत्व समझाते हुए कहा कि गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। कथा व्यास ने भक्तों को गोवर्धन कथा का रसपान कराते हुए कहा कि जब इंद्र रुष्ट होकर के ब्रज में घनघोर वर्षा कर रहे थे, तब भगवन श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपने छोटी उंगली पर उठाकर नगरवासियों के प्राणो की रक्षा की थी तथा इन्द्र के अहंकार और घमंड को चकनाचूर किया था। जिसके बाद समस्त ब्रजमंडल भगवान श्रीकृष्ण की जयकारों से गुंजायमान हो गया। कथा व्यास ने श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का महत्व बताते हुए कहा कि भागवत कथा ज्ञान, वैराग्य के साथ चेतना को जागृत करने का बहुत बड़ा साधन है। कहा कि



भागवत महापुराण कल्पवृक्ष के समान है। जिसके श्रवण मात्र से ही प्राणी के संपूर्ण पाप नष्ट हो जाते हैं और जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस मौके अजीत सिंह, निर्मला देवी सहित अन्य श्रोतागण मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हुआ 55 जोड़ों का विवाह

स्वतंत्र प्रभात

**पहाड़ी, चित्रकूट:** उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत पहाड़ी के शान्ती देवी इंटर कॉलिज परिसर में 55 जोड़ों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ भगवान गणेश के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने विवाह योजना में शामिल सभी 55 जोड़ों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गरीब परिवार की कन्याओं के विवाह के लिए इस योजना की शुरुआत की है। कहा कि इसके अलावा भी भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं का आप सभी अधिक से अधिक लाभ लें।

भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि भगवान श्री राम की तपोस्थली चित्रकूट में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह संपन्न हो रहा है। कहा कि जब भाजपा की सरकार नहीं थी, तो गरीब कन्याओं के माता-पिता को चिंता होती थी कि उनकी बेटी की शादी कैसे होगी, लेकिन मुख्यमंत्री के नेतृत्व बनी भाजपा सरकार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपने को साकार करते हुए गरीब परिवारों की कन्याओं को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसके साथ ही अन्य योजनाएं संचालित कर पात्रों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को सुखी जीवन जीने की सलाह दी। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आज 55 जोड़ों का विवाह कराया गया है। जिसमें मुस्लिम धर्म के रीत रिवाज के अनुसार एक जोड़े का विवाह संपन्न कराया गया है। कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ के उपाचार्यो द्वारा विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया गया। इसके बाद प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने वर-वधुओं को विवाह प्रमाण पत्र व सामग्री वितरित कर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अरुण कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर पूर्व एडीएम चुनकू राम पटेल, पूर्व



सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष राजापुर संजीव मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय, राजेश्वरी द्विवेदी, जिला मंत्री मनोज तिवारी सहित मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ उदय प्रताप सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरन सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना पहाड़ी रीता सिंह, एडीओ कोआपरेटिव मनोज कुमार, शान्ती देवी इंटर कालेज पहाड़ी के प्रबंधक सुनील कुमार पटेल, प्रधानाचार्य शिवबरन त्रिपाठी, द्वारिका प्रसाद विश्वकर्मा, खंड विकास अधिकारी संजय पांडेय, एडीओ पंचायत भूपेंद्र द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# बाजीगर के हत्यारोपी पति-पत्नी को उम्रकैद

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो:** कुल्हाड़ी काटकर बाजीगर की हत्या करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने हत्यारोपी पति-पत्नी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों को 10,000-10,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक अभियोजन अधिकारी एसके यादव ने बताया कि बीती 29 अगस्त 2015 को तीरमऊ गांव के निवासी ननका रैदास पुत्र पतीवा ने राजापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में ननका ने बताया था कि उसका बेटा नानभइया रैदास ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले कार्यक्रमों में बाजीगर का काम करता था। बीती 28 अगस्त 2015 की रात वह गांव में होने वाले बरहौं संस्कार में बीन बजाने गया था। अर्द्धरात्रि को कार्यक्रम से लौटने के बाद उसकी कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद इस मामले में राजापुर थाने के मिर्जा हकीमपुर गांव के निवासी रामहित यादव और उसकी पत्नी तुलसा देवी को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने खुलासा किया था कि तुलसा देवी ने रात्रि में फोन करके नानभइया रैदास को गांव के प्राथमिक विद्यालय में बुलाया। यहां पहले से घात लगाए बैठे रामहित ने नान भइया की गर्दन में कुल्हाड़ी से कई वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ न्यायालय में



आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को एससी/एसटी एक्ट कोर्ट के स्पेशल जज राममणि पाठक ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी पति-पत्नी रामहित व तुलसा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही प्रत्येक को 10,000-10,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया।

# कुक्कुट पालन योजना के तहत किया चूजे व दाना का वितरण



**मऊ, चित्रकूट:** ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से बुंदलेखंड पैकेज के अंतर्गत महिला समृद्धिकरण ब्रायलर योजना के तहत मुर्गी के चूजे एवं दाना का वितरण किया गया। मऊ ब्लाक क्षेत्र के अंतर्गत 150 लाभार्थियों को मऊ के उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ रविशंकर गौतम की देखरेख में डोर-टू-डोर मुर्गी के चूजे एवं दाना का वितरण किया गया। इस दौरान मऊ की लाभार्थी माया देवी, राजकुमारी पत्नी संदीप कुमार, पूजा पत्नी सुजीत कुमार, गीता पत्नी महेश चन्द्र, मवईकला निवासी सुषमा देवी पत्नी राधेकृष्ण, रानी देवी पत्नी हरीकृष्ण, रजनी देवी पत्नी केशव, मंडौर निवासी सूरसती पत्नी शिवमोहन, कैलशिया पत्नी राधेश्याम को कुक्कुट पालन योजना का सफ्ल प्रयोग करने के लिए प्रेरित करते हुए मुर्गी के चूजे एवं दाने दिए गए। इस मौके पर बरगढ़ के पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुशील कुमार, फर्मासिस्ट भरत यादव आदि मौजूद रहे।

# अब बेटी की शादी के लिए 1 लाख का अनुदान देगी योगी सरकार



स्वतंत्र प्रभात

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के दिग्विजय नाथ पार्क में मंगलवार को अपनी सरकार के 8 साल पूरे होने पर उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा, सुरक्षा, सुशासन की नीति के 8 वर्ष आज पूर्ण हुए.सीएम ने कहा कि 2017 से पहले यूपी बदहाल था और अपराध और अपराधियों का बोलबाला था. लोगों के निवाला पर डांका डाला जा रहा था. लेकिन जब जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा जताते हुए प्रदेश में उनके नेतृत्व में सरकार बनाने का अवसर दिया तो मोदी सरकार के साथ डबल इंजन की सरकार यूपी को भी खुशहाल बनाने की ओर आगे बढ़ चली। इस दौरान सीएम ने कहा कि 1 अप्रैल के बाद बेटी की शादी के लिए प्रदेश सरकार 1 लाख का अनुदान उपलब्ध करवाएगी. अगर किसी ने बेटी और व्यापारी को छेड़ा तो उस अपराधी के लिए यमराज के घर जाने का रास्ता भी खुल जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि 22 लाख बेटियों को मुख्यमंत्री सुमंगल कन्या योजना के तहत 25 हजार रुपये के पैकेज के साथ जोड़कर उसके निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की जा रही है. मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना 4.75 लाख बेटियों का विवाह कराया है. अब सरकार ने यह तय किया है कि 1 एक अप्रैल से बेटी की शादी में सरकार एक लाख अनुदान उपलब्ध कराएगी। सीएम ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश का दूसरे नंबर का प्रदेश हो चुका है, जिसकी अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है। जबकि 2017 से पहले यह सातवें पायदान पर था। प्रदेश में भयमुक्त माहौल मिलने से उद्योगों की स्थापना का दौर चल पड़ा है। औद्योगिक क्षेत्र में लैंड बैंक की कमी को दूर करते हुए लैंड बैंक बढ़ाए गए. सरकार के इन आठ वर्षों में प्रदेश के साथ गोरखपुर ने विकास के मामले में जो छलांग लगाया है, वह अपने आप में एक मिसाल है. यहां हजारों करोड़ों की कई परियोजनाएं धरातल पर उतरकर, करोड़ों के निवेश और रोजगार का अवसर उपलब्ध कराई हैं. यह सब कुछ जनता के भरोसे से संभव हो पया है. जो आज खुद को खुशहाल और सुरक्षित महसूस करती है। योगी ने कहा कि इस अवसर पर तीन दिवसीय विकास उत्सव के कार्यक्रम प्रत्येक जनपद में आयोजित किया जा रहा है. जिसमें प्रत्येक जनपद में प्रभारी मंत्री या कोई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, उस जनपद में जाकर के सहयोग की कार्यक्रम में भागीदार बन रहा है। मुझे गोरखपुर में आने का अवसर प्राप्त हुआ है. गोरखपुर की 8 वर्षों में विकास की यात्रा को डबल इंजन सरकार ने कई गुना आगे बढ़ाया है. 2017 के पहले का गोरखपुर और 2017 के बाद का गोरखपुर बहुत बदला है. यही परिवर्तन अयोध्या, लखनऊ, काशी, मिर्जापुर, प्रयागराज, कानपुर, आगरा, झांसी, मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर, बरेली, मुरादाबाद यानी हर एक जिले में देखने को मिलेगा. 2017 के पहले गोरखपुर शहर देश के सबसे गंदे और अव्यवस्थित शहर माना जाता था. आज स्मार्ट सिटी के तर्ज पर सुविधाओं को बेहतरीन करने की ओर यहां हम अग्रसर हुए हैं. सुरक्षा का बेहतर माहौल देने के लिए पुलिस में रिफॉर्म किए गए. अब तक हम लोग 212000 से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती करने में सफल हुए हैं। सीएम ने कहा कि सड़कों का जाल पूरे प्रदेश में बढ़ा है. देश के अंदर प्रदेश के अंदर सर्वाधिक एक्सप्रेसवे के रूप में आज उत्तर प्रदेश नंबर एक पर चल रहा है. हाईवे का एक बेहतरीन संजाल उत्तर प्रदेश के अंदर इस दौरान बढ़ा है। इंटर स्टेट कनेक्टिविटी हमारी बेहतर हुई है, चाहे वह नेपाल से जुड़ी हुई कनेक्टिविटी हो या फिर बिहार से. झारखंड का भी एक छोटा सा टुकड़ा यूपी के साथ सोनभद्र में मिलता है. छत्तीसगढ़ का एक छोटा हिस्सा मिलता है, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली इन सभी की कनेक्टिविटी को फोरलेन करने की कार्रवाई के साथ–साथ, जिला मुख्यालयों को फोरलेन के साथ जोड़ना संभव हुआ। योगी ने कहा कि पीएसी कंपनियां जो दंगाइयों के लिए काल होती थी, पिछली सरकारों ने उन्हें बंद कर दिया था. आज हम लोगों ने सभी कंपनियों को बहाल करने का काम किया है और इसके साथ ही उन्होंने रिफॉर्म किए. एसडीआरएफ की कंपनी गठित की गई है. हाईराइज बिल्डिंग में अगर दुर्भाग्य से कहीं आग लगती है तो हाइड्रोलिक टेंडर फायर भी पहली बार उत्तर प्रदेश फायर सर्विसेज में शामिल हुआ है. पहले पीआरवी 112 का जो रिस्पांस टाइम 25 मिनट से ज्यादा था, आज मात्र 7 मिनट में हो गया है। पिछली सरकार ने वन जिला वन माफिया पैदा किया, आज सरकार ने वन जिला वन मेडिकल कॉलेज दिया है. नए रोजगार के सृजन किए हैं. एक लाख से अधिक गरीबों को अकेले गोरखपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। वनटंगीया गांव को राजस्व गांव का मान्यता मिली है. योगी ने कहा कि गोरखपुर में आए निवेश में लगभग 50000 नौजवानों को नए रोजगार और नौकरी की सुविधा मिली है। सीएम योगी ने कुछ दिन पहले भी कहा था कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत दी जानी वाली धनराशि को 51,000 से बढ़ाकर 1 लाख किया है. विभाग द्वारा इसके सही क्रियान्वयन के लिए कार्य योजना तैयार कर ली जाए. जनपद स्तर पर जिलाधिकारी, सीडीओ तथा समाज कल्याण अधिकारी के माध्यम से लाभार्थियों की स्क्रीनिंग की जाए. कोई भी जरूरतमंद योजना से वंचित न रहे. इसके लिए जिला स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए. बता दें कि अभी तक 51 हजार रुपये में से 35 हजार कन्या के बैंक खाते में जमका कर दिए जाते थे. वहीं, 10 हजार रुपये के उपहार वर–वधू को विवाह के समय उपलब्ध करवाई जाती है. वहीं, 6 हजार रुपये विवाह में खर्च किए जाते थे. अब एक अप्रैल से ये सभी राशि दोगुनी हो जाएगी।

## प्रभारी मंत्री स्वतंत्र द्वारा प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के 08 वर्ष पूर्ण होने पर त्रि-दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** मंत्री जल शक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश/प्रभारी मंत्री जनपद प्रयागराज स्वतंत्र देव सिंह ने मंगलवार को जिला पंचायत परिसर में प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की नीतियों के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित त्रि-दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया। मंत्री ने सर्वप्रथम जिला पंचायत परिसर में विभिन्न विभागों के द्वारा सरकार की उपलब्धियों, जनहित में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं, कार्यो पर आधारित लगायी गयी त्रि-दिवसीय प्रदर्शनी एवं मेला का फीता काटकर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर योजनाओं व महाकुम्भ-2025 के सफल आयोजन पर केन्द्रित दो लघु फिल्में भी दिखायी गयी। सूचना विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी एवं विभिन्न विभागों के द्वारा लगाये गये 32 स्टॉलों का अवलोकन करते हुए विभागों की योजनाओं, कार्यो के बारे में सम्बंधित विभाग के अधिकारी से जानकारी प्राप्त की और सभी विभागों के द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी की प्रशंसा की। जिला पंचायत परिसर में वन विभाग, कृषि विभाग, जिला कार्यक्रम, बेसिक शिक्षा विभाग, खादी विभाग, उद्योग विभाग, पीओ नेडा, पुलिस विभाग, उद्यान विभाग, समाज कल्याण, प्रोबेशन विभाग, दिव्यांगजन, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, चिकित्सा विभाग, विद्युत विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, पूर्ति विभाग, पीओ डूडा, पर्यटन विभाग, नमामि गंगे, लोक निर्माण विभाग, सहित अन्य विभागों के द्वारा उनके विभाग से सम्बंधित कार्यो एवं योजनाओं के बारे में तीन दिवसीय प्रदर्शनी लगायी गयी है। प्रभारी मंत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों ने विभागों के द्वारा लगाये गये स्टॉलों एवं प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक लोगो को जानकारी उपलब्ध कराने एवं पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि एक ही स्थान पर सभी विभागों के द्वारा योजनाओं से सम्बंधित स्टॉल लगाये गये है, इससे यहां पर आने वाले लोगो को सभी विभागों की योजनाओं के बारे में एक ही स्थान पर जानकारी प्राप्त करने में सुविधा होगी तथा पात्र लोग योजनाओं से लाभान्वित होंगे। उन्होंने कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के स्टाल पर पहुंचकर दो बच्चों को अन्न-प्रासन कराया तथा तीन गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी की। मंत्री ने इस अवसर पर दिव्यांगजन विभाग की ओर से लाभार्थियों को ट्राईसाइकिल, एम0आर0किट, स्मार्ट केन एवं ब्रेल किट भी वितरित किए एवं साथ ही साथ उन्होंने जिला पंचायत सभागार में आयोजित विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं चाभी दी। कृषि विभाग के दो लाभार्थियों को, जिसमें एक लाभार्थी को कस्टम हायरिंग केन्द्र की स्थापना हेतु कुल लागत 30 लाख के सापेक्ष 24 लाख का अनुदान एवं दूसरे लाभार्थी को रोटा वेटर का 40 हजार अनुदान का डेमो चेक वितरित किया। भवन अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत 16 लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं हितलाभ का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत जैतवार डीह के 10 व्यक्तियों के व्यक्तिगत शौचालय बनवाने हेतु किश्त की धनराशि अंतरित की गयी। माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास की नीति के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा 8 वर्ष में सेवा, सुरक्षा व सुशासन की दिशा में अर्जित अभूतपूर्व उपलब्धियों एवं अनेक नवीन जनकल्याणकारी योजनाओ, परियोजनाओ के बारे में जनसामान्य को अवगत कराये जाने के दृष्टिगत महिला सशक्तिकरण, युवा एवं रोजगार, श्रम कल्याण, सुरक्षित उद्यमी-समृद्ध व्यापार तथा अन्त्योदय से सर्वोदय थीम पर आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री जी ने ''यूपी के उपयोगी 8 वर्ष'' शीर्षक विकास पुस्तिका का विधायक शहर पश्चिमी सिद्धार्थनाथ सिंह, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या,विधान परिषद सदस्य के0पी0 श्रीवास्तव जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह, पूर्व सांसद फूलपुर केसरी देवी पटेल, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिलाधिकार रविन्द्र कुमार माँदड़, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ0 अजय पाल शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक संजय गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान, यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ला व अन्य जनप्रतिनिधिगणों के साथ विमोचन किया। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के सुशासन के मंत्र, गरीब कल्याण के संकल्प, समृद्धि के विजन, अन्त्योदय के संकल्प के साथ प्रगति और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के लक्ष्य के साथ लगातार जारी प्रयासों से आज उत्तर प्रदेश कायाकल्प के केन्द्र के रूप में देश में स्थापित हुआ है। उत्तर प्रदेश आज ''ग्रोथ गियर, गुड गवर्नेंस और गवर्निंग ग्रिट'' के साथ देश का ग्रोथ इंजन, डेवलपमेंट हब बन गया है। प्रभारी मंत्री जी ने प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश सरकार की 8 वर्षो की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद, तहसील, ब्लाक स्तर पर आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगो को लोकहित की अनेक नवीन जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त होगी और विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं से अनाच्छादित पात्र व्यक्ति योजना का लाभ ले सकेंगे। प्रदेश सरकार की के 8 वर्ष इस अवसर पर सेंट एंथोनी कान्वेंट विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी। कृष्ण कुमार नाट्य कम्पनी के द्वारा महाकुम्भ पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 प्रभाकर त्रिपाठी ने किया।

# देश का ग्रोथ इंजन जनपद कौशाम्बी में त्रिदिवसीय विकास महोत्सव का हुआ शुभारम्भ



स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** केन्द्र सरकार के सफल 10 वर्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के ऐतिहासिक 08 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज डायट मैदान, मंझनपुर में त्रिदिवसीय जनपदीय विकास महोत्सव का मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद उ0प्र0 मानवेन्द्र सिंह द्वारा भव्य शुभारम्भ किया गया। यह आयोजन प्रदेश सरकार की ÷सेवा, सुरक्षा और सुशासन÷ नीति को समर्पित था, जिसका थीम ÷उत्तर प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन÷ रखा गया। इस गौरवशाली महोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रभाव का अनुभव किया। सदस्य विधान परिषद उ0प्र0 मानवेन्द्र सिंह ने सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के सम्बन्ध में कार्यक्रम स्थल डायट मैदान, मंझनपुर में विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गई स्टॉलो/प्रदर्शनी का भ्रमण कर अवलोकन भी किया। विधान परिषद उ0प्र0 द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन भी किया गया। कार्यक्रम में 8 साल बेमिसाल थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को खूबसूरती से दर्शाया गया। वहीं संस्कृति विभाग से आए कलाकारों के समूह द्वारा लोक गायन एवं लोक बिरहा का आयोजन किया गया। महोत्सव में महाकुम्भ तथा उ0प्र0 सरकार के 08 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। इन फिल्मों ने सरकार की नीतियों और विकास कार्यो को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। महोत्सव कार्यक्रम में जनपद के मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद उ0प्र0 मानवेन्द्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती कल्पना सोनकर, राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती प्रतिभा कुशवाहा, जिला अध्यक्ष भाजपा धर्मराज मौर्य एवं पूर्व विधायक पप्पू पटेल एवं संयज गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से ÷उत्तर प्रदेश सरकार के उत्कृष के 08 वर्ष÷ विकास पुस्तिका का विमोचन किया गया। सदस्य विधान परिषद उ0प्र0 ने महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 8 वर्षो में सुशासन, सुरक्षा और विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, किसान हित में क्रांतिकारी कदम उठाने और प्रदेश को निवेश के आकर्षण का केन्द्र बनाने में उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी। सड़कों में गड्ढे, बिजली संकट, व्यापारी पलायन जैसी समस्याएं आम थीं। सरकार बनने के बाद अपराध पर नियंत्रण, एंटी-रोमियो स्क्वायड, सख्त पुलिसिंग और बेहतर कानून व्यवस्था के चलते उत्तर प्रदेश अब अन्य राज्यों के लिए मॉडल बन चुका है। इन्वेस्टर समिट 2018 के माध्यम से प्रदेश में 4.68 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 में दुनिया भर के निवेशकों ने भाग लिया, जिससे प्रदेश में 33.50 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया। इससे प्रदेश में 93 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। सदस्य विधान परिषद उ0प्र0 ने कहा कि एमएसएमई और ओडीओपी योजना के तहत लघु उद्योगों को पुनर्जीवित किया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया गया। 06 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड का लाभ मिला, जिससे उन्हें मुफ्त स्वास्थ्य सेवा मिली। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 1.86 करोड़ महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन मिला। होली और दिवाली पर सरकार ने दो गैस सिलेण्डर मुफ्त देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत लाखों गरीब परिवारों की बेटियों की शादी हुई, जिसमें सरकार ने प्रति विवाह 01 लाख रुपये का अनुदान दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे प्रदेश बन गया है। प्रदेश में कई एक्सप्रेसवे बन चुके हैं, जो देश में सबसे अधिक है। देश के 55 एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश में हैं। वर्तमान में 11 एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन हैं, जिनसे प्रदेश में यातायात सुविधा और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। किसानों को एमएसपी पर फसल की खरीद और डीबीटी के माध्यम से भुगतान हो रहा है, जिससे किसान आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। सदस्य ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था में भी क्रान्तिकारी परिवर्तन आया है। 1.33 लाख विद्यालयों का कायाकल्प हुआ है, जिससे शिक्षा का स्तर बेहतर हुआ है। प्रदेश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स हब विकसित किए जा रहे हैं। प्रदेश में आयोजित दिव्य डिजिटल महाकुंभ ने दुनिया को चकित कर दिया। महाकुम्भ में स्वच्छता, सेवा और समर्पण का अद्वितीय संगम देखने को मिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ में सेवा देने वाले कर्मियों का सम्मान कर उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने आवारा पशुओं के संरक्षण के लिए हजारों गौ संरक्षण केंद्र बनाए। ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय, सामुदायिक शौचालय और सचिवालय जैसी सुविधाएं विकसित की गई, जिससे ग्रामीण विकास को नई दिशा मिली। उत्तर प्रदेश अब सिर्फ एक राज्य नहीं, बल्कि देश का ग्रोथ इंजन बन गया है। सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति ने प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। यह महोत्सव सरकार की उल्लेखनीय उपलब्धियों का प्रमाण है और जनता के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक भी।

## सदस्य विधान परिषद द्वारा रू0-23.24 लाख एवं 02 कृषक उत्पादक संगठन को रू0-12 लाख का डमी चेक का किया गया वितरित



स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** केन्द्र सरकार के सफल 10 वर्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के ऐतिहासिक 08 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में डायट मैदान, मंझनपुर महोत्सव कार्यक्रम में मा0 सदस्य विधान परिषद उ0प्र0 द्वारा अन्नदाता किसान समृद्धि योजनान्तर्गत प्रमोशन ऑफ एग्रीमकल्चर मैकेनाइजेशन फार एन सी-2 के अन्तर्गत एक कृषक को रू0-23.24 लाख का डमी चेक एवं नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलॉजी योजनान्तर्गत 02 कृषक उत्पादक संगठन को रू0-12 लाख का डमी चेक का वितरित किया गया। इसी प्रकार महिला सशक्तिकरण योजनान्तर्गत-बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की नवनियुक्त 52 ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री आवास योजनान्तर्गत 47 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र तथा प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत 39 लाभार्थियों को आवास की चाभी का वितरण किया गया। सीएम युवा रोजगार विकास अभियान योजनान्तर्गत 36 लाभार्थियों को एवं ओडीओपी के एक लाभार्थी को डमी चेक वितरित किया गया। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट अन्तर्गत जनपद में उद्यम स्थापित करने वाले 02 निवेशकों को प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। वृद्धा पेशन के 37 लाभार्थियों, निराश्रित महिला पेंशन के 41 लाभार्थियों एवं दिब्यांग सशक्तिकरण योजनान्तर्गत 46 लाभार्थियों को पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। शादी अनुदान योजनान्तर्गत 39 कन्याओं को शादी अनुदान की स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। दिब्यांगजन सशक्तिकरण योजनान्तर्गत 07 दिब्यांगजनों को ट्राई साइकिल व 02 व्हील चेयर एवं 01 ब्लाइंड स्टिक वितरित किया गया। आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत 17 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड एवं क्षय रोग (टी0बी0) ग्रसित 03 मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया।

## जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरूद्ध की जायेगी सख्त कार्यवाही : डीएम

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार में ईद-उल-फितर त्यौहार एवं नवरात्रि पर्व को शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों एवं जनपद के सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से ईद-उल-फितर त्यौहार एवं नवरात्रि पर्व को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए अब तक गई कार्यवाही-पीस कमेटी की बैठक तथा मस्जिदों एवं ईदगाहों का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने आदि की जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सम्भ्रान्त नागरिकों से समस्याओं/सुझावों को प्राप्त करते हुए कहा कि ईद-उल-फितर त्यौहार एवं नवरात्रि पर्व को आपसी सौहार्द एवं भाईचारा के साथ मनाया जाय। सम्भ्रान्त नागरिकों ने कहा कि त्यौहार को शान्तिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाया जायेंगा तथा कोई भी अप्रिय घटना नहीं होने दी जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों से कहा कि संयुक्त रूप से भ्रमण कर सम्वेदनशील स्थलां पर विशेष निगरानी रखी जाय एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करा लिया जाय, ताकि कोई अप्रिय घटना न होने पाये। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों में मस्जिदों एवं मन्दिरों के आस-पास तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत राज अधिकारी को साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था तथा पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने नवरात्रि पर्व में शीतला माता मन्दिर कड़ाधाम में सीसीटीवी कैमरा को निरन्तर क्रियाशील रखने एवं साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दियें। इसके साथ ही वहां पर अत्यधिक भीड़ के दृष्टिगत ट्रैफिक व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त बनाये रखने के भी निर्देश दियें। उन्होंने मन्दिरों एवं मस्जिदों के आस-पास ज्यादा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर एम्बुलेन्स एवं डाक्टरों की टीम तैनात रखने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दियें। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सम्भ्रान्त नागरिकों से कहा कि त्यौहार को आपसी भाईचारा एवं सौहार्द के साथ मनाया जाय, किसी भी प्रकार की समस्या हो तो अवगत करायें। उन्होंने सभी गौशालाओं में संरक्षित पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने के निर्देश भी दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, सभी उप जिलाधिकारीगण एवं क्षेत्राधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा सम्भ्रान्त नागरिकगण उपस्थित रहे।

# मिनी स्टेडियम बनने से ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी प्रतिभाएं निखरेंगी






स्वतंत्र प्रभात

**हरीश कुमार चौधरी**

**सिद्धार्थनगर ।** खेल को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण इलाकों में खेल मैदान बनाए जा रहे हैं। इससे गांवों में नई प्रतिभाएं तो निखरेंगी ही , साथ ही मनरेगा के तहत इन खेल मैदान का निर्माण होने की वजह से श्रमिकों को निरंतर रोजगार भी मिल रहा है। इस पहल का उद्देश्य बेहतर स्वास्थ्य और गांवों के समग्र सामुदायिक विकास के लिए स्कूली छात्रों और गांव के अन्य सदस्यों के बीच खेलों को प्रोत्साहित करना है। ग्राम्य विकास विभाग की ओर से बनाई गई कार्य योजना से खेल मैदानों का निर्माण हो रहा है। बीते वर्ष से जनपद में लगातार खेल मैदानों का निर्माण किया जा रहा है। बात करें अगर वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 की तो इस वर्ष जिले के 14 ब्लाकों में दर्जनों की संख्या में खेल मैदानों का निर्माण किया जा चुका है। खेल मैदान बनने से गांव के युवक मैदान में ही दौड़ लगाने के साथ शारीरिक अभ्यास करने में भी मदद मिल रही है। प्रतियोगी छात्रों की सुरक्षा के साथ उनकी शारीरिक दक्षता बढ़ रही है।

**ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभा को बढ़ावा**

ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के बुनियादी ढांचे के निर्माण और उन्नयन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में खेल कूद को बढ़ावा मिल रहा है।

**खेल से चमक रहा गांव का भविष्य**

ग्रामीण क्षेत्र में खेल मैदान विकसित होने से युवाओं में खेल के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। खेलकूद से युवाओं की शारीरिक दक्षता में भी सुधार होगा। खेल मैदान बनने से गांव का भविष्य चमकेगा, ऐसे युवा जो इस क्षेत्र में प्रतिभाशाली हैं और गांवों में सुविधाओं के अभाव में उनकी प्रतिभा निखर नहीं पा रही थी, ऐसे में खेल मैदान विकसित होने से युवाओं के अंदर की प्रतिभा निखरेगी और वह आगे बढ़कर विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर अपने गांव, जनपद, प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

**मनरेगा और ग्राम निधि से निर्माण**

ग्राम पंचायत स्तर पर खेल मैदानों का निर्माण कार्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा और ग्राम निधि के कन्वर्जेंस से किया जा रहा है।

**श्रमिकों को मिल रहा रोजगार**

ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत इन मैदान का निर्माण होने की वजह से श्रमिकों को निरंतर रोजगार भी मिल रहा है। डीसी मनरेगा संदीप सिंह ने बताया कि खेल मैदान के निर्माण कार्य में मनरेगा श्रमिकों से कार्य कराया जा रहा है, जिससे श्रमिकों को निरंतर रोजगार मिल रहा है जो उनकी आजीविका में अभिवृद्धि कर रहा है।

**बर्डपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर चार में मिनी स्टेडियम बन कर तैयार**

बर्डपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर चार में खेल मैदान बन कर तैयार है इसके शुभारंभ होने के बाद इस क्षेत्र के बच्चों के साथ साथ ग्रामीण युवा भी विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

## सिद्धार्थनगर में विकास कार्यों और लाभार्थियों को मिली योजनाओं का सौगात

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष, गौ सेवा आयोग महेश कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में लोहिया कला भवन में केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की जानकारी लाभार्थियों एवं आम जनमानस को दिये जाने लेकर आयोजित कार्यकम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तथा महाकुम्भ प्रयागराज 2025 के सफल आयोजन पर केन्द्रित लघु फिल्म को देखा गया। उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष, गौ सेवा आयोग महेश कुमार शुक्ल द्वारा 25 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति-पत्र, 05 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सीएलएफ, प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) के 05 लाभार्थियों को आवास की चाभी, 10 लाभार्थियों को घरौनी, 05 लाभार्थियों को किसान सम्मान निधि, 10 ग्राम प्रधानों को गंगा जल, 05 प्रगतिशील किसानों को सम्मान-पत्र, 05 उद्यमियों को सम्मान-पत्र, 10 टी0बी0 के मरीजों के परिवारों को पोषण पोटली, 10 निक्षय मित्रों को टी0बी0 के मरीजों को गोद लेने पर सम्मान -पत्र, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के 10 लाभार्थियों को 05 लाख का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19) के 05 लाभार्थियों को लैपटाप, खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित टूल किट वितरण योजना के 08 लाभार्थियों को दोना, पत्तल मेकिंग मशीन, स्वामी विवेकानन्द यशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत 10 लाभार्थियों को टैबलेट का वितरण किया गया। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष, गौ सेवा आयोग महेश कुमार शुक्ल ने लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि केन्द्र सरकार के 10 व प्रदेश सरकार के 08 वर्ष पूर्ण होने पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास कार्य कराये जा रहे हैं तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीब परिवार के लोगों को लाभ व युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम को विधायक श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने सम्बोधित किया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मार्खम कॉलेज में उत्प्रेरक व्याख्यान कल

**हजारीबाग, झारखंड-** स्थानीय मार्खम कॉलेज के विवेकानंद सभागार में 27 मार्च 2025 को अपराह्न 12 बजे से उत्प्रेरक व्याख्यान का आयोजन होगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता आईजी सह झारखंड पुलिस अकादमी के निदेशक शैलेंद्र कुमार सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ संध्या प्रेम करेंगी। कार्यक्रम का संयोजन भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ रंजीत कुमार दास करेंगे।

### आग लगने से उजड़ा गरीब का आशियाना, घर में रखे अनाज सहित नकदी भी जले



**साहेबगंज, झारखंड-** साहेबगंज जिला के मंडरो प्रखंड अंतर्गत खैरवा पंचायत के फुलोलक्ष्मी गांव में दिलदार अंसारी के घर में मंगलवार की अल्हे सुबह बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग गयी। जिसके कारण घर में रखा कई कीमती वस्तु इस आग की चपेट में आकर जलकर राख हो गई।इधर जानकारी देते हुए अग्नि पीडित परिवार के दिलदार अंसारी की पत्नी तंजीला खातुन ने बताई की हम सभी अपना घर को बंद कर कार्य करने हेतु खेत चले गये थे। लेकिन घर में सुबह करीब 4 बजे के आसपास बिजली की शार्ट सर्किट से किसी तरह घर में आग लग गई।सूचना मिलने पर घर पहुंची। जहां ग्रामीणों के द्वारा आग को बुझाया गया। तब तक घर में रखा चौकी, दाल चावल, 32 हजार 5 सौ रुपये नगद जलकर राख हो गया है।इधर पीडित परिवार ने मंडरो प्रखंड प्रशासन से राहत कोश से मुआवजा दिलाने का गुहार लगाया है।

### ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए पंचायत भवन बसरिया व करमा में शिविर का आयोजन

**चौपारण, झारखंड-** प्रखंड के बसरिया पंचायत और करमा पंचायत भवन में 25/03/2025 से 26/03/2025 तक दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। मुखिया ने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए आप सभी आवश्यक कागजात के साथ समय पर बसरिया पंचायत भवन और करमा पंचायत भवन पहुंचकर इसका लाभ उठा सकते है। साथ ही 25/03/2025 का शिविर में लगभग दोनो पंचायत से 100 आवेदन लिया गया है। पंचायत स्तरीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान सह इच्छुक व्यक्तियों का ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदन हेतु शिविर का आयोजन किया गया तथा 26/03/2025 को भी आवेदन लिया जाएगा। इस अवसर पर बसरिया मुखिया मंजू देवी और करमा मुखिया देवंती देवी ने लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि मोटर वाहन चलाने वाले लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए हजारीबाग जाना पड़ता है या दलालों के माध्यम से जाना पड़ता है, यह हमारे पंचायत या पूरे प्रखंड वासियों के लिए एक अच्छा अवसर है कि वे इस दो दिवसीय शिविर में आएं और जो भी आवश्यक कागजात चाहिए उसे लेकर आएं और इसका लाभ उठाएं।

### कल रांची पहुंचेंगे कांग्रेस प्रभारी के. राजू, विभिन्न कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत

**रांची, झारखंड-** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कांग्रेस प्रभारी श्री के. राजू आगामी 27 मार्च 2025 को राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान, पुराना विधानसभा, रांची में एक विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय राजीव गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगी, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस कार्यक्रम में एचईसी के कार्यरत वरिष्ठ नागरिकों और पूर्व एनएसयूआई नेताओं के साथ संवाद सत्र का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा, शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली 100 महिला शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पासवा स्वयंसेवकों के साथ परिचर्चा भी होगी।

आलोक कुमार दूबे ने बताया कि यह उद्यान झारखंड में निर्मित पहला राजीव गांधी पार्क है, जिसका निर्माण पूर्व वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उराँव के सौजन्य से हुआ है। कार्यक्रम में स्वर्गीय गोपाल झा को भी श्रद्धांजलि दी जाएगी, जिनका हाल ही में निधन हुआ है। श्री के. राजू कार्यक्रम में लगभग एक घंटे तक उपस्थित रहेंगे और विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए तैयारियां तेजी से की जा रही हैं, जिसमें आलोक कुमार दूबे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई और सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियाँ दी गई हैं।

# वर्षों पूर्व निर्मित नुकीला ग्रेड वन सड़क आवागमन हुआ जोखिम भरा

**● ग्रामीणों ने विधायक स्टेफन मरांडी से पीसीसी पथ निर्माण की मांग**



**स्वतंत्र प्रभात**

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड-** पाकुड़िया प्रखंड के बसतकुंडी पंचायत के अंतर्गत ढोकाटा बरमसिया ग्राम के डुंगरी टोला स्थित पीसीसी रोड से ढोकाटा पीडब्ल्यूडी पथ तक स्टोन मेटल सड़क काफी जीर्ण होने से ग्रामीणों के आवागमन में काफी कठिनाई होने की बात 25 मार्च को ग्रामीणों ने बताई। बरमसिया डुंगरी टोला के प्रधान देवीधन हेम्ब्रम, संतोष मुर्मू, बोने हेम्ब्रम, चार्लेश हेम्ब्रम सहित बड़ी संख्या में टोले की महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि इस टोला के पीसीसी रोड से शिक्षक के पक्का मकान होते हुए तालवा मुहलपहाड़ी पीडब्ल्यूडी रोड ढोकाटा ग्राम तक स्टोन मेटल सड़क बहुत ही जर्जर हो चुकी है।

ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि इस बरमसिया डुंगरी टोला से सीधे तालवा तथा ढोकाटा मुख्य पथ तक आना-जाना काफी मुश्किल भरा है। ग्रामीणों ने कहा कि वहीं दूसरी ओर वर्षा के दिनों में कच्ची सड़क से इस गांव से बाहर सीधे जाना-आना पूरा जोखिम भरा है। महिलाओं ने बताया कि हमें तालवा, पाकुड़िया प्रखंड कार्यालय तथा पाकुड़ या कहीं भी आवागमन करना हो तो सीधे पहुंचना काफी कठिनाई भरी होती है। एक सवाल के जवाब में महिलाओं ने कहा कि इधर तालवा सिदो-कान्हू चौक, दूसरी तरफ ढोकाटा मुख्य पथ और तीसरा बरमसिया पक्की सड़क तक जाना बहुत मुश्किल भरा होता है। ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी ग्रामीण विधायक स्टेफन मरांडी से अपील करते हैं कि इस साल इस बरमसिया डुंगरी टोला से दोनों ओर पीसीसी पथ निर्माण की स्वीकृति दिलाकर हमें आवागमन की सुविधा प्रदान करें ताकि हमें कठिनाई न हो।

# बच्चों के विकास से ही विद्यालय का विकास होगा- प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़

**● डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में परीक्षाफल का हुआ प्रकाशन**



**स्वतंत्र प्रभात**

**बरही-** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में कक्षा एलकेजी से द्वितीय वर्ग और अष्टम, नवम एवं एकादश वर्ग का वार्षिक परीक्षा फल प्रकाशित किया गया। परीक्षा फल का प्रकाशन बच्चों के वर्ष भर के क्रियाकलापों एवं पठन-पाठन का सामूहिक निष्कर्ष होता है। वर्ष भर बच्चों ने शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कार्यक्रमों में शामिल होकर जो कुछ भी सीख उसका एक रूप होता है, प्रगति पत्रक। इस अवसर पर बच्चों के बीच काफी उत्साह देखा गया। साथ ही साथ नई कक्षा में जाने की जोश और उमंग भी बच्चों में पाई गई। सभी बच्चे अपने पूर्व वर्ग शिक्षक शिक्षिका से बिछड़ने का दुख भी उठा रहे थे साथ ही नए कक्षा में जाने की खुशियां भी थी। इस अवसर पर अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद देते हुए कहा कि वे विद्यालय के शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कार्यक्रमों के प्रति अपनी सहमति दिखाते हुए और भी इसे बेहतर तरीके से करने के लिए अपना सुझाव रखा। बच्चों के विकास से ही विद्यालय का विकास होगा इस मंत्र के साथ विद्यालय नए सत्र का सत्रारंभ 7 अप्रैल से करने जा रहा है। विद्यालय में हर प्रकार की सुविधा बच्चों को प्रदान की जाएगी। जिसके अंतर्गत स्वच्छ वातावरण, स्वच्छ पेयजल, हवादार कमरे एवं बेहतर पठन-पाठन की सुविधा ,जो बच्चों का अधिकार है उसे देने के लिए डीएवी प्रबंधन कृत संकल्प है।

## हाई टेंशन दुर्गा मंदिर, चुटिया में भव्य श्री राम कथा का आयोजन 20 अप्रैल से

**●लक्ष्मी कुबेर यज्ञ और आयुर्वेद शिविर भी होंगे आयोजित**

**स्वतंत्र प्रभात**

**रांची, झारखंड-** रांची के हाई टेंशन दुर्गा मंदिर, चुटिया में 20 अप्रैल से 29 अप्रैल तक भव्य श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में लक्ष्मी कुबेर यज्ञ और आयुर्वेद शिविर भी प्रमुख रूप से होंगे। श्री राम कथा के मुख्य कथा वाचक श्री श्री 1008 महात्मा मंडलेश्वर ब्रह्मांड स्वामी पुरी महाराज होंगे। इस आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए 25 मार्च 2025 को महात्मा साई संजीवनी सेवा के तत्वावधान में समीर सिंह की अध्यक्षता में हाई टेंशन दुर्गा मंदिर में एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से राम कथा आयोजन समिति का पुनर्गठन किया गया, जिसमें प्रमुख पदाधिकारी नियुक्त किए गए। राम कथा आयोजन समिति के संयोजक ब्रजेश कुमार, संरक्षक मदन सिंह, कैलाश केशरी, अश्वनी शर्मा, अध्यक्ष समीर सिंह, मीडिया प्रभारी विजय शंकर नायक, कार्यकारी अध्यक्ष ममता देवी, उमेश कुमार राय, शिव कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष विनय कुमार दुबे (पहलवान), पिंकी सिंह, रुक्मणी देवी, अमर कुमार शास्त्री, कामता यादव, सचिव कुमार सावन, सह सचिव संजय सिन्हा, अजय कुमार, श्याम किशोर सिंह, श्याम पाण्डेय, प्रमोद ठाकुर, लव कुश यादव, विजेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष सत्यम कुमार दत्ता, सह कोषाध्यक्ष चंद्र देव ठाकुर, लेखापाल अमर वर्मा, शिवानी सिंह, सह लेखापाल हर्षित कुमार, सुगम कुमार, सदस्यता प्रभारी बिट्टू प्रसाद चुने गए। बैठक के अंत में संयोजक ब्रजेश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। राम कथा आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी विजय शंकर नायक ने उपरोक्त जानकारी साझा की।

# हजारीबाग में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, ट्रक से 1793 किलो डोडा और लोहे के बिलेट बरामद, तस्कर गिरफ्तार



**स्वतंत्र प्रभात**

**हजारीबाग, झारखंड-** झारखंड के हजारीबाग में पुलिस ने अवैध नशे के कारोबार पर एक बड़ा वार किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई इस विशेष छापेमारी में 1793 किलो 400 ग्राम डोडा बरामद किया गया, जो तस्करी कर हरियाणा ले जाया जा रहा था। साथ ही ट्रक में लदे लोहे के 47 बिलेट भी जब्त किए गए। इस कार्रवाई में मुख्य तस्कर कर्मवीर सिंह को गिरफ्तार किया गया, जो पंजाब के पटियाला का रहने वाला है। दिनांक 24 मार्च 2025, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रक नंबर पीबी 11 बीयू 8159 में भारी मात्रा में अवैध माल लदा हुआ है, जिसे चोरी-छिपे ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और अंचलाधिकारी सदर हजारीबाग के नेतृत्व में टीम ने एनएच-34 के पास ट्रक को रोकने की योजना बनाई। जब ट्रक चेकिंग पॉइंट के करीब पहुंचा, तो चालक ने करीब 50 मीटर पहले ही ब्रेक लगाकर भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस पहले से ही सतर्क थी। मौके पर ही टीम ने पीछा कर ट्रक चालक कर्मवीर सिंह को धर दबोचा।

जब उसकी तलाशी ली गई, तो चौंकाने वाला सच सामने आया।ट्रक की गहन जांच के दौरान 102 प्लास्टिक की बोरियों में 1793 किलो 400 ग्राम डोडा बरामद हुआ, जिसे नशे के कारोबारियों तक पहुंचाया जाना था। इसके अलावा, ट्रक में लोहे के 47 बिलेट भी लदे हुए थे। यह माल डोटी (झारखंड) से इस्नालियाबाद (हरियाणा) तस्करी किया जा रहा था।

**गिरफ्तार तस्कर ने कबूली सच्चाई-**

गिरफ्तार ट्रक चालक कर्मवीर सिंह (27 वर्ष, निवासी पटियाला, पंजाब) ने पुलिस को पूछताछ में कबूल किया कि वह नशे की खेप लेकर हरियाणा जा रहा था। उसने यह भी खुलासा किया कि इस रैकेट में कई अन्य सप्लायर और रिसीवर शामिल हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस ने इस मामले में मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 53/25 दिनांक 24.03.2025 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 317(5)/3(5) बीएनएस एवं 15/25/27(ए)/29 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है।

## कांग्रेस नेता मनीष चौबे के आकस्मिक निधन पर लोगों का उमड़ा हुजूम

**स्वतंत्र प्रभात**

**वाराणसी** के कांग्रेस नेता व व्यापारी नेता मनीष चौबे के आकस्मिक निधन पर वाराणसी खजुरी स्थित आवास पर पिता पूर्व ब्लाक प्रमुख सतीश चौबे से मिल कर लोगों ने अपनी दुःख व संवेदना को प्रकट किया। खजुरी आवास पर लोगों का श्रद्धांजलि देने का हुजूम उमड़ रहा है। मनीष चौबे का एक दूसरे से बहुत नजदीक का लगाव था मनीष चौबे के देहात की खबर सुनते ही लोगों में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। मनीष चौबे सामाजिक संस्था मिशन समाज सेवा से भी जुड़े थे और गरीबों असहायों की सेवा भगत में अपना योगदान देते रहे। मिशन समाज सेवा के राष्ट्रीय सलाहकार ज्योति प्रकाश ने बताया कि मिशन समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर खड़े रहे और लोगों की मदद के लिए हमेशा आगे रहे।



श्रद्धांजलि देने वालों में विधान परिषद विपक्ष के नेता लाल बिहारी यादव, विधायक अवधेश सिंह, विधायक टी राम, एमएलसी विनीत सिंह, पूर्व मंत्री कैलाश नाथ यादव, विधायक श्री नीलकंठ तिवारी, एमएलसी धर्मेंद्र राय, पूर्व प्रमुख सुधीर सिंह पप्पू, पूर्व प्रमुख लाल बहादुर सिंह, पूर्व प्रमुख त्रिभुवन सिंह,भाजपा के नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, जिला पंचायत अध्यक्ष मिर्जापुर राजू कनौजिया, महानगर उद्योग व्यापार मंडल के प्रेम मिश्रा, मीडिया जगत से विक्की मध्यानी, नरेंद्र यादव समेत तमाम लोगों ने अपनी श्रद्धांजलि और संवेदना प्रकट किया।

# मुखिया देवंती देवी ने राशन कार्डधारियों के बीच किया धोती-साड़ी का वितरण

**स्वतंत्र प्रभात**



**चौपारण हजारीबाग झारखंड-** चौपारण प्रखंड अंतर्गत करमा पंचायत के करमा गांव में सीताराम यादव जनवितरण दुकान तथा डोइया अंगद सिंह जनवितरण प्रणाली दुकान पर राशन कार्डधारियों के बीच मुखिया देवंती देवी द्वारा धोती-साड़ी का वितरण किया गया। मुखिया ने बताया कि राज्य सरकार का यह योजना गरीबों के लिए महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इस योजना के तहत पंचायत मुखिया देवंती देवी ने दोनों गांवों में करीब एक सौ लाभुकों के बीच धोती, साड़ी व लुंगी का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत पंचायत की मुखिया देवंती देवी ने अपने हाथों से लाभुकों के बीच योजना की साड़ी, धोती व लुंगी का वितरण किया। साथ ही मुखिया द्वारा सभी लाभुकों से पूछा गया कि राशन सही तरीके से दिया जा रहा है या नहीं, इस पर राशन कार्डधारियों ने जवाब दिया कि डीलर द्वारा सही से राशन मिलता है। इस मौके पर मुखिया देवंती देवी, डीलर सीता राम यादव, डीलर अंगद सिंह, नवल यादव, सोनू सिंह, मन्नू सिंह, सुनैना देवी, अनिता देवी, कुंती देवी, रूबी देवी, सलीम मियां, अकबरिया खातून, मुनवा देवी, गीता देवी, नसीमा खातून, सोहरी देवी समेत अन्य उपस्थित थे।

# उपायुक्त हेमंत सती ने समाज कल्याण योजनाओं की समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात**

**साहेबगंज, झारखंड-** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में समाज कल्याण विभाग, जिला बाल कल्याण और बाल संरक्षण कमिटी के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया और संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका के रिक्त पदों को अब तक नहीं भरने पर जल्द भरने को कहा गया।

बैठक में समाज कल्याण विभाग द्वारा बनाए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने DMFT मद से हो रहे आंगनबाड़ी निर्माण की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गई। इसके अलावा जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में अब तक बिजली कनेक्शन नहीं है, वहां जल्द से जल्द विद्युतीकरण सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पोषण ट्रैकर ऐप, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना और आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ी अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में उपायुक्त ने सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन सुचारू रूप से संचालित हों। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन केंद्रों की जियो-टैग की गई तस्वीरें संबंधित ग्रुप में भेजी जाएं, जिससे नियमित निगरानी संभव हो सके। इसके साथ ही सेविका एवं सहायिका के रोस्टर तैयार करने और रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, प्रखंड बाल संरक्षण पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बसंत यादव ने कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह से की शिष्टाचार भेंट

**● रामनवमी महोत्सव हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है- मुन्ना सिंह**



**स्वतंत्र प्रभात**

**हज़ारीबाग, झारखंड-** रामनवमी महासमिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बसंत यादव ने मंगलवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह से उनके चान्हो स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुन्ना सिंह ने उन्हें अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। बैठक के दौरान आगामी रामनवमी महोत्सव की तैयारियों, समाज और संस्कृति के संरक्षण सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बसंत यादव ने कहा कि महासमिति धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को सफल बनाने के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस महोत्सव को भव्य एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का आह्वान किया। वहीं मुन्ना ने महासमिति की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि रामनवमी महोत्सव हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है। इसे गरिमामय तरीके से मनाने के लिए सभी को एकजुट होकर सहयोग करना चाहिए।

# मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी स्वाति वर्मा की संविदा रद्द

**● सरकारी राशि के दुरुपयोग में संलिप्त पाया गया**

**स्वतंत्र प्रभात**



**हजारीबाग, झारखंड-** 17 मार्च 2025 को झारखंड विधानसभा में विधायक अरुप चटर्जी द्वारा उठाए गए सवाल के जवाब में सरकार ने स्वीकार किया कि हजारीबाग जिले के दारू प्रखंड में मेढ़कुरी पंचायत के मोक्तमा गाँव में मनरेगा योजनाओं में भारी अनियमितताएँ सामने आई हैं। जाँच में 31 योजनाओं में 34 मास्टर रोल (रूक्र) में भ्रष्टाचार की पुष्टि हुई है। मनरेगा लोकपाल हजारीबाग द्वारा की गई जाँच के बाद, उपायुक्त हजारीबाग को 6 मई 2024 को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी, स्वाति वर्मा सरकारी राशि के दुरुपयोग में संलिप्त है। जाँच के आधार पर श्रीमती वर्मा पर ?34,000 का जुर्माना लगाया गया, जिसे उन्होंने 13 जनवरी 2025 को जमा कर दिया। साथ ही उनकी संविदा समाप्त करने की अनुशंसा की गई थी। हालाँकि जाँच पूरी होने तक उनका सेवा नवीकरण लंबित रखा गया था। 21 जनवरी 2025 को उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में, उन्हें एक महिला होने के नाते नैसर्गिक न्याय सिद्धांत के तहत सख्त चेतावनी देकर भविष्य में गलती न दोहराने की शर्त पर सेवा नवीकरण की अनुमति दी गई। लेकिन, राज्य स्तर पर समीक्षा के बाद सरकार ने उनकी संविदा समाप्त करने का निर्णय लिया है। इस मामले को लेकर झारखंड सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है और स्पष्ट किया है कि मनरेगा में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार ने संकेत दिया है कि भविष्य में भी भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना की पारदर्शिता और प्रभावशीलता बनी रहे।

# प्रभारी मंत्री ने बताई योगी सरकार की आठ साल की उपलब्धियां, किया विकास पुस्तिका का विमोचन

**स्वतंत्र प्रभात**



**चित्रकूट ब्यूरो:** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर सेवा, सुरक्षा व सुशासन की दिशा में प्राप्त की गई उपलब्धियों की जानकारी लोगों को दी गई। माता सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण करने के बाद प्रभारी मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने सूचना विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई उत्तर प्रदेश के उपयोगी आठ वर्ष की विकास पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम हाल में आयोजित कार्यक्रम में जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर पीएम मोदी व सीएम योगी के नेतृत्व में जो विकास कार्य कराए गए हैं, उसकी जानकारी पुस्तिका के माध्यम से लोगों को दी जा रही है। इसमें दिव्य एवं भव्य महाकुंभ प्रयागराज 2025 की प्रस्तुति भी दिखाई गई है। कहा कि इन आठ वर्षों में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास को लेकर पीएम मोदी ने देश व सीएम योगी ने प्रदेश में जो विकास कार्य धरातल पर कराए हैं, वह पहले की सरकारें नहीं कर पाई हैं। कहा कि वर्ष 2017 के बाद से भाजपा सरकार में कोई भी गुंडा पनप नहीं पा रहा है। प्रदेश में 18 अटल आवासीय विद्यालय बनाए जा रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने वाले अभियान के जिला संयोजक आनंद सिंह पटेल ने कहा कि वर्ष 2017 के पहले का उत्तर प्रदेश एवं भापजा की सरकार बनने के बाद का उत्तर प्रदेश किसी से छिपा नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने से पूरे उत्तर प्रदेश की उन्नति हुई है तथा उत्तर प्रदेश लगातार विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। इस दौरान प्रभारी मंत्री सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने नव चयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण किए। साथ ही भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को कृषि यंत्र प्रमाण पत्र, दिव्यांग पेंशन स्वीकृति पत्र, दिव्यांग किट, ऋण चेक, आयुष्मान कार्ड, ट्रिपल सी प्रमाण पत्र, शादी अनुदान प्रमाण पत्र आदि का वितरण किया गया। साथ ही हडिया बाबा पोस्ट ग्रेजुएट विद्यालय, श्री भगवान दीन सिंह पटेल महाविद्यालय के विद्यार्थियों को टेबलेट वितरण व स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इसके पूर्व प्रभारी मंत्री व जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के संबंध में लगाई गई प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही जनपद में पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण किया।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, अध्यक्ष नगर पंचायत राजपुर संजीव मिश्रा, जिला महामंत्री आलोक पांडेय, अश्वनी कुमार अवस्थी, राजेश जायसवाल, जिला मंत्री मनोज तिवारी, भाजपा नेता सुरेश अनुरागी, राम सागर चतुर्वेदी, हरि ओम करवरिया, राजेश्वरी देवी, विकास मिश्रा सहित जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास पीड़ी विश्वकर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, एलडीएम अनुराग शर्मा, बीएसए बीके शर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# अंगदान बढ़ाने को एमपी का रास्ता अपनाएं

मध्य प्रदेश सरकार ने अंगदान करने वालों को सम्मानित करने के साथ उनके परिवार को आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने जा रही है। इसमें अंगदान करने वाले के परिवार को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज मिलेगा। जागरूकता बढ़ाने के लिए 18 लाख रुपये की डॉक्यूमेंट्री बनाई जा रही है। राज्य का स्टेट आर्गन एवं टिश्यू ट्रांसप्लांट पोर्टल भी तैयार हो रहा है। मध्य प्रदेश चिकित्सा विभाग के संचालक डॉ. एके श्रीवास्तव ने बताया कि शीघ्र ही इस संबंध में शासन स्तर पर निर्णय हो जाएगा। निश्चय ही यह निर्णय भारत की महर्षि दधिचि की देहदान की परम्परा को आगे बढ़ाएगा।मध्य प्रदेश सरकार का यह निर्णय लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करेगा।वैसे जो कार्य मध्य प्रदेश सरकार करने जा रही है, उसे प्रत्येक प्रदेश को लागू करना चाहिए।अच्छा हो कि ये केंद्र की ओर से लागू हो।इस कार्य के लिए जागरूकता अभियान भी चलाने की जरूरत है। इसके लिए लोगों को प्रेरित करने के साथ प्रोत्साहित भी करना होगा।

भारत में प्रतिवर्ष पांच लाख से ज्यादा लोग वक्त पर अंग न मिलने से मौत का शिकार हो जाते हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इनमें से दो लाख के आसपास लोगों की मौत लिवर नहीं मिलने की वजह से होती है।इन मरने वालो में अधिकतर वे लोग होतें हैं जो पैसा देकर अंग नही खरीद सकते। पैसे वाले तो मन मांगा मोल देकर अंग खरीद लेते हैं।इसी कारण मानव अंगों के अवैध कारोबार को बढ़ावा मिलता है।भारत में प्रतिवर्ष दस लाख व्यक्तियों में अंगदान करने वालों की संख्या 0.16 है। विकसित देशों जैसे अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड और जर्मनी में यह संख्या 10 से 30 के मध्य है। हमारे देश में इस संख्या के कम होने के कारण हैं-सही जानकारी का अभाव, धार्मिक मान्यता, सांस्कृतिक भ्रांतियां और पूर्वाग्रह। कई देशों में अंगदान ऐच्छिक न होकर अनिवार्य है। भारत में ऐसा कर पाना संभव नहीं है, लेकिन जागरूकता पैदाकर इस संख्या को बढ़ाया जा सकता है। लोगों में अंधविश्वास है कि यदि मृत व्यक्ति की आंखों को दान दिया जाता है तो उसे मरने के उपरांत स्वर्ग नहीं मिलता या अगले जन्म में वह आंख या उस अंग के बिना पैदा होगा, जबकि अंगों को शरीर से निकालने से परंपरागत अंत्येष्टि क्रिया या दफन क्रियाओं में कोई बाधा नहीं आती। इससे शरीर के रंग-रूप में भी कोई परिवर्तन नहीं होता।अपने अंगों को मृत प्राय- रोगियों को बहुमूल्य उपहार के रूप में दान देकर अपनी मृत्यु को जीवन समान सार्थक बनाया जा सकता है।

एक मृत व्यक्ति के अंगदान से नौ लोगों को नया जीवन मिल सकता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण प्रतीक्षा सूची में 1,04999 पुरुष, महिला और बच्चे आज भी इस इंतज़ार में हैं कि कोई अंगदान करेगा और वे अपना जीवन जी सकेंगे। , राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण प्रतीक्षा सूची में अकेले किडनी के जरूरतमंद व्यक्ति ही 88551 है।भारत में प्रतिवर्ष लगभग डेढ़ लाख मौतें सड़क हादसों से होती हैं। वर्ष 2022 में ही 168491 मौत हुई। इसका मतलब औसतन हर रोज सड़कों पर 1000 से ज्यादा दुर्घटनाएं होती हैं और 400 से ज्यादा लोग दम तोड़ देते हैं।

इनमें सबसे पहले मस्तिष्क पूरी तरह से कार्य करना बंद कर देता है, ऐसा शरीर अंगदान के लिए उपयुक्त होता है। फिर भी बमुश्किल दो -तीन प्रतिशत भाग्यशाली लोगों को नए अंग मिलते हैं।हृदय, फेफड़े, लिवर, किडनी, आंत, पैंक्रियाज ऐसे अंग हैं, जो मृत व्यक्ति के परिजनों द्वारा दान किए जा सकते हैं। आंख का कॉर्निया, हड्?डी, त्वचा, नस, मांसपेशियां, टेंडन, लिगामेंट, कार्टिलेज, हृदय वाल्व भी मृत्यु के बाद किसी अन्य व्यक्ति के काम आ सकते हैं। जीवित व्यक्ति एक पूरी किडनी व लिवर का कुछ हिस्सा दान में दे सकता है। शेष एक किडनी से दानदाता का जीवन व्यतीत हो सकता है । लिवर समय के साथ बढ़ जाता है और पुनः अपनी पुरानी अवस्था में लौट आता है इसलिए दाता को किसी प्रकार की कोई दिक्क़त नहीं होती है।

भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीन एवं महान संस्कृति है। दान, धर्म एवं उच्च संस्कार प्राचीन काल से ही हमारे समाज में वरिष्ठ स्थान रखते रहे हैं। महर्षि दधीचि ने दान की पराकाष्ठा का उदाहरण समाज के समक्ष रखा। वह भारतीय संस्कृति के प्रथम अंगदानी कहे जाते हैं। देवता और दानव में युद्ध चल रहा था !दानव देवताओं पर भारी पड़ रहे थे। देवताओं को समझ नहीं आ रहा था कि युद्ध में कैसे विजय पाई जाए। इसके लिए वे ब्रह्मा जी के पास गए। ब्रह्मा जी ने सुझाव दिया कि महर्षि दधीचि की अस्थियों से बने अस्त्र से दानवों को पराजित किया जा सकता है। देवता महर्षि दधीचि के पास गए। याचना की। महर्षि दधीचि द्वारा दी गई अस्थियों से बने वज्र से राक्षास ब्रजासुर का बद्ध हुआ। दानव पराजित हुए।



आर्यव्रत की हजारों साल पुरानी देहदान और अंगदान की इस परंपरा में आज भी लोगों की रुचि नहीं है। मुझे याद है कि लगभग 40 साल पहले उत्तर प्रदेश के बिजनौर के स्टेडियम में खेल प्रतियोगिता के दौरान भाला लगने से एक कर्मचारी घायल हो गया था।

उसे खून की जरूरत थी।कहे जाने पर भी उसके परिवारजनों ने खून नहीं दिया था। उसकी मदद के लिए स्टेडियम के खिलाड़ी आगे आये। उनके रक्त देने से कर्मचारी की जान बची।अच्छा यह है कि अब रक्तदान के प्रति तो लोगों में जागरूकता बढ़ी है, किंतु अंगदान के प्रति अभी चेतना नही है।अंगदान के प्रेरित करने वाले चिकित्सकों की भी कमी है।यदि बड़े और सरकारी अस्पताल के चिकित्सक मृतक के परिजनों को अंगदान के लिए प्रेरित करने लगे तो बड़ा काम हो सकता है।

हालांकि हेल्थ प्रोफेशनल आमतौर पर अंगदान के विषय पर मृतक के परिजनों से बात करने में अटपटा महसूस करते हैं। नई दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ समीरन नंदी ने डीडब्लू को बताया, ÷डॉक्टर मृतक के अंगों को दान देने के बारे में पूछने से कतराते हैं. कोई इस बारे में प्रोत्साहन भी नहीं है और बदले की कार्रवाई का डर भी रहता है।"एक बात ओर अंगदान करने के इच्छुक लोग बढ़ भी जाएं तो सभी अस्पतालों में अंग प्रत्यारोपण से जुड़ी तमाम प्रक्रियाओं के लिए जरूरी साजो सामान या उपकरण मौजूद नहीं हैं।

भारत में सिर्फ 250 अस्पताल ही नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन (नोटो) से पंजीकृत हैं। ये संगठन देश के अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम का समन्वय करता है।यानी देश में प्रत्येक 43 लाख नागरिकों के लिए, तमाम सुविधाओं और उपकरणों वाला सिर्फ एक अस्पताल है. भारत के देहाती इलाकों में तो ट्रांसप्लांट सेंटर कमोबेश हैं भी नहीं।

अंगदान की प्रक्रिया बहुत लाभकर है पर जिस तेजी से बढ़नी चाहिए, उस तेजी से नहीं अंगदान के नाम पर आंख देना ही शुरू हुआ है।यह भी न के बराबर।जबकि मानव कल्याण के लिये अंगदान का प्रचार प्रसार बहुत जरूरी है।रक्तदान में जरूर तेजी आई है।


प्रत्येक वर्ष तीन अगस्त को अंगदान दिवस मनाया जाता है।एक दिवस में इस महत्वपूर्ण कार्य की इतिश्री कर दी जाती है।जबकि प्रत्येक पल अंगदान के लिए प्रेरित करने की जरूरत है। अंगदान के लिए जनजागरण की जरूरत है। स्कूली शिक्षा से छात्रों में जनजागरण के लिए जागरूकता विकसित की जानी चाहिए। अन्य अभियानों की तरह अंगदान के लिए भी अभियान चलाने की जरूरत है।इसके लिए विभिन्न धर्मगुरूओं से संपर्क कर उनसे अनुरोध किया जाए कि वह अंगदान के लिए अपने समर्थकों को प्रेरित करें।मध्य प्रदेश की तरह अंगदान करने वालों परिवारों के सममानित करने के साथ उन्हें प्रोत्साहित करने आयुष्मान योजना जैसी सरकारी योजना का लाभ दिलाने की भी जरूरत है।

वैसे हाल में अंगदान के लिए कई अच्छे स्लोगन सामने आए हैं।मरने के बाद भी यदि दुनिया की खूबसूरती देखते रहना चाहते हों तो आंखे दान करो।मरने के बाद भी दिल की धड़कन महसूस करनी हों, तो दिल दान करों।इस तरह के और रोचक नारे और स्लोगन बनाकर बढ़ियाकर प्रचार करने महर्षि दधीचि की देहदान की परम्परा को ओर आगे बढ़ाया जा सकता है और ज्यादा लोगों की जान बचायी जा सकती हैं।

**अशोक मधुप**

# संपादकीय

## लेखकों का सम्मेलन हो, सभी श्रोता हिन्दुस्तानी हों, लेकिन वक्ता का केवल अंग्रेजी में व्याख्यान देना कितना जायज है?




चाहे साहित्य अकादमी का सभागार हो, नेशनल बुक ट्रस्ट का कोई कार्यक्रम, कोई पुस्तक मेला या फिर किसी हिन्दी पुस्तक का विमोचन। अक्सर देखा जाता है कि वक्ता अंग्रेजी में बोलना ही अपनी शान समझते हैं, जबकि अधिकांश श्रोता हिन्दी भाषी होते हैं। कुछ श्रोता गैर-हिन्दी भाषी अवश्य होते हैं, लेकिन वे भी प्रायः हिन्दी समझते हैं। परिणामस्वरूप, अधिकतर श्रोता भाषण के दौरान सिर्फ समय बिताने के लिए मोबाइल में व्यस्त रहते हैं। यह स्थिति कई गंभीर प्रश्न खड़े करती है।

भाषा केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति, ज्ञान और प्रगति का वाहक भी होती है। किसी भी सम्मेलन का उद्देश्य विचारों और ज्ञान का आदान-प्रदान होता है, लेकिन जब वक्ता और श्रोता एक ही भाषा नहीं समझते, तो यह उद्देश्य अधूरा रह जाता है। यह न केवल भाषा बल्कि संस्कृति के प्रति भी उपेक्षा का संकेत देता है। यदि किसी सम्मेलन या पुस्तक विमोचन में भाग लेने वाले सभी लोग अंग्रेजी में सहज नहीं हैं, तो केवल अंग्रेजी में व्याख्यान देना अनुचित है।

सम्मेलनों में द्विभाषी व्याख्यान आयोजित किए जाने चाहिए, जहां हिन्दी और अंग्रेजी दोनों का उपयोग किया जाए। भाषा का चयन सम्मेलन के उद्देश्य और श्रोताओं की आवश्यकताओं के अनुसार होना चाहिए। हिन्दी, भारतीयों को अपनी जड़ों से जोड़ती है और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में सहायक होती है। यह कला, साहित्य और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करती है, जिससे समाज समृद्ध होता है।

हिन्दी भाषा जितनी मजबूत होगी, भारत भी उतना ही सशक्त होगा। 1835 में ब्रिटिश संसद में लॉर्ड मैकाले ने कहा था कि भारत की भाषा और संस्कृति इतनी मजबूत है कि यदि इसे नष्ट कर दिया जाए, तो भारत को गुलाम बनाया जा सकता है। इतिहास गवाह है कि ऐसा हुआ भी। अंग्रेज तो चले गए, लेकिन अंग्रेजियत अब भी बनी हुई है। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि हिन्दी भाषी भारत का भविष्य क्या होगा?

जापान, चीन, रूस जैसे देश अपनी भाषा में ही सरकारी कार्य करते हैं। जापान में यदि कोई सरकारी अधिकारी जापानी भाषा नहीं जानता हो, तो उसे राजपत्रित अधिकारी नहीं बनाया जाता, जबकि भारत में ऐसा कोई नियम नहीं है। यहां तक कि हिन्दी बिल्कुल न जानने वाले भी उच्च प्रशासनिक पदों पर आसीन हो जाते हैं। यह एक गंभीर विडंबना है।

हिन्दी से बचने का एक प्रमुख कारण यह मानसिकता है कि हिन्दी कठिन भाषा है, और हिन्दी में बोलना अशिक्षित या कम शिक्षित होने का संकेत देता है। यह एक मनोवैज्ञानिक भ्रांति है। हिन्दी वास्तव में एक सरल भाषा है, जो जैसी बोली जाती है, वैसी ही लिखी जाती है। भारत सरकार ने भी राजभाषा नियमों में यह प्रावधान किया है कि अंग्रेजी के प्रचलित शब्दों को हिन्दी रूप में स्वीकार किया जा सकता है।


महावीर प्रसाद द्विवेदी ने भी कहा है—"आप जिस तरह बोलते हैं, उसी तरह लिखिए। भाषा बनावटी नहीं होनी चाहिए।"

संक्षेप में कहा जाए तो, भाषा किसी भी देश के विकास का एक अनिवार्य पहलू है। यह शिक्षा, संस्कृति, अर्थव्यवस्था और शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रत्येक देश को अपनी भाषाओं को संरक्षित और विकसित करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए, ताकि वह अपने नागरिकों के लिए एक समृद्ध और समावेशी भविष्य सुनिश्चित कर सके। लेखकों के सम्मेलन में केवल अंग्रेजी में व्याख्यान देना उचित नहीं है; यह हिन्दी भाषा, साहित्य और संस्कृति की अनदेखी के समान है।

**लेखक- कृष्ण कुमार**

# सुनीता विलियम्स- साहस से छुआ आसमान

"अगर देखना चाहते हो मेरे हौसलों की उड़ान तो आसमान से कह दो कि और ऊँचा हो जाए"। ये पंक्तियाँ निश्चित ही ऐसा आभास कराती हैं कि यह असंभव जैसी बात है। क्योंकि आसमान में उड़ने वाली बात किसी ऐसे सपने जैसी ही लगती है, जो पूरा हो ही नहीं सकता। लेकिन व्यक्ति के पास साहस और धैर्य है तो वह असंभव लगने वाले लक्ष्य को भी प्राप्त कर सकता है। भारतीय मूल की बेटी सुनीता विलियम्स ने ऐसा ही एक कीर्तिमान करके दिखाया है। धरती पर रहने वाली सुनीता ने अपने साहस और धैर्य से आसमान को छूने को साहसी कार्य किया है। यह एक ऐसा कीर्तिमान है जो भविष्य के लिए एक मील का पत्थर है। जो अंतरिक्ष विज्ञान के लिए एक दिशा बोध बनेगी। आज अंतरिक्ष विज्ञान जगत के लिए सुनीता विलियम्स एक ऐसा नाम है, जिसके साथ विज्ञान को देने के लिए बहुत कुछ है। जिनकी गाथा कहते कहते लोगों के मुंह थक जाएंगे, पर गाथा ख़त्म नहीं होगी। सुनीता विलियम्स, बुच विलमोर सहित चार अंतरिक्ष यात्री जब धरती पर लौटे तो अमेरिका में खुशी का वातावरण था, तो भारत में भी असीमित उल्लास था। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की हैं, इसलिए यह पूरे विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि उन्होंने भारत का भी मान बढ़ाया है।



सुनीता विलियम्स केवल नौ दिन के लिए अंतरिक्ष की सैर पर गई थीं, लेकिन यह क्या मालूम था कि यह नौ दिन की यात्रा नौ माह और चौदह दिन की हो जाएगी। जाहिर है यात्रा सरल नहीं थी। क्योंकि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण का अभाव रहता है। हालांकि सुनीता विलियम्स की यह तीसरी अंतरिक्ष यात्रा थी। हम जानते हैं धरती से वायुमंडल की परिधि समाप्त होने के बाद अंतरिक्ष की दुनिया प्रारम्भ होती है। अंतरिक्ष के बारे में कहते हैं कि मानव आकृति अधर में ही लटकी रहती है। अगर कोई यात्री अंतरिक्ष यान में भी गया है, तो भी उसे आधार नहीं मिलता। ऐसा लगता है जैसे वजनहीन हो गए हैं। अंतरिक्ष में चल फिर नहीं सकते। बस तैरते से रहते हैं। ऐसी स्थिति में अंतरिक्ष में जाना निश्चित ही अत्यंत दुष्कर कार्य है। भारतीय मूल की बेटी सुनीता विलियम्स और उनके साथ गए बुच विलमोर ने जिस साहस का परिचय दिया, वह वास्तव में काबिले तारीफ़ है। लेकिन एक बात यह भी है कि अंतरिक्ष में जाना किसी चुनौती से कम नहीं है। वहां का जीवन पृथ्वी से बहुत भिन्न है। अंतरिक्ष में पहुँचने के बाद चारों अंतरिक्ष यात्रियों का यान ज़ब भटक गया था। तब उनके मन में भी कई तरह के सवाल उठे होंगे, क्योंकि ऐसी स्थिति में यह पता नहीं होता कि वे धरती पर लौटेंगे भी या नहीं। या अंतरिक्ष में कब तक यूँ ही घूमते रहेंगे, इसका भी पता नहीं, लेकिन एक जिजीविषा थी, जो उन सबको जीने का उल्लास दे रही थी। कहते हैं कि जिसके मन में जीने का उत्साह हो तो समस्याएं सरल होती चली जाती हैं। चारों अंतरिक्ष यात्री पूरे मन से अपने मिशन पर थे। ज़ब तक वे अंतरिक्ष में थे, कुछ न कुछ करते रहे यानी शोध के कार्य में इतने व्यस्त हो गए कि उनको पता ही न चला कि उनके जीवन में कोई समस्या है।

अमेरिका के फ्लोरिडा के तट पर समुद्र में ज़ब अंतरिक्ष यान उतरा, उस समय का दृश्य सबने देखा। कितना अद्भुत, कितना चमत्कार करने वाला दृश्य था। हर कोई इस अविश्वसनीय घटना के बारे सुनकर आश्चर्यचकित ही था। जिन्होंने इस दृश्य को अपनी आँखों से देखा, वह ऐसी घटना दुबारा देख पाएंगे या नहीं, यकीनी तौर पर नहीं कहा जा सकता। यह घटना कोई सामान्य नहीं थी। जो अंतरिक्ष यात्री साढ़े नौ महीने हवा में तैर कर जीवन बिता रहे थे, उनके उनका जीवन वास्तव में बदल चुका था। धरती पर जीने के तरीके अलग हैं, यहां गुरुत्वाकर्षण बल के कारण सभी कार्य आसान हैं। यह आसान इसलिए भी हैं, क्योंकि यह एक सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा बन जाती हैं। अंतरिक्ष का जीवन अलग है। वहां सभी वस्तुएँ हवा तैरती रहती हैं। खाने की वस्तु को भी हवा में तैरते हुए ही खाया जा सकता है। वहां नींद लेने के लिए खुद को बेल्ट से बाँधना होता है। अगर ऐसा नहीं करते तो तैरते हुए सोना बहुत ही मुश्किल काम है। यहां तक कि प्यास बुझाने के लिए अपनी पेशाब और पसीने को शुद्ध करके पीने योग्य बनाया जाता है और वही पीने के काम आता है। शून्य गुरुत्वाकर्षण की अवस्था शरीर पर कई प्रकार के प्रभाव उपस्थित करती हैं। इससे शरीर का संतुलन धरती पर रहने जैसा नहीं होता। रक्त संचरण भी सामान्य नहीं होता। इतना होने के बाद भी इन चार अंतरिक्ष यात्रियों ने साहसिक यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा किया। नासा ने इस अभियान को बखूबी अंजाम दिया। वर्तमान में अंतरिक्ष विज्ञान को शोध के अनेक विषय देने का काम किया है। भारत भी इस मामले में किसी भी दृष्टि से पीछे नहीं है। भारत ने जिस प्रकार से अपने चंद्रयान अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया, वह सारी दुनिया को अचरज में डालने जैसा ही है। इसलिए भारतीय वैज्ञानिक भी अंतरिक्ष के लिए एक उपलब्धि को पाने जैसा ही कार्य कर रहे हैं।

चूँकि सुनीता विलियम्स भी भारतीय मूल की हैं, इसलिए नासा की इस उपलब्धि को भारतीय प्रतिभा का कायल माना जा रहा है। आज का अमेरिका बिना भारतीय प्रतिभा के आगे नहीं बढ़ सकता। ऐसा अमेरिका के कई क्षेत्रों में साबित हो रहा है। सुनीता विलियम्स के जीवन और उनके कार्य में भारतीय संस्कार विद्यमान हैं। इससे पूर्व अंतरिक्ष में जाते समय वे अपने साथ भागवत गीता ले गई थीं और इस बार भगवान गणेश की प्रतिमा साथ लेकर गईं।

सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर सहित चार सहयोगियों ने वहां पर साढ़े नौ महीने जो शोध किया, वह अंतरिक्ष विज्ञानियों के लिए एक ऐसा ऐतिहासिक दस्तावेज ही कहा जाएगा, जो मिसाल है। आने वाले समय में विज्ञान जगत इनसे बहुत कुछ सीखेगा, यह तय है। अंतरिक्ष में जाने का यह मामला पहला नहीं है, लेकिन इतनी लम्बी अवधि तक अंतरिक्ष में रहने का यह पहला मामला है। इसलिए इसे औरों से अलग किस्म के रूप में देखा जा रहा है। भारतीय मूल की बेटी सुनीता के इस हौसले का पूरे मन से अभिवादन।

# एक विदूषक से घबड़ाती राजसत्ता

क्या जमाना आ गया है कि राजसत्ता एक अदने से विदूषक से घबड़ाने लगी है। मुंबई में कुणाल कामरा नाम के एक विदूषक की पैरोडी के बाद एक वर्णसंकर सियासी दल के कार्यकर्ताओं ने कुणाल के दफ्तर में जिस तरह से तबाही मचाई उसे देखकर लगता है कि राजसत्ता कितनी कमजोर और असहिष्णु है। कुणाल ने किसी का नाम नहीं लिया। किसी को गाली नहीं दी, लेकिन कहते हैं न कि- 'चोर की दाढ़ी में तिनका' होता है ,सो चोरों ने कुणाल को निशाने पर ले लिये। अब महाराष्ट्र की पूरी राजसत्ता कुणाल के खिलाफ राजदंड लिए खड़ी है। कोई माने या न माने किन्तु ये कटु सत्य है कि भाजपा जब से सत्ता में आयी है तभी से देश में असहिष्णुता ,साम्प्रदायिकता,संकीर्णता और बेसब्री सीमा से ज्यादा बढ़ गयी है। भाजपा सनातन की बात करती है ,भारतीय शिक्षा और संस्कारों की बात करती है लेकिन इसके बारे में शायद जानती कुछ भी नहीं है। यदि जानती होती तो कुणाल कामरा के शो को लेकर तालिबानों की तरह उसके ऊपर टूट न पड़ती। कामरा के शो को लेकर बवाल शिव सेना [एकनाथ शिंदे ] ने किया है। शिंदे के बारे में कुणाल ने जो कहा वो कटु सत्य है कि शिंदे ने न सिर्फ मूल शिव सेना से गद्दारी की बल्कि अपना सियासी बल्दियत भी बदली। बस यही वो दुखती रग थी जिसके ऊपर हाथ रखने से एकनाथ के कार्यकर्ता गुंडई पर उतर ए और उन्होंने कुणाल को सजा देने का दुस्साहस दिखा दिया।



शिवसेना हो या भाजपा या कांग्रेस जब भी सत्ता में आते हैं तब उनका चरित्र लगभग एक जैसा हो जाता है। कांग्रेस चूंकि लम्बे समय तक सत्ता में रही इसलिए इसने सब्र करना भी सीखा और हास्य बोध भी पैदा किया, अन्यथा कांग्रेस के राज में लक्ष्मण,शंकर,सुधीर तैलंग या काक जैसे मशहूर व्यंग्य चित्रकार पनप न पाते। न राग दरबारी लिखी जा सकती थी और न हरिशंकर परसाई जैसे लेखक जीवित रह पाते। परसाई जी को भी संघियों ने मारने की कोशिश की थी लेकिन वे अपनी कमर टूटने के बाद भी दशकों तक अपना काम करते रहे। शिवसेना को शायद ये पता नहीं है कि शिवसेना का ट्रीटमेंट हो या संघ का ट्रीटमेंट, किसी विदूषक को, किसी व्यंग्यकार को किसी हास्य कलाकार को उसका काम करने से रोक नहीं सकता।

भारतीय ज्ञान परमपरा की वक़ालत करने वाले संघी और शिवसैनिक शायद भारतीय ज्ञान परंपरा को जानते ही नहीं है। उन्हें पता ही नहीं है कि साहित्यमें ,नाटक में कितने रस होते हैं? वे यदि ये सब जानते तो खुद अपने पुरखों की कला का सम्मान करते। शिवसेना के संस्थापक बाला साहब ठाकरे खुद एक व्यग्यकार यानि विदूषकों की बिरादरी से आते थे। व्यंग्य के लिए कलम हो,कूची हो या मंच हो एक सशक्त माध्यम होता है। हास्य कलाकर हिंदुस्तान में भी होते हैं और पाकिस्तान में भी। इंग्लैंड में भी होते हैं और अमरीका में भी। जीवन में यदि हास्य और व्यंग्य न हो तो जीवन न सिर्फ नीरस हो बल्कि नर्क बन जाये। हास्य-व्यंग्य कलाकार या लेख जीवन को सरस् बनाता है। कटु सत्य को शक्कर में पागकर आपके सामने पेश करता है और ऐसा करना दुनिया के किसी भी मुल्क में अपराध नहीं है। केवल तालिबानी संस्कृति में हसने,व्यंग्य करने पर स्थाई रोक होती है।

भारत की राजनीति में हास्य बोध लगभग मर चुका है ,हमारे नेता अब व्यंग्य करने वले को,व्यंग्य लिखने वाले को अपना दुश्मन मानने लगे हैं यही वजह है कि पिछले एक दशक में कुणाल कामरा हों या कीकू सभी को धमकियों का समाना करना पड़ता है, जेल जाना पड़ता है। लेकिन परसाई के वंशज कभी हार नहीं मानते। कुणाल ने भी हार नहीं मानी है। उसे हार मानना भी नहीं चाहिए। भाजपाई और शिवसेना के कार्यकर्ता शायद न चार्ली चैप्लिन को जानते हैं और न हमारे यहां के बीरबल को। वे मुल्ला नसरुद्दीन को भी नहीं जानते उन्होंने मुंगेरीलाल के बारे में भी पढ़ा और सुना नहीं है। वे तो यदि कुछ सीखे हैं तो तालिबानियों से सीखे हैं/भाजपा को मुसलमानों से नफरत है तो शिवसेना को बिहारियों और गैर मराठियों से। दोनों कानून को अपने हाथ में लेने में कोई संकोच नहीं करते,खासतौर पर वहां ,जहां उनकी अपनी सरकार हो। कुणाल कि हाथ में संविधान की प्रति देख उन्हें लगा की मंच पर कुणालहिं राहुल गाँधी खड़े हैं।

हमारे यहां जो तमाम शब्द लोकभाषा में प्रचलित और स्वीकार्य शब्द थे उन्हें भाजपा ने सत्ता में आते ही असंसदीय घोषित कर दिया। अर्थात आप उनका इस्तेमाल संसद के भीतर नहीं करसकते,किन्तु संसद के बाहर सड़क या किसी और मंच पर इनका इस्तेमाल न अपराध है और न इन्हें प्रतिबंधित किया गया है। कुणाल ने जिस 'गद्दार' शब्द का इस्तेमाल अपने गीत में किया वो भी सरकार की नजर में असंसदीय है। संसद की बुकलेट में 'गद्दार', 'घड़ियाली आंसू', 'जयचंद', 'शकुनी', 'जुमलाजीवी', 'शर्मिंदा', 'धोखा', 'भ्रष्ट', 'नाटक', 'पाखंड', 'लॉलीपॉप', 'चाण्डाल चौकड़ी', 'अक्षम', 'गुल खिलाए' और 'पिट्ठू' जैसे शब्दों का इस्तेमाल अब लोकसभा और राज्यसभा में अब असंसदीय माना गया है। मेरा तो एक उपन्यास ही 'गद्दार' नाम से है।गनीमत है की कांग्रेस से भाजपाई हो चुके सिंधिया समर्थकों ने इस पर कोई बखेड़ा खड़ा नहीं किया। वैसे भी राजनीति में गद्दारी और बाप बदलना एक आम मुहावरा है। इसे सुनकर यदि कोई बमकता है तो उसे राजनीति छोड़ देना चाहिए।

कुणाल कामरा कोई साहित्यकार नहीं है। वे एक स्टेंडअप कॉमेडियन हैं। ये उनका व्यवसाय है। ये व्यवसाय गैर कानूनी नहीं है, इसलिए उनके ऊपर हुए हमले की, उन्हें दी जाने वाली धमकियों की घोर निंदा की जाना चाहिए। हमारे यहां तो निंदकों तक को नियरे रखने की सलाह दी जाती है क्योंकि वे स्वभाव को बिना पानी-साबुन कि निर्मल करने का माद्दा रखते हैं। एक सभ्य समाज में यदि हास्य-व्यंग्य को लेकर सरकार की और से असहिष्णुता का प्रदर्शन किया जायेगा, कलाकारों को धमकाया जायेगा, उन्हें जेलों में डाला जाएगा तो लोकतंत्र जीवित नहीं रह सकता। हास्य-व्यंग्य कोई गाली नहीं हैं। ये अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है ठीक उसी तरह जिस तरह की टीवी है, रेडियो है सोशल मीडिया है। इन सभी माध्यमों की सुरक्षा अनिवार्य है। इस मामले में देश की सरकार को ही नहीं बल्कि देश की सर्वोच्च न्यायपीठ को भी हस्तक्षेप करना चाहिए और कुणाल को ही नहीं बल्कि हरिशंकर परसाई परम्परा को सारंक्षण देन चाहिए। अन्यथा वो दिन दूर नहीं जबआपको ताश के 52 पत्तों में से जोकर गायब नजर आये।

**राकेश अचल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सेवा, सुशासन और सुरक्षा के 8 साल



**खजनी गोरखपुर** खजनी तहसील अन्तर्गत स्थित नगर पंचायत उनवल मे उत्तर प्रदेश के उत्थान, उन्नति एवं जनकल्याण के लिए समर्पित भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर गोरखपुर के महंत दिग्विजय नाथ पार्क में दुनिया के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री परम पूज्य योगी आदित्यनाथ के विशाल जनसभा में उनवल से भाजपा उनवल मण्डल अध्यक्ष इन्द्र कुमार निगम के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रस्थान किए, कार्यक्रम में जाने के लिए विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं को एकत्रित किया गया। उनवल मण्डल के बिगही चौराहे पर संजय विश्वकर्मा, संदीप चौरसिया के नेतृत्व में कटघर चौराहे पर, श्याम मोहन उपाध्याय, जगरनाथ चौबे, भीऊरी चौराहे पर, राजकुमार गुप्ता, श्याम जी प्रजापति नगर पंचायत उनवल कार्यालय पर चेयरमैन प्रतिनिधि उमेश कुमार दुबे उर्फ मिंटू दुबे, महेन्द्र चौधरी, लालबाबू साहनी ने कार्यकर्ताओं को एकत्रित कर कार्यक्रम के लिए प्रस्थान किया कार्यक्रम में मण्डल महामंत्री योगेश वर्मा, संतोष राम त्रिपाठी, जनार्दन तिवारी, राजकुमार गुप्ता, श्याम जी प्रजापति, सच्चिद्र मिश्रा, शिवकुमार शाह, ब्यास सिंह, सत्येन्द्र त्रिपाठी, दिनेश साहनी, श्रीप्रकाश गुप्ता, अज्जू खान, विनय त्रिपाठी, राजन पासवान, यशवन्त साहनी, मिथिलेश यादव, हरिशंकर सिंह, सहित आदि लोग शामिल हुए।

### सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का उत्सव खोखला- दिव्यांश



**देवरिया 25 मार्च।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष दिव्यांश श्रीवास्तव ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भाजपा सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने को लेकर सरकार को कोसते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने 8 साल में उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया है। आज उत्तर प्रदेश में हर तरफ सवाल ही सवाल है। बहन, बेटियां और महिलाएं सुरक्षित नहीं है। अन्याय, अत्याचार चरम पर है। भाजपा ने 8 साल में उत्तर प्रदेश को जंगल राज में तब्दील कर दिया है। हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। भाजपा सरकार का आठ वर्ष बेमिसाल धोखा है। आठ वर्ष में भाजपा की सरकार में जनता को कुछ नहीं मिला। प्रदेश में जबर्दस्त भ्रष्टाचार है। लूट और अपराध की बाढ़ है। यूपी में अपराधियों का साम्राज्य हो गया है। अराजक, असमाजिक तत्वों ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। बलात्कार और बच्चियों की हत्याओं से पूरा प्रदेश थर्रा रहा है। अयोध्या में महिला के साथ लखनऊ में लूट, बलात्कार और हत्या कर दी गयी। इस घटना से लोग दहशत में है। बलिया के रसड़ा में एक युवती के हाथ बांधकर हत्या के बाद पेड़ पर लटकाने की भयावह तस्वीर आयी है, वो बेहद, दर्दनाक और दुःखद है। जुल्म और गुनाह के मामले में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार जिस तरह हाथ बांधे खड़ी है। अपराधियों का ये दुस्साहस उसी का नतीजा है। प्रदेश में लगातार महिलाएं, बच्चियां अपमानित हो रही हैं। फिर भी भाजपा नेतृत्व का दुस्साहस है। भाजपा ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया है। प्रदेश में कानून व्यवस्था सपना बनकर रह गया है। किसान आर्थिक संकट में है। अधिकारी और भाजपाई मिलकर उत्तर प्रदेश को लूट रहे हैं। भाजपाई जगह-जगह जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं।

### मारपीट के मामले में आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज

**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेईया में मारपीट के आरोप में पुलिस ने दोनों पक्ष से आठ लोगों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेईया में बीते बुधवार की रात सोनौली कोतवाली क्षेत्र से रिस्तेदार के बुलाने पर तीन बाइक से पांच लोग आए थे जो सुरेन्द्र पुत्र छोटू को बुरी तरह से मारपीट कर लहू लुहान कर दिया था। आक्रोशित ग्रामीणों ने तीन को पकड़कर उसी रात पुलिस के हवाले किया था। उक्त मामले में श्रीराम पुत्र सुखी की तहरीर पर पुलिस ने महदेईया निवासी सोमेन्द्र व सुरेन्द्र पुत्रगण श्रीराम, रेखा पत्नी सोमेन्द्र, रामलक्ष्मी पत्नी सुरेन्द्र, यशवन्त यादव पुत्र अलगू, दयाशंकर पुत्र यशवन्त, अलगू पुत्र प्रसाद, रामवेलास पुत्र गभूं के खिलाफ 191( ) 191(3) 190, 115(2) 352, 351 (3) 110 बीएनएस 3(1) घ3(2) एसए, एससी एसटी में मुकदमा पंजीकृत किया है। इस सम्बन्ध में एसएसआई अभिजीत कुमार का कहना है मारपीट के मामले में कुल आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ है मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# आरडीसी कॉंक्रीट इंडिया लिमिटेड बरडाड़ द्वारा विद्यालय को लिया गया गोद

**● विद्यालय मे बच्चे डेस्क, बेंच पाकर प्रफुल्लित हो उठे**

स्वतंत्र प्रभात



**खजनी गोरखपुर** खजनी तहसील मे स्थित नगर पंचायत उनवल के प्राथमिक विद्यालय प्रथम उनवल मे बच्चों के पठन पाठन हेतु डेस्क व बेंच दिया गया बच्चों के चेहरे खीले। आज विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री बजरंगी सिंह जी ने विद्यालय और बच्चों के तरफ से आभार व्यक्त करने के लिए छोटा सा कार्यक्रम आयोजित किया जिसमे ने बच्चों ने स्वागत गीत आदि के माध्यम से कम्पनी के उत्तर प्रदेश के हेड श्री विशाल भारद्वाज जी का व उनकी कम्पनी का आभार ज्ञापित किया। विशाल भारद्वाज जी पत्रकारों से बात करते हुवे कहें की हमारी कम्पनी पूरे भारत में कार्य कर रही कम्पनी का ब्रांच जहाँ भी है वहाँ किसी न किसी प्राथमिक विद्यालय को गोद लेती है, और हम चाहते हैं सिर्फ हमारी ही कम्पनी नहीं गोरखपुर में कार्य कर रही यदि सारी कम्पनी ठान ले और मात्र एक एक विद्यालय को गोद लेलें विश्वास मानिये की हमारे इन बच्चों को वो सारी व्यवस्थाए मिल जाएंगी जो किसी आधुनिक व्यवस्था वाले विद्यालय के लिए अनिवार्य है,प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शुक्ला जी ने कंपनी का आभार व्यक्त करते हुवे कहा की आरडीसी का ये पहल निश्चित तौर पर सराहनीय है और हमारा सौभाग्य है की ऐसी कम्पनी भी जिले में हैं जो निःस्वार्थ रूप से इन बच्चों के प्रति सेवा की भावना से कार्य कर रही। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया की हमारे यहाँ शैक्षणिक व्यवस्था काफी बेहतर है सरकार लगातार विद्यालयों को बेहतर बनाने में प्रयासरत है,और ऐसे में आरडीसी द्वारा वर्तमान में जो सहयोग विद्यालय को दी गई बेहद प्रशंसनीय है, जो हमारे बच्चे नीचे बैठते थे आज उनको डेस्क व बेंच मिला और जो बच्चे इन संसाधनों के अभाव में स्कूल आने में संकोच कर रहे होंगे वो भी अब विद्यालय के तरफ रुख करेंगे,हम संसाधन और बिल्डिंग स्ट्रक्चर तो निजी स्कूलों जैसा संभवतः न दे पाए पर शिक्षा,खेल कूद आदि में हमारे बच्चे भी उनसे कम बेहतर नहीं हैं, उन्होंने नगर के अजय त्रिपाठी जी का भी आभार जो की श्री विशाल शर्मा जी को विद्यालय की समस्या से अवगत कराये परिणाम स्वरुप कम्पनी से लगभग 100 बच्चों के बैठने के लिए डेस्क व बेंच दिया गया है, जिसके लिए आप मिडिया के मित्रो के माध्यम से उनका व उनकी कम्पनी जिसमें वो कार्यरत है आरडीसी कॉंक्रीट इंडिया लिमिटेड जो की एक आरएमसी प्लांट है,दोनों को धन्यवाद देते हुवे उनका आभार व्यक्त करता हूँ। कार्यक्रम में कम्पनी से मुकेश शर्मा अकॉउंट हेड, प्लान्ट इंचार्ज गौरव शर्मा, आदित्य प्रताप तिवारी, रंजय सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, धनंजय शुक्ला, अनिकेत वर्मा, फिरोज खान, शिवम सिंह, व विद्यालय परिवार से मुख्य रूप से संगठन के मन्त्री संग्राम सिंह जी, शिक्षक नेता अमरेंद्र शाही जी, विवेक सिंहजी, मृत्युंजय जी, त्रिभुवन जी, धर्मदेव भारती जी, प्रेम शिला जी, रोमा जी के साथ सैकड़ों की संख्या में छात्र - छात्राए उपस्थित रहें।

## जनपदीय शिक्षक संघ के महामंत्री का हुआ स्वागत

**देवरिया।** शहर के बीआरडी पीजी कॉलेज में जनपदीय शिक्षक संघ के महामंत्री पद पर निर्विरोध विजय प्राप्त करने पर कॉलेज के वरिष्ठ प्रोफेसर व सस्य विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सुबाश चंद का महाविद्यालय शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारियों, वरिष्ठ, अग्रज, अनुज व साथी शिक्षकगणों ने जोरदार व ऐतिहासिक स्वागत किया और बधाइयाँ प्रेषित दीं। प्रोफेसर सुबाश चंद ने कहा कि जो विश्वास संघ ने मेरे ऊपर किया है, उसे मैं तन, मन और धन के साथ आप सबके सहयोग, समर्थन व विश्वास से पूरा करने की कोशिश करूंगा। इस प्रफुल्लित व स्नेहपूर्ण अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनय कुमार रावत, मुख्य नियंता प्रो. के के ओझा, गुएक्टा के पूर्व अध्यक्ष प्रो. के डी तिवारी, महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. समरेंद्र शर्मा व महामंत्री डॉ देवेंद्र यादव, वरिष्ठ प्रोफेसर एम वी शाही, प्रो. पी एन सिंह, प्रो. रजनीश कुमार, प्रो. संजय कुमार, डॉ. सतेंद्र सिंह, प्रो आर पी एम त्रिपाठी, संयुक्त मंत्री डॉ. प्रद्योत सिंह, डॉ संजय बौद्ध, डॉ विजय पाल, डॉ जी सी तिवारी, डॉ दिलीप शर्मा, डॉ प्रदीप द्विवेदी, डॉ सतीश चंद, डॉ. मुकुल लवानिया, डॉ ओमप्रकाश यादव, प्रो. एम आर पी सिंह, प्रतिभा यादव, डॉ धर्मेंद्र यादव व अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन

**● मुख्य अतिथि रहे राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष ज्योति प्रकाश**

स्वतंत्र प्रभात



प्राथमिक विद्यालय चोलापुर प्रथम के प्रांगण में "शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष ज्योति प्रकाश रहे। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका गायत्री देवी ने बताया कि विद्यालय पिछले तीन वर्षों से लगातार निपुण विद्यालय के रूप में स्थापित है विद्यालय की इस उपलब्धि के लिए, उन्होंने शिक्षकों व अभिभावकों के पारस्परिक सहयोग से बच्चों की नियमित उपस्थिति, भयमुक्त वातावरण में गतिविधिपूर्ण शिक्षण तथा खंड शिक्षा अधिकारी चोलापुर नागेंद्र सरोज के प्राप्त निर्देशों व ए0 आर0 पी0 लोगो के सुझाव का अनुपालन को अति महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जिसमें बच्चों ने दहेज एक कुप्रथा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषयों पर लघु नाटक प्रस्तुत करके संदेश दिया। समारोह के मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति प्रकाश ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक व अभिभावकों के सामुहिक प्रयास को महत्वपूर्ण बताया तथा छोटे से प्रांगण में छात्रोनुकूल आकर्षक वातावरण में प्रभावपूर्ण शिक्षण सामाग्री द्वारा शिक्षण के लिए सराहना किया।

इस अवसर पर पूरे वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र मनीष कक्षा 4 बेस्ट स्टूडेंट, खुशबू कक्षा 5 स्टूडेंट ऑफ द ईयर, समीर कक्षा 3 को 100% उपस्थिति के लिए गोल्ड मेडल प्रदान किया गया तथा सभी कक्षाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए सीमा यादव, परवीन बेगम, विमला उत्कृष्ट शिक्षण सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरीफन (अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति) संचालन गुलाब चन्द भारती (सहायक अध्यापक) तथा धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती गायत्री देवी (प्रधानाध्यापिका) द्वारा किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ती विमला, शकीला, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यगण, अभिभावकगण आदि उपस्थित रहें।

# गोरखपुर- सेवा, सुरक्षा और सुशासन के 8 वर्ष पूरे- मुख्यमंत्री योगी ने जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर-** उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति के 8 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में एक भव्य कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और 50 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने दिग्विजय नाथ पार्क में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में न्याय संगत, पारदर्शी और जवाबदेह शासन सुनिश्चित किया गया है, जिससे आमजन का सरकार पर विश्वास बढ़ा है।

**जनकल्याणकारी योजनाओं की झलक-** इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 20 विभागों एवं सूचना विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, स्वरोजगार योजना, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं की झलक प्रस्तुत की गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान कर सरकार समान अवसर और आत्मनिर्भरता की दिशा में काम कर रही है।

**दिव्यांगजनों को मिली सहायता-** कार्यक्रम में 50 दिव्यांगजन को सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिससे वे अपने दैनिक जीवन में अधिक आत्मनिर्भर बन सकें। मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों से संवाद भी किया और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

**प्रदेश के विकास का संकल्प-** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश विकास और सुरक्षा के मामले में देश में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। सरकार की नीति "सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास" पर आधारित है, जिससे प्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, अधिकारीगण और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात



**देवरिया 25 मार्च** उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देवरिया के पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें स्वयं सहायता समूह, आजीविका मिशन, पीएम आवास ग्रामीण, समाज कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग, विद्युत विभाग, पशुपालन, उद्यान, कृषि, जल जीवन मिशन, जिला कारागार, पर्यटन, वन, स्वास्थ्य, पीएम आवास योजना (शहरी), नगरीय विकास अधिकरण, श्रम, बैंक, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, आयुष, बेसिक शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य अतिथि, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने किया। जीआईसी परिसर के न्यू हॉल में विकास कार्यों पर केंद्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की प्रगति का अवलोकन किया तथा विकास कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें जनकल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

विजय बहादुर पाठक ने कहा कि प्रदेश में विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए गए हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनता को लाभ पहुंचाया जा रहा है, जिससे प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि तकनीकी और नवाचार के प्रयोग से नए अवसर सृजित हो रहे हैं, जिससे युवाओं और किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी 'वन ट्रिलियन डॉलर' की अर्थव्यवस्था बनने के पथ पर अग्रसर है। सदर विधायक शलभ मणि,रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने अपने विचार रखे।

**राजकीय आईटीआई में तकनीकी प्रदर्शनी का आयोजन**

उत्तर प्रदेश सरकार के सफल 8 वर्षों के अवसर पर राजकीय आईटीआई, देवरिया में अभ्यर्थियों द्वारा तकनीकी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न ट्रेडों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वायरमैन ट्रेड के छात्रों ने ऑटोमेटिक सोलर सिस्टम, वॉयस सेंसर बल्ब और इलेक्ट्रिक साइकिल जैसे उपकरणों का प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने छात्रों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि नवाचार और तकनीकी कौशल से ही युवाओं के लिए नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं। उन्होंने छात्रों को भविष्य में इसी प्रकार नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित किया।

# विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति की बैठक सम्पन्न

**शाहजहांपुर/** मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति सभापति सुरेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी, हंसराज विश्वकर्मा एवं डॉ0 सुधीर कुमार गुप्ता की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद शाहजहांपुर एवं पीलीभीत के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभापति ने विभागवार समीक्षा करते हुए, सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा अधिकारियों को किसी भी कार्य के लिए दिए गए प्रस्ताव एवं आवेदनों पर की गई कार्यवाही से उन्हें लिखित में अवश्य अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी लोग जनमानस के लिए अच्छे से कार्य करें। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग में यदि बिचौलिए सक्रिय हैं तो उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई करें।

उन्होंने कहा कि दी गई व्यवस्था के तहत अमन चयन शांति बनाए रखें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग प्रस्ताव एवं प्राप्त आवेदनों का रजिस्टर बनाएगा तथा की गई कार्यवाई से अवगत कराएगा। सभापति ने निर्देशित किया कि किसी व्यक्ति द्वारा न्यायालय से स्टे लेने के बाद विपक्षी दबंग द्वारा स्टे का उल्लंघन किया जाता है तो तत्काल उस पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा सभी अधिकारी इस विषय में संवेदनशील होकर गंभीरता से कार्य करें। बैठक में अधिकारियों को समिति द्वारा दिए गए पत्रों के क्रम में सभापति ने निर्देशित किया कि दिए गए पत्रों का समय से जवाब दिया जाए। उन्होंने कहा जो भी त्रुटियां पाई जा रही हैं उसका संबंधित अधिकारी द्वारा निस्तारित कर लखनऊ में समिति को अवगत कराया गया। बैठक में मनरेगा के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभापति ने डीसी मनरेगा को निर्देशित किया कि जॉब कार्डों की जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए जिस व्यक्ति कार्ड बना है वही कार्य करें।

## नगर पंचायत में 45 परियोजनाओं का एक साथ हुआ शिलान्यास



**बस्ती।** योगी आदित्यनाथ सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने की पूर्व संध्या पर आज नगर पंचायत नगर की अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने 45 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।नगर पंचायत कार्यालय परिसर में हुए समारोह में उन्होंने लगभग 13 करोड़ की योजनाओं का शुभारम्भ करते हुए कहा कि नगर को देश का मॉडल नगर पंचायत बनाने की मुहिम जारी रहेगी। उन्होंने सेवा और विकास की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सभी कार्य गुणवत्ता पूर्ण ढंग से तय समयावधि में पूरे किए जाएं। अध्यक्ष ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में उत्तर प्रदेश सरकार के साथ नगर पंचायत नगर भी कदम ताल मिला कर चल रहा है। श्रीमती राना ने बताया कि आदर्श नगर पंचायत योजना, वंदन योजना, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, जलनिकासी योजना तथा आकांक्षी योजना से नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में सड़कें नालियां, स्ट्रीट लाइटें, स्टडी सेंटर सहित राजकोट दुर्गा मंदिर और नगर दुर्गा मंदिर में निर्माण कार्य कराए जाने है। श्रीमती राना ने कहा कि वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में भी शासन से कुछ वित्तीय स्वीकृतियों का प्रयास किया जा रहा है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख राना दिनेश प्रताप सिंह ने अमर बलिदानी राजा उदय प्रताप नारायण सिंह की धरती को सजाने और संवारने में सभी के सहयोग की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि आदर्श नगर पंचायत नगर को चतुर्दिक विकास के मानक पर खरा उतरने के लिए अथक प्रयास करने होंगे। श्री राना ने सभी जन प्रतिनिधियों से एक जुट होकर गरीब परिवारों को योजनाओं का लाभ दिलाने में अपनी ऊर्जा लगाने की अपील किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी श्रृष्टि सिंह, सभासद राजेश पाण्डेय, सत्यराम निषाद, अखिलेश यादव, राज कुमार चौधरी, संजय निषाद, बिंदू लाल, संजय सोनकर, तुलसीराम ,विजय साहनी, राम सजन यादव, संदीप कुमार, यशराज के के, दिनेश चौरसिया, नियाज़ अहमद, देवेश धर द्विवेदी, राकेश पाण्डेय, राम नारायण यादव, पप्पू सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक में मारी टक्कर, दो चचेरे भाईयों की मौत

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर** में मंगलवार की सुबह एक हादसे में बाइक सवार दो चचेरे भाईयों की मौत हो गई। हादसा कालेसर-जंगल कौड़िया फोरलेन बाइपास पर हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टोल प्लाजा के पास उन्होंने सड़क पार करने की कोशिश की तभी सहजनवां की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर (क्र.1ज4442) ने उन्हें कुचल दिया। पुलिस ने ट्रेलर को कब्जे में ले लिया है

कालेसर-जंगल कौड़िया फोरलेन बाइपास पर मंगलवार की सुबह हुई दुर्घटना

टोल प्लाजा के पास सड़क पार करने की कोशिश में ट्रेलर की चपेट में आ गए

**गोरखपुर।** कालेसर-जंगल कौड़िया फोरलेन बाइपास पर मंगलवार की सुबह हुए सड़क हादसे में दो चचेरे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा कुशहरा के पास सुबह करीब 8:30 बजे हुआ, जब तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रेलर को कब्जे में ले लिया है। मृतकों की पहचान रामगढ़ताल के गेहुआ सागर में रहने वाले 19 वर्षीय अरबाज खान और चिलुआताल के भिटनी गांव में रहने वाले 18 वर्षीय साहिल खान (18) पुत्र इलियास खान के रूप में हुई। दोनों मौसेरे भाई थे और सुबह बाइक से सहजनवां जाने के लिए निकले थे। सड़क पार करने की कोशिश में ट्रेलर की चपेट में आए युवक प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टोल प्लाजा के पास उन्होंने सड़क पार करने की कोशिश की, तभी सहजनवां की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर (UP 51 AT4442) ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई, लेकिन दोनों युवकों ने दम तोड़ दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल घटना की सूचना मिलते ही चिलुआताल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रेलर को अपने कब्जे में ले लिया। जेब में मिले कागजात से पहचान कर स्वजन को सूचना दी। स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

**आए दिन होते रहते हैं हादसे-** स्थानीय लोगों का कहना है कि इस इलाके में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है, लेकिन एनएचआई, परिवहन व यातायात पुलिस की ओर से बचाव के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे। एसपी उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## रास्ते में बंद पड़ा रोलर मशीन, आवागमन बाधित



**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत विशुनपुरा में विगत एक माह से सड़क रिपेयर करने के लिए आया रोलर मशीन बीच रास्ते में बंद पड़ा हुआ है जिससे चार पहिया वाहनों का आवागमन बाधित हो रहा है। अगर जल्द रोलर मशीन नही हटाया गया तो किसानों को ट्रैक्टर ट्राली से गेहूं, भूसा घर लाने के लिए काफी दिक्कत झेलनी पड़ सकती है। क्षेत्र के असुरैना चौराहे से गनेशपुर तक पीडब्लूडी द्वारा सड़क का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। सड़क रिपेयर करने के लिए एक माह पहले रोलर मशीन आया था जो विशुनपुरा गांव के बीच मुख्य रास्ते पर बंद पड़ा हुआ है जिससे क्षेत्र के गनेशपुर, सगरहवा, बेलहिया, मनिकापुर आदि गांवों को जाने के लिए लोग चार पहिया वाहन से नहीं जा पा रहे हैं। वहां तक कि गेहूं की फसल पक कर तैयार हो चुका है। किसानों को ट्रैक्टर ट्राली से गेहूं और भूसा घर ले जाने में काफी दिक्कत झेलनी पड़ेगी। क्षेत्र के अमरनाथ यादव, प्रमोद चौधरी, नरेन्द्र चौधरी, सिद्धू गौड़, राजेश यादव, प्रभु नाथ मद्धेशिया, विजय बहादुर चौधरी, रमेश चौधरी, विक्रम गौड़ सहित ग्रामीणों ने बताया कि गांव में एक ही मुख्य रास्ता है जिस पर लोडर मशीन बंद पड़ा हुआ है। सीवान से ट्रैक्टर ट्राली से गेहूं, भूसा आदि लाने के लिए दस से बारह किलोमीटर दूर से होकर आना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बन्द पड़ी रोलर मशीन को सड़क से हटवाने की मांग किया है।

## धर्म की स्थापना तथा पापीयों के नाश के लिए भगवान मानव रुप में अवतरित होते हैं



**● श्रीमद् भागवत कथा में मनाया गया श्री कृष्ण का जन्मोत्सव**

स्वतंत्र प्रभात

**खजनी** तहसील क्षेत्र में स्थित ग्राम वरीवन्दुआरी में मुख्य अजमान विष्णु देव त्रिपाठी सपत्नी के यहां श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान समारोह का आयोजन चल रहा है कथा के पांचवे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कृष्ण जन्म का प्रसंग शुरू होते ही पांडाल में मौजूद श्रद्धालु नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजनों के साथ झूम उठे तथा महिलाओं ने सोहर गान कर कथा मंडप में उपस्थित लोगों का मन मोह लिया कथाव्यास परमश्रद्धेय अखिलेशानन्द महाराज ने कहा की जब जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार कदाचार बढ़ता है और सनातन धर्म के विपरित आचरण कर पृथ्वी पर अहंकार ,दंभ,साधु संतों,मुनि, महात्माओं,को तरह तरह से अपमानित करते हैं, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। मनुष्य इस सांसारिक मोह में फस कर अपने जीवन को व्यर्थ गंवा देता है। मनुष्य अपने मन के कुविचारों को निकाल कर परमेश्वर का ध्यान लगाता है तो उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथा के दौरान फूलों की होली खेली गई और भगवान श्री कृष्ण के जयकारों के साथ भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान कथा पंडाल को भव्य तरीके से सजाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने के लिए पहुंचे शाम को आरती कर प्रसादी वितरित की गई उक्त शुभ अवसर पर दुर्गेश मिश्रा बृजेश त्रिपाठी शैलेश त्रिपाठी पंडित त्रिपाठी गगन त्रिपाठी संतोष त्रिपाठी बद्री प्रसाद त्रिपाठी हौसला त्रिपाठी बबलू त्रिपाठी गोरख राम त्रिपाठी गुलाब शुक्ला तारकेश्वर त्रिपाठी राजेंद्र सेठ मनन राम त्रिपाठी जनार्दन त्रिपाठी संजय वर्मा सहित ग्राम सभा के सभी भक्तमहिला पुरुष बच्चे कथा को श्रवण किया।

# योगी सरकार में प्रदेश का अभूतपूर्व विकास- विजय बहादुर

**● नंबर वन यूपी बना प्रदेश की नई पहचान**

**आठ सालों में देवरिया का हुआ अभूतपूर्व विकास**

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया 25 मार्च** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के आठ वर्ष तथा केंद्र सरकार के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को विकास भवन स्थित गांधी सभागार में प्रेसवार्ता आयोजित हुई। कार्यक्रम में नामित प्रभारी मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद विजय बहादुर पाठक की अध्यक्षता रही। सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति को अपनाया, जिससे प्रदेश की परसेप्शन बदली है। नए भारत का नया उत्तर प्रदेश पूरे देश के समक्ष एक मॉडल राज्य के रूप में उभरा है। वर्तमान में प्रदेश में छह एक्सप्रेसवे संचालित हैं और 11 नए एक्सप्रेसवे पर कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में 16 हवाई अड्डे कार्यरत हैं, जिनमें पांच अंतरराष्ट्रीय स्तर के हैं।

प्रदेश सरकार ने सुधार, प्रदर्शन और रूपांतरण के मंत्र पर आधारित 33 सेक्टरल पॉलिसीज लागू की हैं। सिंगल विंडो सिस्टम निवेश सारथी पोर्टल की शुरुआत से प्रदेश में निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। कानून व्यवस्था सुदृढ़ होने के साथ ही संसाधनों में भी सुधार किया गया है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश इज ऑफ डूइंग बिजनेस में अचीवर स्टेट बनकर उभरा है। प्रदेश को देश का सबसे अच्छा निवेश गंतव्य माना जा रहा है, जहाँ बड़ी संख्या में विदेशी निवेशक निवेश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में सांस्कृतिक पुनरुत्थान का दौर जारी है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर, काशी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, मथुरा, प्रयागराज, नैमिषारण्य सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों का व्यापक विकास किया गया है। इस सकारात्मक बदलाव के पीछे संस्कृति, कनेक्टिविटी और वाणिज्य का समन्वय है। बीते आठ वर्षों में डबल इंजन सरकार की नीतियों से छह करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में सफलता मिली है। 1.86 करोड़ से अधिक परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किया गया है, जबकि 2.86 करोड़ से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ दिया गया है। प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरे देश के लिए एक

# संक्षिप्त ख़बरें

## स्वास्थ्य शिविर में एसडीएम ने बांटी मेडिकल किट

**शाहाबाद/हरदोई।** उत्तर प्रदेश सरकार के सफल आठ वर्ष पूर्ण होने पर शासन के निर्देश पर तहसील में सेवा सुरक्षा और सुशासन के तहत त्रिदिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को किया गया।जिसमे स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग सहित सभी विभागों के स्टाल लगाए गए।स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए शिविर में एसडीएम दीक्षा जोशी ने दस फाइलेरिया के मरीजों को किट, चालिस टीबी के मरीजों को पोषण पोटली और दस पात्रों को आयुष्मान कार्डों का वितरण किया। सीएचसी प्रभारी डा प्रवीण दीक्षित ने बताया स्वास्थ्य शिविर में 180 मरीजों की ब्लड शुगर और बीपी सहित अन्य बीमारियों की निशुल्क जांच की गई।जिले से सीएचसी आई स्वास्थ्य टीम ने एचआईवी जांच कैंप कर लोगों को एड्स से कैसे बचना चाहिए क्या सावधानियां बरतनी चाहिए उसकी पूर्ण जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया।जिले से काउंसलर प्रह्लाद सिंह, अर्चना सिंह,ध्यानेंद्र लैब टेक्नीशियन धर्मेंद्र सिंह,अनामिका,विचार कुमार अमन और पिंकी आदि स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।उसके बाद सीएचसी प्रभारी डा दीक्षित द्वारा नगरपालिका के सभासदों और सुपरवाइजरों के साथ बैठक कर संचारी रोगों से बचे रहने के लिए जानकारी और सावधानियों को अपनाने के लिए जागरूक किया गया।

## बंधन हास्पिटल में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**माधौगंज/हरदोई ।** कटरा बिल्हौर हाईवे मार्ग पर स्थित बंधन हास्पिटल माधोगंज द्वारा कटियार ब्लड बैंक एण्ड कम्पोनेन्ट सेन्टर हरदोई के तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कुल 17 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं में विवेक कुमार, परीक्षित गुप्ता, विकास चन्द्र पटेल, डाक्टर अशोक यादव, मनीष वर्मा, प्रभाष कुमार,अनीश वर्मा, जगदीश,मोहन कश्यप, विशाल,हनी वर्मा, मुकेश सिंह, अर्जित पटेल,शिवम, किशन आदि ने रक्तदान कर पुनीत कार्य किया। डाक्टर तनवीर हुसैन ने बताया रक्तदान करना मानवता की सबसे बड़ी सेवा है, रक्तदान करने से शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता बल्कि रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है और दिल का दौरा पड़ने का खतरा भी कम होता है।रक्तदान शिविर टीम में कटियार ब्लड बैंक एण्ड कम्पोनेन्ट के डाक्टर तनवीर हुसैन, लैब टेक्नीशियन चक्रपाणि वर्मा व अनुज पटेल, मैनेजर अमित अवस्थी व सुधीर शामिल रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बंधन हास्पिटल के संचालक प्रिन्स वर्मा, डाक्टर सुरेन्द्र कुमार, आलोक पटेल आदि मौजूद रहे।

## अल्लीपुर महाविद्यालय के बच्चों को मिले टैबलेट

हरदोई डॉ राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अल्लीपुर हरदोई में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन/ टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि आर.पी.शर्मा व अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने किया। टेबलेट वितरण का कार्यक्रम में परास्नातक (एम.ए.,एम.एस-सी.) कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरण किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री आर.पी.शर्मा ने कहा कि इस महाविद्यालय के द्वारा बच्चों को आनलाइन शिक्षण दिया जा रहा है छात्रों के लिए ई लर्निंग के शिक्षण सिमग्री उपलब्ध करायी जा रही है । टैबलेट की भूमिका अद्वितीय है तकनीकी युग में इससे छात्र विभिन्न विषयों की जानकारी सरलता से प्राप्त कर सकते हैं आप सभी अपने स्मार्टफोन टैबलेट का उपयोग आगे की शिक्षा में कर सकते हैं।

## मथुरा में मादक पदार्थो की बडी खेप पकडी, कीमत तीन करोड

**मथुरा।** मादक पदार्थो की बडी खेप मथुरा में पकडी गई है। पकडे गये मादक पदार्थो की अनुमानित कीमत करीब तीन करोड रूपये हैं। पुलिस ने एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। मंगलवार को एएनटीएफ आगरा की टीम ने मथुरा पुलिस को साथ लेकर संयुक्त कार्यवाही की। संयुक्त टीम ने अंतर्राज्यीय अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक सक्रिय गिरोह के तस्कर मौ. गयास अंसारी पुत्र मरहूम मौ. खलील अंसारी निवासी नरेला दिल्ली, मूल निवासी ग्राम व पोस्ट दौतलपुर थाना जमुई जिला जमुई बिहार उम्र करीब 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से टीम ने एक किलो 62 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन एवं 469 ग्राम स्मैक (अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब तीन करोड रुपये) व एक मोबाइल फोन बरामद किये हैं। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में एसआई विक्रांत तोमर (चौकी प्रभारी कृष्णानगर) द्वारा पुलिस बल व एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट आगरा की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही की गई।

# कुख्यात ऑटो-लिफ्टिंग गिरोह का भंडाफोड़ किया: दो गिरफ्तार, पांच चोरी की बाइक बरामद

स्वतंत्र प्रभात




पूर्वी दिल्ली से ऑटो चोरी सहित सड़क अपराध के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए, गश्ती कर्मचारियों को नियमित रूप से रोको और टोको रणनीति अपनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। नतीजतन, कर्मचारियों ने सड़क अपराधों में शामिल अपराधियों को पकड़ने के लिए विषम घंटों के दौरान भी गहन गश्त करने पर ध्यान केंद्रित किया है। इसके अलावा, नियमित गश्त और यादृच्छिक पिकेट चेक के माध्यम से बीट क्षेत्रों में पुलिस की उपस्थिति बढ़ाई गई है। घटना- -24.03.2025 को, एचसी आसमीन और एचसी राजेश क्षेत्र गश्त ड्यूटी पर थे। जब वे कृष्णा नगर मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि एक बाइक तीन लोगों की सवारी करके उनकी ओर आ रही है। उन्होंने पंजीकरण संख्या क50-ष्ट-9099 वाली उस बाइक को रोका जिस पर 03 व्यक्ति बिना हेलमेट के सवार थे। पुलिस को देखकर पीछे बैठे दो लोग बाइक से कूदकर भाग गए। शक होने पर उन्होंने वाहन सवार को रोका। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक बटन वाला चाकू बरामद हुआ। पत्र पर उसकी पहचान विवेक कुमार उर्फ पव्वा निवासी बाबा मोहन राम कॉलोनी, मुकुंद पुर, दिल्ली उम्र 23 वर्ष के रूप में हुई। मोटर साइकिल पंजीकरण संख्या क50-ष्ट-9099 की जाँच की गई और ई-एफआईआर संख्या 22233/2024, दिनांक 28.07.2024, यू/एस 305(बी) बीएनएस, पीएस जगतपुरी, दिल्ली के अनुसार चोरी की पाई गई। इसके बाद, एचसी विवेक बाना घटनास्थल पर पहुंचे और एफआईआर संख्या 162/25, दिनांक 24.03.2025, यू/एस 25 आर्म्स एक्ट और 317 (2) बीएनएस, पीएस जगतपुरी के तहत मामला दर्ज किया और आरोपी विवेक कुमार उर्फ पव्वा को गिरफ्तार कर लिया गया। निरंतर पूछताछ के दौरान, आरोपी विवेक कुमार उर्फ पव्वा ने खुलासा किया कि उसने कन्हिया और साहिल के साथ मिलकर कई चोरी और मोटर वाहन चोरी की हैं। इसके अलावा, आरोपी विवेक कुमार उर्फ पव्वा को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया और माननीय न्यायालय से 02 दिन का पीसी रिमांड हासिल किया गया। आरोपी धर्मेंद्र उर्फ कनिया निवासी अजीत विहार, बुराड़ी, दिल्ली को आरोपी विवेक कुमार उर्फ पव्वा की निशानदेही पर गिरफ्तार किया गया और कथित साहिल की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। हालांकि, वह फरार है। आरोपी चोरी के वाहनों की नंबर प्लेट बदल देते थे। आरोपियों की निशानदेही पर 04 चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। इसके अलावा, चोरी के वाहनों के रिसीवर और कथित साहिल का पता लगाने के लिए निरंतर पूछताछ जारी है। आरोपियों का प्रोफाइल- - 1. विवेक कुमार उर्फ पव्वा निवासी बाबा मोहन राम कॉलोनी, मुकुंदपुर, दिल्ली उम्र 23 वर्ष (आरोपियों की पिछली संलिप्तता - 9)। 2. धर्मेंद्र उर्फ कनिया निवासी अजीत विहार, बुराड़ी, दिल्ली उम्र 35 वर्ष (आरोपियों की पिछली संलिप्तता - 31)। मुकदमे निपटाए गए- - 1. एफआईआर संख्या 162/25, दिनांक 24.03.2025, धारा 25 आर्म्स एक्ट और 317(2) बीएनएस, पीएस जगतपुरी। 2. ई-एफआईआर संख्या 22233/2024, दिनांक 28.07.2024, धारा 305(बी) बीएनएस, पीएस जगतपुरी। 3. ई-एफआईआर संख्या 7194/25, दिनांक 09.03.2025, धारा 305(बी) बीएनएस, पीएस गांधी नगर। 4. ई-एफआईआर संख्या 4691/2025, दिनांक 15.02.2025, धारा 305(बी) बीएनएस, पीएस बुराड़ी। 5. ई-एफआईआर संख्या 4321/2025, दिनांक 12.02.2025, धारा 305(बी) बीएनएस, पीएस भलस्वा डेयरी। 6. ई-एफआईआर संख्या 1436/2025, दिनांक 15.01.2025, धारा 305(बी) बीएनएस, पीएस जगतपुरी। बरामदगी- - 1. एफआईआर संख्या 162/25, दिनांक 24.03.2025, धारा 25 आर्म्स एक्ट और 317(2) बीएनएस, पीएस जगतपुरी में एक फ्लिक चाकू। 2. हीरो सुपर स्प्लेंडर जो केस ई-एफआईआर संख्या 22233/2024, दिनांक 28.07.2024, धारा 305(बी) बीएनएस, पीएस जगतपुरी में चोरी हो गई थी। 3. होंडा एक्टिवा जो केस ई-एफआईआर संख्या 7194/25, दिनांक 09.03.2025, धारा 305(बी) बीएनएस, पीएस गांधी नगर में चोरी हो गई थी। 4. टीवीएस जुपिटर जो केस ई-एफआईआर संख्या 4691/2025, दिनांक 15.02.2025, यू/एस 305(बी) बीएनएस, पीएस बुराड़ी में चोरी हो गई थी। 5. हीरो स्प्लेंडर प्लस जो केस ई-एफआईआर संख्या 4321/2025, दिनांक 12.02.2025, यू/एस 305(बी) बीएनएस, पीएस भलस्वा डेयरी में चोरी हो गई थी। 6. होंडा शाइन जो केस ई-एफआईआर संख्या 1436/2025, दिनांक 15.01.2025, यू/एस 305(बी) बीएनएस, पीएस जगतपुरी में चोरी हो गई थी। टीम- 1. एएसआई सुभाष 2. एएसआई अभिमन्यु 3. एचसी विवेकबाना (आईओ) 4. एचसी संदीप 5. एचसी राजेश 6. एचसी आसमीन।

# थाना कोटला मुबारकपुर, दक्षिण जिले के पुलिस कर्मियों द्वारा मोबाइल फोन, नकदी और ईयरबड लुटेरे गिरफ्तार




स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली।** दिनांक 25.03.2025 पुलिस थाना कोटला मुबारकपुर, दक्षिण जिले के कर्मचारियों ने कुछ ही घंटों में डकैती का मामला सुलझाकर और एफआईआर संख्या 123/2025 दिनांक 23.03.2025 के तहत धारा 309(4)/3(5) बीएनएस थाना केएम पुर के मामले में 04 सीसीएल को गिरफ्तार करके सराहनीय कार्य किया है। उनकी निशानदेही पर लूटा गया 01 मोबाइल फोन, 1300/- रुपये नकद और 01 ईयरबड बरामद किए गए। घटना के संक्षिप्त तथ्य- दिनांक 23.03.2025 को शिकायतकर्ता निवासी पिलांजी गांव, कोटला मुबारकपुर, दिल्ली, उम्र 20 वर्ष ने थाना के.एम.पुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 22.03.2025 को रात्रि करीब 10:30 बजे जब वह घर जा रहा था और एम्स राउंड अबाउट के पास फ्लाईओवर के नीचे पहुंचा तो अचानक 04 व्यक्ति आए और उसकी जेब से मोबाइल फोन, ईयरबड, नकद ?1200-1300 लूटकर भाग गए। शिकायतकर्ता के बयान पर थाना के.एम.पुर में एफआईआर संख्या 123/2025 दिनांक 23.03.2025 धारा 309(4)/3(5) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। टीम, सूचना और कार्रवाई- मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए, श्री राजेंद्र सिंह, एसीपी/डिफेंस कॉलोनी की समग्र देखरेख में एसएचओ/के.एम.पुर के नेतृत्व में एसआई योगेश कुमार, एएसआई राजेंद्र, एचसी दातार, एचसी संदीप, एचसी मुकेश की एक टीम का गठन किया गया, जो तेजी से कार्रवाई करने के लिए गठित की गई। जांच के दौरान, टीम ने अपराध स्थल के आसपास के इलाकों में लगे कैमरों की सीसीटीवी फुटेज एकत्र की और अपराधियों के बारे में कोई सुराग पाने के लिए संक्षेप में/सावधानीपूर्वक विश्लेषण किया। घटना और कथित व्यक्तियों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए शिकायतकर्ता से पूछताछ की गई। पीड़ित को संदिग्ध की तस्वीरें भी दिखाई गई, ताकि उसकी शारीरिक बनावट, हेयर स्टाइल, शारीरिक बनावट और रंग आदि की पहचान की जा सके। टीम ने तकनीकी स्रोतों के माध्यम से कुछ महत्वपूर्ण और महत्वपूर्ण इनपुट एकत्र किए और महत्वपूर्ण इनपुट को शुद्ध किया और मैन्युअल और तकनीकी निगरानी के माध्यम से कुछ और महत्वपूर्ण इनपुट निकाले। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से टीम 04 कथित व्यक्तियों की तस्वीरें विकसित करने में कामयाब रही। उनकी पहचान करने के लिए उनकी तस्वीरें पुलिस नेट पर प्रसारित की गईं। जेल/जमानत से रिहा हुए अपराधियों की सूची तथा इस प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त बी.सी., नवोदित अपराधियों की डोजियर प्राप्त की गई तथा उनकी जांच की गई। टीम ने मामले के सभी उपलब्ध पहलुओं पर काम किया। स्थानीय स्रोतों की मदद ली गई तथा मानव खुफिया जानकारी एकत्रित की गई। टीम की लगन तथा प्रयासों का परिणाम तब सामने आया जब 04 कथित व्यक्तियों की पहचान सी.सी.एल. के रूप में की गई। निगरानी तथा तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से उन्हें गिरफ्तार किया गया। उनकी निशानदेही पर 01 लूटा हुआ मोबाइल फोन, नकद 1300/- रुपये तथा 01 ईयरबड बरामद किए गए। 04 सी.सी.एल. गिरफ्तार किए गए। बरामदगी- 1. लूटा हुआ मोबाइल फोन, नकद 1300/- रुपये तथा ईयरबड। मामला निपटाया गया- एफआईआर संख्या 123/2025, दिनांक-23.03.2025, धारा-309(4)/3(5) बी.एन.एस., थाना कोटला मुबारकपुर। अच्छे काम में शामिल कर्मचारियों को उचित पुरस्कार दिया जा रहा है।

# असम श्रीभूमि जिले के चेरागी किशोरीपुर में राताबाड़ी उन्नयन संस्था द्वारा सम्मेलन धूमधाम से आयोजित किया गया

स्वतंत्र प्रभात



**असम श्रीभूमि (करीमगंज)।** असम श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधान सभा के अंतर्गत चेरागी के समीप किशोरीपुर में राताबाड़ी नमःशूद्र विकास संगठन की और से उन्नयन संस्था की दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया. 22, मार्च (शनिवार) को पतका का उत्तोलन के माध्यम से दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ किया गया. इसमें बराक घाटी के विभिन्न क्षेत्रों से उक्त समुदाय के सहस्त्रधित लोग के साथ 23 मार्च (रविवार) को गोपीकांत विश्वास के नेतृत्व में आयोजित सभा की शुरुआत में समाज सुधारकों बीआर अंबेडकर, हरिचंद ठाकुर और गुरूचंद ठाकुर के प्रति दीप जलाकर पुष्प निवेदन कर नमन किया सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उद्घाटन संगीत का प्रदर्शन ऊषा रानी विश्वास और सह कलाकारों ने किया। स्वागत भाषण मातिलाल राय ने दिया। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से आए समाजसेवी, शिक्षाविद, वकील और विशिष्ट लोगों को सम्मान सहित गमछा से स्वागत किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीभूमि जिले के असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ कस्टम्स एस बी सुलंकी ने कहा कि हम सभी को एकता बनाए रखने की जरूरत समाज में तब जाकर और भी आगे बढ़ेगा. और विशिष्ट वकील सुरची राय ने अपनी बातों में कहा कि वर्तमान नमःशूद्र समुदाय आर्थिक और शिक्षा के क्षेत्र में बहुत पीछे है। यहां तक कि राजनीतिक दृष्टि से भी पीछे रखा गया है इसलिए सभी को आर्थिक और सामाजिक में नमःशूद्रों संगठन को एकजुट होने की अपील की। इसलिए इस बार पंचायत, राज्य और केंद्र में अनुसूचित समुदाय के उम्मीदवार देने की मांग की गई। सभा में राताबाड़ी उन्नयन संस्था द्वारा मांगों में 10 सूत्री मांगों के साथ शामिल था 1) खास और वन आरक्षित भूमि पर रहने वाले नमःशूद्र समुदाय के लोगों को पट्टा देने की व्यवस्था करना। 2) नमःशूद्र समुदाय के निवास के साथ क्षेत्र में सड़क निर्माण करके संवाद की सुविधा प्रदान की। 3) राजनीतिक और सामाजिक आर्थिक दृष्टि से पिछड़े नमःशूद्र समुदाय को प्राथमिकता आधारित राजनीतिक गतिविधियों में उनका प्रतिनिधित्व करने के अवसर या व्यवस्था देने के लिए सरकारी स्कूल, कॉलेज स्थापित करने की मांग की गई। 4) नमःशूद्र समुदाय के जनसंख्या क्षेत्र में महिलाओं के लिए सरकारी स्कूल, कॉलेज स्थापित करने का दावा किया गया है। 5) श्रीभूमि जिले में नमःशूद्र छात्रों के लिए छात्रावास देने के लिए रामकृष्णनगर क्षेत्र में काला चूप क्षेत्र में होस्टेल की व्यवस्था की जाए। 6) रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र में मथुरा बाजार में सिंगला नदी पर पुल निर्माण और दुर्गापुर तक सड़क निर्माण की व्यवस्था करने की मांग की गई है। 7) अन्य समुदायों को सरकार द्वारा विकास परिषद स्थापित कर सरकारी मान्यता प्राप्त करने के तरीके से, असम में निवास करने वाले सभी नमःशूद्र समाज के सर्वांगीण कल्याण के लिए नमःशूद्र विकास परिषद का गठन कर सरकारी मान्यता प्राप्त की जाए, इस मांग को विधानसभा और राज्य सभा में रखा जाए। 8) आगामी पंचायत चुनाव में नमःशूद्र समुदाय के लोगों को प्रतिनिधित्व देने की अग्रणी भूमिका निभानी होगी। 9) नमःशूद्र जनसंख्या क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा और पीने के पानी की व्यवस्था करने की मांग की गई है। 10) अनुसूचित जातियों के विभिन्न समुदायों जैसे पाठनी, कायवत, रवीदास, शुक्लवेद, मालाकार आदि समुदायों के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए समाज विकास संस्था अग्रणी भूमिका निभाएगी। विभिन्न विभिन्न प्रांतों से उपस्थित होने वाले विशिष्ट जन हैं अध्यक्ष गोपिकांत विश्वास, उपाध्यक्ष नीरेंद्र नमःशूद्र, सामान्य सचिव मतीलाल राय, श्रीभूमि जिले के सलाहकार और समाजसेवी अमरेश राय, समाज चिंतक और अधिवक्ता देवज्योति राय, समाजसेवी शिक्षाविद शीतेंद्र राय, राजकुमार राय, नयनमणि राय, समाजसेवी बाबुल राय और निर्मल राय, चेरागी जीपी एपी सदस्य वीरेंद्र नमःशूद्र, रण प्रसाद राय, प्रताप नमःशूद्र, पुलिंद्र नमःशूद्र, चेरागी महिला समाज और पूर्व एपी सदस्य उषा रानी विश्वास, नीलमणि राय, देवब्रत विश्वास सहित नमःशूद्र समाज के अन्य विशिष्ट व्यक्तित्व हैं। वे नव पीढ़ी के अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करने की अपील करते हैं। इस दिन स्थानीय महिलाएं और बच्चे धूमधाम से धामाइल नृत्य प्रदर्शन किया गया।

# योगी सरकार के 8 साल पूरे... सरकार की गिनाई उपलब्धियां

स्वतंत्र प्रभात

**पिहानी (हरदोई)।** योगी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर यूपी बीजेपी उत्सव मना रही है, जिसकी शुरुआत सोमवार से हो गई है। यह उत्सव 14 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इसके तहत पार्टी कस्बे में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की तमाम उपलब्धियों के साथ जनसंवाद करेगी। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद की पिहानी में सेवा सुरक्षा सुशासन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक श्याम प्रकाश के पुत्र रवि प्रकाश ब्लॉक प्रमुख टड़ियावां व पिहानी ब्लाक प्रमुख कुशी बाजपेई मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह वरिष्ठ लिपिक गोपाल अवस्थी ,अश्विनी बाजपेई ,अरुण अग्निहोत्री, अमित जोशी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रवि प्रकाश ने कहा कि सरकार की %सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति% पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री जारी की।?हमारी डबल इंजन की सरकार में युवाओं, महिलाओं के लिए काम हुआ है। जनता ने 8 सालों में भरपूर समर्थन दिया है। बेटियां, व्यापारी पहले सुरक्षित नहीं थे लेकिन अब सुरक्षा की गारंटी है। रवि प्रकाश ने कहा कि पूर्व की सरकारों में लोगों ने दंगे, आतंक कोदेखा. 8 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य माना जाता था, लेकिन आज वही प्रदेश अर्थ शक्ति के रूप में उभरा है। पहले यूपी को विकास का ब्रेक माना जाता था, पर आज वही यूपी विकास का उदाहरण बनकर उभरा है. उन्होंने कहा कि प्रदेश वही है, जनता वही है, सिस्टम वही है, सिर्फ सरकार बदलने मात्र से बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। ब्लॉक प्रमुख पिहानी कुशी बाजपेई ने कहा कि हममें से ज्यादातर लोग जानते हैं कि 8 साल पहले यूपी की स्थिति और पहचान क्या थी। 8 साल पहले यूपी के इंफ्रास्ट्रक्चर और अर्थव्यवस्था की हालत छिपी नहीं थी। यूपी के सामने पहचान का संकट था, किसान आत्महत्या कर रहे थे, युवा संघर्ष कर रहे थे, बेटियां और व्यापारी असुरक्षित थे और दंगों और ध्वस्त कानून व्यवस्था की वजह से लोग खराब अर्थव्यवस्था को बर्दाश्त कर रहे थे... राज्य और मशीनरी आज भी वही हैं, लेकिन हम देख सकते हैं कि कैसे सरकार बदलने से बड़े बदलाव हो सकते है। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों की ओर से स्टाल भी लगाए गए थे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष आदर्श सिंह व महामंत्री नीरज सिंह ने किया। विधायक पत्रिका धर्मेश मिश्रा भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता सभासद , सभासद प्रतिनिधि अरुण गुप्ता, रामदास कटियार ,कस्तूरबा गांधी विद्यालय के गरिमा वाजपेई, सागर पांडे, पिंटू मिश्रा आज लोग मौजूद रहे।

# अंतराज्यीय बच्चा चोर गिरोह की दो और शातिर महिलाओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात




**हरदोईअतरौली।** थाना क्षेत्र के ग्राम गौरीकला एक वैवाहिक समारोह से 3 वर्षीय बालक के लापता होने के बाद हरदोई पुलिस ने छानबीन में प्रकाश में एक अंतर्राजीय बच्चा चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बच्चे की बरामदगी कर गिरोह के पांच लोगों को जेल भेजने के बाद गिरोह की दो शातिर सक्रिय महिलाओं को गिरफतार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने सीतापुर से 10 फरवरी को चोरी किया गया बच्चा भी बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया है।प्राप्त विवरण में 21 फरवरी को अतरौली थाना क्षेत्र से 3 वर्षीय बालक के लापता होने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा जनपद में अपहृत / गुमशुदा बच्चों/बालकों की सकुशल बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान ÷ऑपरेशन स्माईल÷ के क्रम में गठित पुलिस टीम द्वारा साक्ष्य संकलन व मोबाइल सर्विलांस की मदद से अथक प्रयास किया जा रहा था। अपहृत बच्चे रितिक के संबंध में सर्विलांस के माध्यम से अभय वर्मा व उमाशंकर की संदिग्धता प्रतीत हुई जिसपर इनसे पूछताछ की गयी।आरोपियों द्वारा बताया गया कि जनपद हरदोई थाना क्षेत्र अतरौली व जनपद सीतापुर से 02 बच्चों सहित कुल 03 बच्चों को (एक थाना अटरिया मे शादी समारोह में से आर्यन उम्र करीब 03 वर्ष को 10.02.2025 को व थाना बिसवां से कार्तिक मौर्या उम्र 03 वर्ष को मेले से 27.12.2024 को चोरी किये गये थे) चोरी कर के दिल्ली में रह रही महिला सोनिया को दे देते थे। सोनिया नाम की महिला से भी पूछताछ व जानकारी की गयी तो बताया कि हरदोई वाले बच्चे को तेलंगाना शारदा के माध्यम बेचने हेतु भेजा है। उक्त बताये अनुसार एक टीम 14.03.2025 को तेलंगाना रवाना किया गया था।सोनिया द्वारा चोरी किये गये तीनों बच्चों को जिसमें हरदोई के बच्चे को शारदा के माध्यम से तेलंगाना में अज्ञात व्यक्ति को बेचा गया तथा सीतापुर के 02 बच्चे जिसमें से एक को राजमुंद्री व एक को विजयवाडा में बेचा गया है। पुलिस टीम द्वारा थाना अतरौली जनपद हरदोई पर पंजीकृत मु0अ0सं0 52/25 धारा 137(1) बीएनएस से संबंधित गुमशुदा 03 वर्षीय बच्चे रीतिक को सकुशल बरामद कर 19.03.2025 को तथा 10.02.2025 को थाना अटरिया जनपद सीतापुर क्षेत्रांतर्गत शादी समारोह से चोरी हुए 03 वर्षीय बच्चे आर्यन को सकुशल बरामद कर नियमानुसार परिजनों को सुपुर्द किया जा चुका है। पुलिस टीम द्वारा बच्चे चोरी करने की घटना में संलिप्त गिरोह की सक्रिय मोडावती शारदा पत्नी मोडावती राजू निवासी राज राजेश्वर पेडा, सिंहनगर जनपद विजयवाडा आन्ध्र प्रदेश और सविता ठाकुर पत्नी सोनू ठाकुर निवासी राऊरकेला छेड ढमरा बस्ती जनपद सुन्दरगढ थाना छेड उडीसा (वर्तमान पता सेक्टर 21 थाना डुडेरा के पास जिला गुडगाव राज्य हरियाणा) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ का विवरण- पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि गिरफ्तार अभियुक्तगणों का बच्चा चोरी करने का एक अंतर्राजीय सक्रिय गिरोह है जिसमें कई महिलाएं भी शामिल है।बच्चे चुराने के उपरांत बच्चों के फोटों सोनिया उर्फ सुनीता को भेज दी जाती थी। जिसके आधार पर बच्चों के रंग रुप अनुसार बच्चे की कीमत तय की जाती थी। पूर्व में गिरफ्तार सोनिया उर्फ सुनीता के बताने के अनुसार दोनों अभियुक्तों द्वारा बच्चे को दिल्ली पहुंचा दिया जाता था। अभियुक्ता सोनिया उर्फ सुनीता द्वारा बच्चे को दिल्ली में तैयार कराकर विजयवाडा में मौजूद सविता, शारदा, मुमताज व बिजली को फोटों भेजती थी। गिरफ्तार अभियुक्ता सविता व शारदा पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्ता सोनिया उर्फ सुनीता से रुपये लेकर चोरी किये गये बच्चो को विभिन्न राज्यों में भेजती थी।पुलिस टीम द्वारा बच्चे चोरी करने की घटना में संलिप्त गिरोह के अभय वर्मा उमाशंकर,सोनिया उर्फ सुनीता,पठान मुमताज उर्फ हसीना और बिक्कोल बिजली को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

आवश्यकता है
JOB VACANCY
हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र में काम करने हेतु, इच्छुक एवं अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
खबरों का सच्चा साथी, स्वतंत्र प्रभात
स्वतंत्र प्रभात के ऑनलाइन चैनल को काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
स्वतंत्र प्रभात
खबरों का सच्चा साथी
जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजें
9511151254
आवाज उठाएं जुर्म के खिलाफ
www.swatantraprabhat.com